22 अप्रैल 2025
मंगलवार

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण



शौर्य दिवस पर पटना में होगा दो दिवसीय एयर शो, तैयारी हुई पूरी 2



## 88 साल की उम्र में ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का निधन

**दु :खद**

- फेफड़ों में इन्फेक्शन बहुत बढ़ गया था ब्लड टेस्ट में किडनी के फेल होने के लक्षण सामने आए थे

**एजेंसी/नई दिल्ली**



वेटिकन सिटी से एक बेहद दुखद और ऐतिहासिक खबर सामने आई है। दुनिया भर के कैथोलिक ईसाइयों के धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का आज सुबह 88 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वेटिकन प्रशासन ने बताया कि उन्होंने स्थानीय समयानुसार सुबह 7 बजकर 35 मिनट पर वेटिकन में अंतिम सांस ली। पोप फ्रांसिस पिछले कुछ महीनों से गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे, जिसमें फेफड़ों का संक्रमण, निमोनिया, एनीमिया और किडनी फेलियर शामिल थे। पोप फ्रांसिस को 14 फरवरी को इटली के रोम स्थित जेमेली अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों के मुताबिक उनके फेफड़ों में इन्फेक्शन बहुत बढ़ गया था और ब्लड टेस्ट में किडनी के फेल होने के लक्षण सामने आए थे। हालांकि, इलाज के बाद उन्हें 14 मार्च को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी, लेकिन तबीयत में गिरावट जारी रही। सोमवार की सुबह उन्होंने दुनिया को अलविदा कह दिया। दुनिया भर से राजनीतिक, धार्मिक और सामाजिक हस्तियों ने पोप फ्रांसिस के निधन पर शोक व्यक्त किया है। वेटिकन ने अंतिम संस्कार की तैयारियां शुरू कर दी हैं और अनुमान है कि दुनिया भर से लाखों श्रद्धालु उन्हें अंतिम विदाई देने वेटिकन सिटी पहुंचेंगे। न सिर्फ एक धर्मगुरु, बल्कि एक मार्गदर्शक थे पोप फ्रांसिस, जिनकी आवाज, सोच और सेवा आने वाली कई पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। पोप फ्रांसिस 38 दिन तक अस्पताल में रहे, 23 मार्च को वे जेमेली अस्पताल के बालकनी से 5 सप्ताह बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से दिखे, जहां उन्होंने मुस्कुराते हुए भीड़ का अभिवादन किया। तब जानकारी आई थी कि उनका निमोनिया का इलाज सफल रहा, लेकिन फेफड़ों में फंगल इंफेक्शन के लिए लंबे समय तक दवा लेनी होगी, साथ ही श्वसन और शारीरिक फिजियोथेरेपी भी जारी रखनी होगी।

## अमित शाह को मारने की साजिश, वीडियो लिक से खुला राज

- वारिस पंजाब दे ग्रुप में चैट से हुआ खुलासा रवनीत बिट्टू भी निशाने पर

**एजेंसी/नई दिल्ली**



सोशल मीडिया ग्रुप वारिस पंजाब दे पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू को जान से मारने की धमकी व साजिश रची जा रही थी। वाट्सएप ग्रुप की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। पंजाब में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को जान से मारने की साजिश रची जा रही है।

वहीं केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू भी निशाने पर हैं। इस बात का खुलासा उस समय हुआ जब एक वाट्सएप ग्रुप की चैट सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। इसके बाद पंजाब पुलिस भी हरकत में आई और मामले की जांच शुरू की। मामले की जांच के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला पंजाब के मोगा का है। यहां एक वाट्सएप ग्रुप जिसका नाम वारिस पंजाब दे रखा गया है, ग्रुप की चैट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी, जिसमें केंद्रीय मंत्री रवनीत बिट्टू और गृह मंत्री अमित शाह को जान से मारने की बातचीत की जा रही थी। ग्रुप में यह चैट पंजाबी में हो रही थी। पुलिस के पास जैसे ही यह चैट पहुंची तो मोगा साइबर थाना पुलिस ने इसकी तुरंत जांच शुरू कर दी। जांच के बाद ग्रुप में जुड़े 20 से 25 लोगों पर केस दर्ज कर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में एक मोगा और दूसरा खन्ना का रहने वाला है। हालांकि पुलिस ने अभी तक पकड़े गए आरोपियों के नाम सार्वजनिक नहीं किए हैं। डीआईजी फरीदकोट रेंज अश्वनी कपूर ने बताया कि बीते दिन एक वाट्सएप चैट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी, जिसमें केंद्रीय मंत्री रणनीत बिट्टू और गृह मंत्री अमित शाह को जान से मारने की बातचीत की जा रही थी। इस पर कार्रवाई करते हुए मोगा पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं इस वाट्सएप ग्रुप से जुड़े 20 से 25 लोगों पर यूएपीए एक्ट तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले में गंभीरता से जांच कर रही है। वहीं पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

### राहुल गांधी ने अमेरिका में चुनाव आयोग के बारे में दिया अपना बयान, बढ़ी परेशानी

# विदेशी धरती पर देश का अपमान करना राहुल गांधी की पुरानी आदत : संबित

- ईडी ने अपनी चार्जशीट में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के नाम का उल्लेख किया है
- कांग्रेस पूरे देश में अशांति फैलाती है

**एजेंसी/नई दिल्ली**

अमेरिका के बोस्टन में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बयान और नेशनल हेराल्ड मामले में उनके शामिल होने को लेकर भाजपा हमलावर है। दरअसल, राहुल ने अपनी अमेरिकी यात्रा के दौरान भारतीय चुनाव प्रक्रिया और चुनाव आयोग पर सवाल उठाए। इसे लेकर सांसद संबित पात्रा ने कहा कि विदेशी धरती पर देश का अपमान करना राहुल गांधी की पुरानी आदत है। वे लंबे समय से ऐसा करते आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि ईडी ने अपनी चार्जशीट में राहुल गांधी और सोनिया गांधी के नाम का उल्लेख किया है। वे देश को लूटने के आरोप में जेल भी जा सकते हैं। इस बीच कांग्रेस पार्टी पूरे देश में अशांति का माहौल बना रही है। जो लोग 50,000 रुपये की जमानत पर बाहर हैं, अगर उन्हें लगता है कि वे विदेश जाकर वहां बोलकर इस महान लोकतंत्र की छवि को नष्ट कर सकते हैं, तो वे पूरी तरह गलत हैं।

**जहां भी वे हारते हैं, वहां कहते हैं कि चुनाव आयोग और ईवीएम गलत है :** राहुल गांधी के बयान पर केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने कहा कि राहुल गांधी तय करें कि जब वे झारखंड में जीते थे, तब क्या देश में अलग चुनाव आयोग था। जहां भी वे जीतते हैं, वहां कहते हैं कि ईवीएम ठीक है और जहां भी वे हारते हैं, वहां कहते हैं कि चुनाव आयोग और ईवीएम गलत है।

**भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर निंदनीय हमला :** भाजपा नेता सीआर केसवन ने कहा कि राहुल गांधी, सैम पित्रोदा के साथ नेशनल हेराल्ड मामले में जमानत पर बाहर हैं। दोनों पर आरोप पत्र दाखिल किया गया है और अब वे भारत को बदनाम करने की यात्रा पर निकल पड़े हैं। भारत को गाली देने की यात्रा, एक बार फिर विदेशी जमीन पर। राहुल गांधी ने एक बार फिर भारत की संवैधानिक संस्थाओं पर निंदनीय हमला किया है। उन्होंने भारत के लोकतंत्र को कमजोर करने का असफल प्रयास किया है। राहुल गांधी ने अमेरिका में चुनाव आयोग के बारे में ये बयान दिया है।

**राहुल गांधी ने क्या कहा था :** दरअसल, बोस्टन की ब्राउन यूनिवर्सिटी में राहुल गांधी ने कहा कि हमारे लिए यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और यह बिल्कुल स्पष्ट है कि व्यवस्था में कुछ गड़बड़ है। मैंने यह कई बार कहा है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक मतदान का आंकड़ा दिया और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान किया। ऐसा होना असंभव है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित करें तो इसका मतलब है कि सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की कतारें लगी हुई थीं, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्राफी के लिए कहा तो उन्होंने न केवल मना कर दिया बल्कि उन्होंने कानून भी बदल दिया ताकि अब हम वीडियोग्राफी के लिए न कह सकें।

**भाजपा ने घेरा तो देनी पड़ी सफाई :** राहुल गांधी के बयान पर कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने आप को या निर्वाचन आयोग को सुधारती क्यों नहीं है? राहुल गांधी ने अपने अध्ययन भाषण के दौरान जो कहा है, उसमें तथ्य दिए हैं, लेकिन क्या यह तथ्य अमेरिका में मालूम नहीं है। जब तक इस देश का चुनाव आयोग निष्पक्ष, स्वतंत्र या किसी दबाव से मुक्त नहीं होगा, तब तक लोकतंत्र कैसे जिंदा रहेगा।



### बढ़ सकती है राहुल की परेशानी, नागरिकता पर सख्त हुआ हाई कोर्ट

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की नागरिकता को लेकर दाखिल एक याचिका पर हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने सख्त रुख अपनाया है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को आदेश दिया है कि वह याचिकाकर्ता द्वारा प्रस्तुत प्रत्यावेदन का 10 दिनों के भीतर निस्तारण करे और राहुल गांधी की नागरिकता के संबंध में स्पष्ट रिपोर्ट पेश करे। अगली सुनवाई के लिए 5 मई की तारीख तय की गई है। न्यायमूर्ति ए.आर. मसूदी और न्यायमूर्ति राजीव सिंह की खंडपीठ ने एस. विग्नेश शिशिर द्वारा दाखिल जनहित याचिका पर यह आदेश दिया है। पिछली सुनवाई के दौरान डिप्टी सॉलिसिटर जनरल एस.बी. पांडेय ने कोर्ट को सूचित किया था कि याचिकाकर्ता की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए, संबंधित मंत्रालय ने राहुल गांधी की कथित ब्रिटिश नागरिकता के संबंध में जानकारी प्राप्त करने के लिए ब्रिटेन सरकार को पत्र भेजा है। इसी कारण सरकार को निर्णय लेने के लिए और समय की आवश्यकता है। याचिकाकर्ता का दावा है कि उसके पास ऐसे कई दस्तावेज और ब्रिटिश सरकार के कुछ ईमेल हैं, जिनसे यह सिद्ध होता है कि राहुल गांधी ब्रिटिश नागरिक हैं।

## नक्सलवाद को खत्म करने की हमारी मुहिम निरंतर जारी रहेगी : गृहमंत्री शाह



**केटी न्यूज/पटना**

गृह मंत्री अमित शाह ने झारखंड में आठ नक्सलियों को मारे गिराने की कार्रवाई को लेकर सुरक्षा बलों की सराहना की है। इसी के साथ उन्होंने ये भी कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने की हमारी मुहिम निरंतर जारी रहेगी। केंद्रीय गृह मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है। आज सुरक्षा बलों को नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए चल रहे अभियान में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली। झारखंड के बोकारो में लुगु हिल्स में मुठभेड़ में आठ माओवादियों को ढेर कर दिया गया, जिसमें एक शीर्ष स्तर का नक्सली नेता विवेक, जिस पर एक करोड़ रुपये का इनाम था, और दो अन्य कुख्यात नक्सली शामिल हैं। अभियान जारी है। हमारे सुरक्षा बलों की सराहना करें। झारखंड में सुरक्षा बलों की तरफ से आठ नक्सलियों को मार गिराने के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नक्सलवाद को खत्म करने के लिए उनकी सरकार की प्रतिबद्धता बरकरार है। बता दें कि, झारखंड के बोकारो जिले में सीआरपीएफ और पुलिस के कोबरा कमांडो के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए, जिनमें एक करोड़ रुपये का इनामी नक्सली भी शामिल है।

**हमारे सुरक्षा बलों की सराहना करें- अमित शाह**

केंद्रीय गृह मंत्री ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- 'नक्सलवाद को खत्म करने के लिए हमारा अभियान निरंतर जारी है। आज सुरक्षा बलों को नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ने के लिए चल रहे अभियान में एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली। झारखंड के बोकारो में लुगु हिल्स में मुठभेड़ में आठ माओवादियों को ढेर कर दिया गया, जिसमें एक शीर्ष स्तर का नक्सली नेता विवेक, जिस पर एक करोड़ रुपये का इनाम था, और दो अन्य कुख्यात नक्सली शामिल हैं। अभियान जारी है। हमारे सुरक्षा बलों की सराहना करें। किसी भी कीमत पर नक्सलवाद को रहने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए विशेष टुकड़ी के माध्यम से अभियान जारी रहेगा।

**कई राइफल और बंदूक मौके से की गई जब्त :** सुरक्षा बलों की इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए अधिकारियों ने बताया कि 209 कमांडो बटालियन फॉर रेजोल्यूट एक्शन (कोबरा) के जवानों ने राज्य पुलिस के साथ मिलकर अभियान चलाया, जिसमें आठ नक्सली मारे गए और एक एके सीरीज राइफल, तीन इंसास राइफल, एक सेल्फ लोडिंग राइफल (एसएलआर), आठ देशी बंदूकें और एक पिस्तौल जब्त की गई।

### इन नक्सलियों का हुआ खात्मा

वहीं मारे गए लोगों में उग्रवादी संगठन के केंद्रीय समिति सदस्य प्रयाग मांझी उर्फ विवेक, विशेष क्षेत्र समिति सदस्य अरविंद यादव उर्फ अविनाश, जोनल समिति सदस्य साहेबराम मांझी उर्फ राहुल मांझी, महेश मांझी उर्फ मोटा, तालु, रंजू मांझी, गंगाराम और महेश शामिल हैं।

## पूर्व डीजीपी हत्याकांड: पत्नी अपना कबूला जुर्म, कहा... पहले मिर्ची पाउड़र फेंका फिर चाकू से गोदकर की हत्या

**एजेंसी/नई बेंगलूरू**

कर्नाटक के पूर्व डीजीपी ओमप्रकाश की हत्या से देशभर में सनसनी फैल गई है। रविवार शाम को उनका शव बेंगलुरु स्थित घर में खून से लथपथ हालत में मिला था और बॉडी पर धारदार हथियार से बने घाव के निशान थे। आईपीएस की पत्नी ने हत्या की बात कुबूल करते हुए कहा, मैंने राक्षस को मार डाला। पत्नी के मुताबिक ओमप्रकाश के चेहरे पर पहले पर चिली पाउडर फेंका गया और फिर चाकू से उन्हें मौत के घाट उतार दिया। रिश्तो में दरार का इतना खतरनाक अंजाम भी हो सकता है इसके बारे में किसी ने सोचा तक नहीं था। मूल रूप से बिहार के चंपारण के रहने वाले पूर्व आईपीएस अधिकारी ओमप्रकाश का शव बेंगलूरू के एक पॉश इलाके में स्थित उनके घर पर ही मिला है। कभी जिस शख्स के पास पूरे कर्नाटक की कानून व्यवस्था संभालने का जिम्मा था, उसी लाश अपने ही घर में लहूलुहान हालत में पड़ी मिली। इस हत्या का इल्जाम भी किसी और पर नहीं बल्कि पूर्व डीजीपी ओमप्रकाश की पत्नी पल्लवी पर है, जिनको हिरासत में लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक कत्ल की जो कहानी पल्लवी ने सुनाई वो डरा देने वाली है। वह सीजोफ्रीनिया से पीड़ित बताई जा रही ।

## टीएमसी के दस सांसदों को मिला कोर्ट का नोटिस, किया था प्रदर्शन

**एजेंसी/नई दिल्ली**

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने 2024 में निषेधाज्ञा लागू होने के बावजूद चुनाव आयोग के सामने विरोध प्रदर्शन करने के लिए टीएमसी नेताओं डेरेक ओ ब्रायन, सागरिका घोष और साकेत गोखले को सोमवार को तलब किया। पुलिस ने आरोप लगाया कि पिछले वर्ष 8 अप्रैल को आरोपियों ने भारतीय चुनाव आयोग के मुख्य द्वार के बाहर एकत्र हुए और बिना किसी अपेक्षित अनुमति के तथा दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू होने के बावजूद हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर विरोध प्रदर्शन करने लगे। दिल्ली पुलिस ने आगे आरोप लगाया कि आरोपी व्यक्तियों ने धारा 144 की चेतावनी के बावजूद विरोध प्रदर्शन जारी रखा, जिसके बाद केस दर्ज की गई। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने कहा कि सभी आरोपियों को 30 अप्रैल को आईओ के माध्यम से तलब किया जाएगा।






### यूपी, बिहार, राजस्थान में पारा अभी से पहुंचा 44 डिग्री, आद्रता 63 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना

# सूरज बरपाएगा अब कहर, आईएमडी ने दी हीट वेव की चेतावनी

**एजेंसी/नई दिल्ली**



उत्तर-पश्चिम और मध्य भारत के कुछ हिस्सों में दो बार हुई बारिश के बाद भीषण गर्मी से मिली थोड़ी राहत अब खत्म हो गई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने रविवार (20 अप्रैल, 2025) को अगले पांच दिनों में उत्तर-पश्चिम भारत में दिन के तापमान (अधिकतम) में 2-3 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी और देश के कई हिस्सों में फिर से लू चलने की भविष्यवाणी की है।आईएमडी ने कहा कि 22-24 अप्रैल के दौरान दक्षिण यूपी और एमपी के अलग-अलग इलाकों में लू चलने की संभावना है। 23-24 अप्रैल को राजस्थान और हरियाणा में और 21-23 अप्रैल के दौरान विदर्भ में लू चलने की संभावना है। इन इलाकों के लिए येलो (सावधान रहें) अलर्ट जारी करते हुए आईएमडी ने लोगों, खासकर बुजुर्गों और बच्चों को गर्मी से बचने की सलाह दी है। हालांकि, पूर्वोत्तर में मंगलवार (22 अप्रैल, 2025) से भारी बारिश का एक नया दौर देखने को मिल सकता है, जबकि पूर्वी भारत में अगले चार दिनों में तापमान में 4-6 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी होने की संभावना है। 8 अप्रैल के आसपास गर्मी का प्रकोप चरम पर था, जब पश्चिमी राजस्थान के कुछ हिस्सों में पारा 46 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया था। इसके बाद 9 से 12 अप्रैल तक और पिछले सप्ताह हुई बारिश ने तापमान को कई डिग्री तक नीचे ला दिया। रविवार को महाराष्ट्र का चंद्रपुर 44.6 डिग्री सेल्सियस के साथ भारत का सबसे गर्म स्थान रहा। इस सप्ताह दिल्ली में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की उम्मीद है, लेकिन आने वाले दिनों में तापमान में और वृद्धि हो सकती है। पिछले सप्ताह आसमान में बादल छाए रहने, हल्की बारिश और तेज हवाएं चलने से गर्मी से थोड़ी राहत मिली है, लेकिन आर्द्रता का स्तर बढ़ गया है।आईएमडी ने सोमवार को अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री सेल्सियस रहने के साथ आंधी और बारिश का पूवार्नुमान लगाया है। आंधी, बिजली और धूल भरी आंधी के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहने की उम्मीद है, साथ ही आर्द्रता का स्तर 63 प्रतिशत तक पहुंचने की संभावना है।

## वीर कुंवर सिंह की जयंती पर होगा कार्यक्रम, शो में भाग लेने के लिए सूर्यकिरण की टीम पहुंची

# शौर्य दिवस पर पटना में होगा दो दिवसीय एयर शो, तैयारी हुई पूरी


**केटी न्यूज/पटना**

बिहार सरकार 22 और 23 अप्रैल को वीर कुंवर सिंह की जयंती को शौर्य दिवस के रूप में मना रही है। इस खास मौके पर राजधानी पटना के जेपी गंगा पथ पर पहली बार एयर शो का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय वायुसेना की सूर्यकिरण टीम आसमान में रोमांचक कला बाजियां दिखाएगी। यह नजारा देखने के लिए हजारों की संख्या में लोग पटना के सभ्यता द्वार के सामने जुटेंगे। आयोजन में केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत कई गणमान्य लोगों के शामिल होने की संभावना है। कार्यक्रम से पूर्व सीएम नीतीश कुमार ने पूरी स्थिति का स्वयं जायजा लिया। ताकि किसी तरह की परेशानी नहीं आए। पार्किंग से लेकर वीआईपी व आये लोगों के बैठने के बारे में जानकारी ली। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था के बारे में पुलिस विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर पूरी समीक्षा की।

**एयर शो देखने वालों के लिए पार्किंग की खास व्यवस्था :** इस बड़े आयोजन को देखते हुए प्रशासन ने ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था को लेकर विशेष तैयारियां की हैं। शहर में कहीं भी जाम न लगे, इसके लिए कई स्थानों पर पार्किंग जोन बनाए गए हैं। दानापुर और अशोक राजपथ की ओर से आने वाले लोगों को अपना वाहन जेपी सेतु घाट, दीघा घाट, 88 नंबर घाट और 93 नंबर घाट पर खड़ा करना होगा। वहीं, जो लोग गायघाट की ओर से सभ्यता द्वार की ओर आएंगे, उनके लिए पटना कॉलेज ग्राउंड, साइंस कॉलेज ग्राउंड और कृष्णा घाट पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है।जेपी गोलंबर से आने वालों के लिए गांधी मैदान में वाहन पार्क करने की सुविधा दी गई है।

इस दिन गांधी मैदान के सभी गेट खुले रहेंगे, जिससे पार्किंग में किसी तरह की दिक्कत न हो। इसके अलावा महेंद्र घाट, कलेक्ट्रेट घाट और कदम कुआं घाट पर भी वाहन पार्क किए जा सकेंगे। एलसीटी घाट के अंडरपास से गुजरने वाले वाहनों के लिए जेपी गंगा पथ की एक लेन में अस्थायी पार्किंग की सुविधा रहेगी।

**शहर के रास्तों में रूट डायवर्जन लागू :** एयर शो और बापू सभागार में आयोजित कार्यक्रम के कारण 22 और 23 अप्रैल की सुबह 6 बजे से 11 बजे तक ट्रैफिक में कुछ बदलाव किए गए हैं। एलसीटी घाट का एप्रोच रोड एकतरफा (वन-वे) रहेगा। ताकि लोग आसानी से जेपी गंगा पथ तक पहुंच सकें। बापू सभागार में शामिल होने वालों को जेपी सेतु, अटल पथ और आर ब्लॉक होते हुए गांधी मैदान के गेट नंबर 10 तक जाने की सलाह दी गई है। छोटे वाहनों के लिए बापू सभागार की अंडरग्राउंड पार्किंग भी खोली गई है।



### ट्रैफिक एसपी ने व्यवस्था दुरूस्त के लिए की अपील


ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने कहा कि शौर्य दिवस का यह आयोजन पटना के लिए गर्व का पल है। इसे सुव्यवस्थित यातायात से यादगार बनाएं। प्रशासन की ओर से एयर शो और बापू सभागार में शामिल होने वालों की सुविधा का पूरा ध्यान रखा गया है। इसके लिए ट्रैफिक रूट में बदलाव और पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है। हमारी अपील है कि लोग प्रशासन का सहयोग करें और ट्रैफिक नियमों का पालन करें। ऐसा न करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। आम जनता को परेशानी नहीं हो। इसके लिए पहले ही रूट चार्ट तैयार कर लिया गया है।

**प्रशासन की सख्ती और ट्रैफिक नियमों की अपील :** प्रशासन ने साफ कहा है कि पार्किंग की तय जगहों को छोड़कर यदि कोई वाहन गलत जगह खड़ा पाया गया, तो उस पर कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए शहर में छह स्थानों पर क्रेन की व्यवस्था की गई है, जो गलत तरीके से खड़े वाहनों को हटाएंगे। ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है। यह आयोजन पटना के लिए गर्व का क्षण है और इसे यादगार बनाने में लोगों का सहयोग जरूरी है। सभी के प्रयास से इसे सफल बनाया जा सकता है।

# लालू प्रसाद को एम्स से 19 दिन बाद मिली छुट्टी

**केटी न्यूज/पटना**

राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद को दिल्ली एम्स से छुट्टी मिल गई है। दो अप्रैल को तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें एम्स में भर्ती कराया गया था। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद लालू दिल्ली में अपनी बड़ी बेटी मीसा भारती के आवास पर चले गए हैं। दरअसल, राष्ट्रीय जनता दल के अध्यक्ष लालू प्रसाद की पिछले दिनों अचानक तबीयत बिगड़ गई थी। ऐसी जानकारी आई कि लालू प्रसाद का सुगर लेबल बढ़ गया है। इसके साथ ही साथ यह भी कहा गया ह कि उनके कंधे पर घाव हो गया है और ब्लड प्रेशर भी कम हो गया है।जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें दिल्ली एम्स में भर्ती कराने की सलाह दी थी। डॉक्टरों की सलाह पर लालू प्रसाद को आनन-फानन में दिल्ली एम्स में भर्ती कराया गया था। जानकारी के मुताबिक, लालू प्रसाद अब पूरी तरह से स्वस्थ्य हैं और फिलहाल दिल्ली मे ही रहेंगे। कुछ दिन तक दिल्ली में मीसा भारती के आवास पर रहने के बाद पटना वापस लौट जाएंगे। लालू प्रसाद को अस्पताल से छुट्टी मिलने से पहले आरजोडी के प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह एम्स पहुंचे थे और उनसे मुलाकात की। दोनो नेताओं के बीच लंबे दिनों के बाद यह मुलाकात हुई है।




# प. बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग, वीएचपी ने ममता के खिलाफ नारेबाजी कर निकाला आक्रोश मार्च

**केटी न्यूज/पटना**

पश्चिम बंगाल में हिंदुओं पर हो रहे कथित अत्याचार और पलायन के विरोध में सोमवार को विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले शिवहर नगर में आक्रोश मार्च निकाला गया। यह पैदल मार्च पुरानी सिनेमा हॉल से शुरू होकर रजिस्ट्री चौक, ब्रह्मस्थान चौक, गांधी चौक, राजस्थान चौक, पेट्रोल पंप, खादी भंडार होते हुए मुख्य मार्ग से जीरो माइल चौक तक पहुंचा, जहां यह एक सभा में तब्दील हो गया। इस दौरान राष्ट्रपति शासन लागू होश के नारे भी लगाए गए। विश्व हिंदू परिषद के विभाग मंत्री अशोक उपाध्याय ने कहा कि पश्चिम बंगाल में तत्काल राष्ट्रपति शासन लागू किया जाए। वहां हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार की जांच एनआईए से कराई जाए और दोषियों को सख्त सजा दी जाए। उन्होंने यह भी मांग की कि पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था का संचालन केंद्रीय सुरक्षा बलों के हाथों में दिया जाए और बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर निकाला जाए। वक्ताओं ने कहा




कि मुर्शिदाबाद की हालिया घटना यह दशार्ती है कि वक्फ बिल का विरोध केवल एक बहाना था, असली मकसद मुर्शिदाबाद को हिंदू विहीन बनाना था। उन्होंने दावा किया कि हिंसा में दर्जनों महिलाओं पर अत्याचार किए गए और दो सौ से अधिक घर व दुकानें लूटे व जलाए गए। हालात ऐसे बने कि 500 से अधिक परिवारों को अपने घर छोड़कर पलायन करना पड़ा। वक्ताओं ने कहा कि ममता बनर्जी की सरकार के कारण राष्ट्रीय सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। आक्रोश मार्च में विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भाजपा, भाजपा युवा मोर्चा, महावीर मित्र मंडल सहित अन्य शामिल थे।

## राज्य के दो आईएएस के साथ 11 बीपीएससी अधिकारियों का ट्रांसफर

**पटना।** बिहार सरकार ने एक बार फिर दो आईएएस अधिकारियों के साथ-साथ 11 बीपीएससी अधिकारियों का ट्रांसफरकिया है। बिहार प्रशासनिक सेवा के एक अधिकारी को वीआरएस की भी अनुमति मिली है। सामान्य प्रशासन विभाग ने एक साथ तीन अधिसूचना जारी की है। एक उप विकास आयुक्त के साथ-साथ कई उप समाहर्ता और भूमि सुधार उप समाहर्ता भी बदले गए हैं। स्थानान्तरण किये गये आईएएस अधिकारियों में 2017 बैच के कृष्ण कुमार को पथ निर्माण विभाग का संयुक्त सचिव बनाया गया है। वह अब तक वाणिज्य कर विभाग के संयुक्त सचिव पद पर पदस्थापित थे।




## जहानाबाद में दारोगा ने किया सुसाइड

**जहानाबाद।** जिले के वाणावर थाने में तैनात दारोगा ने सुसाइड कर लिया है। इस घटना से इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान सुपौल निवासी परमेश्वर पासवान के रूप में हुई है। बताया जाता है कि पिछले कई दिनों से वो घरेलू तनाव और कर्ज से परेशान थे। ऐसी आशंका जतायी जा रही है कि इन्हीं कारणों से दारोगा ने इतना बड़ा कदम उठा लिया। मृतक वाणावर पर्यटक थाने में तैनान था। दारोगा परमेश्वर पासवान ने अपने कमरे में लगे पंखे में रस्सी बांधकर फाँसी लगा ली। इस घटना से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। सूचना मिलते ही पुलिस के वरीय पदाधिकारी थाने पर पहुंचे और मामले की जांच के आदेश दिये। फिलहाल पुलिस की टीम घटना के हरेक बिन्दुओं की जांच में जुटी है। आत्महत्या का कारण अभी तक सामने नहीं आ पाया है।

# सितम्बर के पहले सप्ताह में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की तारीखों का हो सकता है ऐलान

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर सभी राजनीतिक दल रणनीति बनाने में जुट गए हैं। जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है पक्ष और विपक्ष के बीच सरकार बनाने की दावेदारी तेज होती जा रही है। इस बीच लोगों के मन में यह सवाल है कि आखिर चुनावी बिगुल कब बजेगा। सूत्रों से मिल रही जानकारी के अनुसार, चुनाव आयोग इस बार भी सितंबर के पहले सप्ताह में चुनाव की तारीखों का एलान कर सकता है। पिछली बार की तरह इस बार भी बिहार की 243 सीटों पर तीन फेज में चुनाव होने की संभावना जताई जा रही है। इसको लेकर चुनाव आयोग ने तैयारी शुरू कर दी है। चुनाव की तारीखों का एलान होने के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाएगी और विकास के काम थम जाएंगे। बिहार चुनाव को लेकर चुनाव आयोग वोटर लिस्ट में डुप्लीकेसी खत्म करने के लिए ऐसे मतदाताओं से संपर्क करेगा जिन्होंने अभी तक आधार नंबर वोटर रजिस्ट्रेशन के लिए नहीं दिया है। बताते चलें कि चुनाव आयोग ने पिछले बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान 25 सितंबर 2020 को किया था। इससे पहले




2015 के विधानसभा चुनाव की तारीख का एलान भी 9 सितंबर को हुआ था। बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर को समाप्त हो रहा है। ऐसे में इस बार भी सितंबर महीने में ही चुनावी बिगुल बजने के प्रबल आसार हैं। पिछली बार कोरोना महामारी के असर के कारण 25 सितंबर 2020 को चुनाव की घोषणा की गयी थी। जबकि, 2015 में विधानसभा चुनाव की घोषणा 9 सितंबर को हुई थी। वर्तमान में राज्य में स्थिति सामान्य है। ऐसे में आयोग तय समय पर चुनाव की घोषणा करने की तैयारी में जुटा है। मालूम हो कि 2020 में बिहार विधानसभा का कार्यकाल 29 नवंबर को समाप्त हो रहा था जबकि वर्तमान विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर तक है। इसलिए भी चुनाव की घोषणा पहले की जा सकती है।

## सीएम नीतीश ने जरुरत के अनुसार रेल और ओवर ब्रिज के निर्माण की घोषणा की थी

# बिहार में बनेंगे सात नए आरओबी, पांच की राशि निर्धारण

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार में प्रगति यात्रा के दौरान सीएम नीतीश कुमार ने कई जगहों पर जरुरत के अनुसार रेल और ओवर ब्रिज के निर्माण की घोषणा की। जिसके आधार पर पथ निर्माण विभाग ने दो माह पहले आरओबी के निर्माण से जुड़ी इन योजनाओं को अपनी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान भी दिया।

इनमें से सात ओवर ब्रिज के निर्माण पर अब काम शुरू होने वाला है। सात में से पांच ओवर ब्रिज के निर्माण में राशि खर्च का भी निर्धारण हो चूका है। इन सात आरओबी परियोजनाओं में से एक प्रमुख आरओबी गोरखपुर रेल डिवीजन में स्थित है। यह आरओबी एनएच 89 पर सीवान यार्ड से पंचरूखी रेलवे स्टेशन के बीच बनाया जाएगा। इसके निर्माण



के लिए कुल 9216.52 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, जिसमें राज्य का योगदान 4608.25 लाख रुपए और रेलवे का अंश 4608.27 लाख रुपए है। इस परियोजना से सीवान और आसपास के क्षेत्रों में रेल और सड़क यातायात की सुविधाओं में महत्वपूर्ण सुधार होगा। सोनपुर और समस्तीपुर रेल मंडल में भी दो-दो आरओबी के निर्माण की योजनाएँ स्वीकृत की गई हैं।

**सोनपुर रेल मंडल में पहला आरओबी :** यह मुजफ्फरपुर-हाजीपुर पथ पर तुर्की से रामदयालुनगर रेलवे स्टेशन के बीच बनाया जाएगा। इस परियोजना की लागत 24800 लाख रुपए है, जिसमें राज्य का योगदान 20399 लाख रुपए और रेलवे का हिस्सा 4400 लाख रुपए है। वहीं, सोनपुर रेल मंडल में दूसरा आरओबी माड़ीपुर-डुमरी पथ पर मुजफ्फरपुर-रामदयालुनगर के बीच बनेगा। इसकी कुल लागत 16788.20 लाख रुपए है, जिसमें राज्यांश 113261.347 लाख रुपए और रेलवे का हिस्सा निर्धारित किया गया है। साथ ही समस्तीपुर रेल मंडल में पहला आरओबी समस्तीपुर एनएच 527 बी पर खजौली रेलवे स्टेशन से जयनगर स्टेशन के बीच बनेगा। इस परियोजना की कुल लागत 17800 लाख रुपए है। समस्तीपुर रेल मंडल में दूसरा आरओबी समस्तीपुर रेल मंडल में एनएच-91 पर बुधमा रेलवे स्टेशन से मुरलीगंज के बीच दूसरा आरओबी बनेगा। इसकी अनुमानित लागत 19245 लाख रुपए है।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की प्रगति यात्रा के दौरान कटिहार रेल मंडल में भी दो जगहों पर आरओबी के निर्माण की घोषणा की गई थी।



# कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा में भीड़ नहीं जुटने पर जिलाध्यक्ष निलंबित

- रविवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष की सभा में खाली रह गई थी सभा, प्रदेश नेतृत्व में तैयारियों को कमजोर व सामंजस्य की कमी मान



**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर में जिस उदेश्य से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष को बुलाया गया था, परिणाम ठीक उसके विपरित आया। कहां तो उम्मीद लगाया गया था कि राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के आने से बिहार व बक्सर में कमजोर हो चुकी कांग्रेस को नई जान मिलेगी और आगामी चुनाव में इसका बड़ा फायदा मिलेगा, लेकिन कांग्रेसी लाख प्रयास के बावजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में भीड़ नहीं जुटा पाए। जिसका खामियाजा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय को भुगतना पड़ा है। कांग्रेस के प्रदेश नेतृत्व ने तत्काल प्रभाव से उन्हें निलंबित कर दिया है। निलंबन का पत्र सदाकत आश्रम से आया है। प्रदेश कांग्रेस के कार्यालय सचिव उमेश प्रसाद सिंह ने उन्हें निलंबन का पत्र जारी किया है साथ ही इससे प्रदेश के वरीय अधिकारियों के अलावे राष्ट्रीय नेतृत्व को भी अवगत कराया है। ुनमें केसी वेणुगोपाल, कृष्णा अल्लावरू, डॉ. शकील अहमद खान और डॉ. मदन मोहन झा शामिल हैं।

बता दें कि बक्सर में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की रैली उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी, और मुट्ठी भर लोग ही उनके कार्यक्रम में पहुंचे थे। दलसागर के खेल मैदान में आयोजित सभा के दौरान हुई अव्यवस्था और भीड़ की कमी से नाखुश बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी जहां तत्काल प्रभाव से जिलाध्यक्ष को निलंबित किया है, वहीं, राजनीति के जानकार इसके दुरगामी परिणामों पर भी चर्चा कर रहे है। बता दें कि बक्सर में सदर व राजपुर की सीट कांग्रेस के खाते में है। इसके अलावे दो अन्य विधानसभा सीटो के अलावे लोकसभा की सीट पर भी ईडी गठबंधन का ही कब्जा है। बावजूद कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन पर भीड़ नहीं जुटना न सिर्फ स्थानीय नेताओं की खींचतान व जनता का भरोसा नहीं जीत पाने के साथ आगामी चुनाव के लिए भी शुभ संकेत नहीं माना जा रहा है। ऐसे में अभी से ही यह कयाश लगाए जा रहे है कि विधानसभा चुनाव तक कांग्रेस में अभी कई अन्य चेहरों पर भी गाज गिर सकती है। कांग्रेस को बक्सर में अपनी साख बचाने के लिए अभी और कड़े फैसले लेने से इंकार नहीं किया जा सकता है। अब देखना है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम के दौरान जो खामियां उभर कर आई है, उसे दूर करने के लिए प्रदेश तथा राष्ट्रीय नेतृत्व द्वारा क्या-क्या कदम उठाए जा रहे है। वहीं, पार्टी सूत्रों की मानें तो खड़गे की सभा में अपेक्षित जनसमूह नहीं पहुंचा, जिससे पार्टी नेतृत्व गहरे असंतोष में है। बक्सर के दोनों कांग्रेस विधायक संगठन को मजबूत करने और जनता को जोड़ने में विफल रहे, जिससे उनकी कार्यशैली पर सवाल खड़े हो गए हैं।

## एक नजर

### @चौसा: कोरम के अभाव में नहीं हो पाई नगर पंचायत में सैरातों की बंदोबस्ती



**चौसा।** पूर्व निर्धारित तिथि के अनुसार सोमवार को चौसा नगर पंचायत के सैरातों की बंदोबस्ती कोरम के अभाव में नहीं हो पाई है। फिलहला इसे स्थगित कर दिया है तथा इसके लिए 24 अप्रैल को अगली तिथि मुकर्रर की गई है। हालांकि, सैरातों की बंदोबस्ती के लिए आयोजित बैठक में कार्यपालक पदाधिकारी, मजिस्ट्रेट, नगर पंचायत अध्यक्ष, सशक्त समिति के सदस्य एवं बोली लगाने वाले लोग उपस्थित थे, फिर भी आवश्यक संख्या में इच्छुक प्रतिभागी न होने के कारण प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। मिली जानकारी के अनुसार, सोमवार को नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत हॉट-बाजार, मछली बाजार तथा छोटे-बड़े भाड़े पर चलने वाले वाहनों की सैरात की बंदोबस्ती होनी थी। इसके लिए पूर्व में सूचना प्रकाशित की गई थी। किंतु केवल एक इच्छुक व्यक्ति के पहुंचने से कोरम पूरा नहीं हो सका और बंदोबस्ती की प्रक्रिया स्थगित कर दी गई। बताया जाता है कि विगत वर्ष बस वाहनों की बंदोबस्ती 30 लाख 30 हजार रुपये तथा हॉट-बाजार की बंदोबस्ती 5 लाख 25 हजार रुपये में की गई थी। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शुभम कुमार ने बताया कि सैरात की बंदोबस्ती प्रक्रिया में कम से कम तीन प्रतिभागियों की उपस्थिति अनिवार्य होती है। इस मौके पर चेयरमैन किरण देवी, सीओ व सशक्त समिति उपस्थित रहे।

### डीजे पर गाना बजाने के विवाद के दौरान संदिग्ध परिस्थिति में किशोर जख्मी

**नावानगर।** बासुदेवा थाना क्षेत्र के अतिमी गांव में रविवार की रात आई एक बारात में डीजे पर गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया। इस विवाद में एक किशोर संदिग्ध परिस्थिति में जख्मी हो गया। जख्मी किशोर रुपेश कुमार का इलाज निजी अस्पताल में कराया गया। इधर ग्रामीणों की मानें तो अतिमी गांव निवासी जागबली यादव की पोती की बारात पिलापुर गांव से आई थी। जिसमें डीजे पर गाना बजाने को लेकर विवाद हो गया था। ग्रामीण सूत्रों का कहना है कि इस विवाद के बीच गोली चलने की आवाज भी आई थी। वहीं, संभवतः बैण्ड बाजा देखने गया किशोर इस दौरान जख्मी हो गया। उसके गर्दन के पास बारूद जैसे किसी पदार्थ से जख्म हो गया है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि बारात में हो रहे आतिशबाजी के दौरान एक पटाखा छिटक किशोर के गर्दन पर जा लगा, जिससे वह जख्मी हो गया। जानकारों का कहना है कि इस घटना के बाद गांव वालों ने बारातियों की जमकर पिटाई भी की। जिसके बाद दूल्हा सहित सभी बाराती भाग खड़े हुए थे। बाद में दोनों पक्ष के बुद्धिजीवियों ने मामले को संभाला तथा सूचना पर पहुंची पुलिस की निगरानी में सोमवार की सुबह पांच बजे विवाह की रश्मों को पूरा कराया गया। हालांकि, पूरे गांव में इस बात की चर्चा हो रही थी कि किशोर के गर्दन के पास छू कर गोली निकल गई है। इस संबंध में बासुदेवा थानाध्यक्ष मधुबाला भारती ने बताया कि पटाखा छोड़ने के दौरान उसी के बारूद से लड़के के गर्दन में हल्की खरोच लगी है। थानाध्यक्ष ने गोलीबारी की घटना से इन्कार करते हुए कहा कि अभी तक इस मामले में कोई आवेदन नहीं मिला है।



## जिला स्तरीय अपराध पीड़ित कल्याण समिति की बैठक में जिलाधिकारी का निर्देश-

# डीआईजी को दें अपराध पीड़ित परिवार के सदस्यों को आर्थिक लाभ देने का प्रस्ताव

- जिलाधिकारी ने कारा प्रबंधन को दिए कई आवश्यक निर्देश



**केटी न्यूज/बक्सर**

जिलाधिकारी-सह-अध्यक्ष जिला स्तरीय अपराध पीड़ित कल्याण समिति अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में महिला मंडल कारा, बक्सर से संबंधित जिला स्तरीय अपराध पीड़ित कल्याण समिति की बैठक समाहरणालय कार्यालय कक्ष में आयोजित किया गया।

बैठक की शुरूआत में पिछली बैठक में दिए गए निदेर्शों के अनुपालन की समीक्षा की गई। इसके बाद कई बिंदुओं पर समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया गया।

समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी को जानकारी मिली कि पिछली बैठक में कुल 12 सजावार महिला बंदियों में से पीड़ित लाभार्थियों के बीच वितरित किए गए राशि में से दो अनुशंसित व चिन्हित पीड़ित परिवार के लाभार्थी की मृत्यु हो गई हैं। प्रोबेशन पदाधिकारी द्वारा पुनः उत्तराधिकार अधिनियम के अनुपालन में पीड़ित के सदस्यों को चिन्हित कराकर प्रस्तुत किया गया, जिसे जिला स्तरीय अपराध पीड़ित समिति द्वारा लाभ की राशि निश्चित करने के लिए पत्र के माध्यम से मूल चेक संबंधित प्रोबेशन पदाधिकारी को भेजा गया।

बैठक के दौरान महिला मंडल कारा की अधीक्षक ने बताया कि बंदी पारिश्रमिक के दर में वृद्धि के बाद राशि की कटौती बंदियों के किये जा रहे श्रम एवं कारा द्वारा दिए गये पारिश्रमिक से विभागीय आदेश के आलोक में चिन्हित पीड़ित परिवार को देने के लिए कारा द्वारा ही कटौती कर ली जाती है, जिसे विपत्र के माध्यम से अपराध पीड़ित कल्याण न्यास, पटना के खाते में ड्रॉफ्ट, आरटीजीएस या सीएफएमएस के माध्यम से न्यास के पे आईडी पर जमा कर दिया जाता है।

बता दें कि जिला स्तरीय अपराध पीड़ित कल्याण समिति के द्वारा बंदी पारिश्रमिक की नियमानुसार कटौती की राशि संबंधित प्रोबेशन पदाधिकारी द्वारा चिन्हित पीड़ित परिवार को उत्तराधिकार अधिनियम के अंतर्गत निश्चित की जाती है। जिसे राज्य स्तरीय अपराध पीड़ित कल्याण न्यास के कोष में कारा द्वारा जमा करा दिया जाता है। मुख्यालय द्वारा उक्त कोष में जमा राशियों का वितरण कारा में संधारित जिला स्तरीय अपराध पीड़ित कल्याण न्यास के समिति के खाते में जमा कर दिया जाता है। अनुशंसित राशि चेक के माध्यम से संबंधित पीड़ित परिवार के चिन्हित सदस्य को वितरण करने के लिए संबंधित प्रोबेशन पदाधिकारी को हस्तगत करा दिया जाता है, जहां से वे प्राप्ति रशीद, उपयोगिता तथा अनुशंसित प्रमाण पत्र कारा को सौंप देते हैं।

जिलाधिकारी ने अधीक्षक महिला मंडल कारा, बक्सर को निर्देश दिया कि जो अपराध पीड़ित परिवार के सदस्य है, उन्हें आर्थिक लाभ देने के संबंध में प्रस्ताव महानिरीक्षक, कारा एवं सुधार सेवाएं, बिहार, पटना को भेजना सुनिश्चित करें। बैठक में अधीक्षक महिला मंडल कारा, जिला अभियोजन पदाधिकारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला लेखा पदाधिकारी, वरीय प्रोबेशन पदाधिकारी व प्रधान प्रोबेशन पदाधिकारी उपस्थित थे।

### 11 महिला बंदियों को मिलेगा योजना का लाभ

बैठक में अधीक्षक महिला मंडल कारा ने कुल 11 सजावार महिला बंदियों के अपराध पीड़ित परिवार के सदस्यों की सूची विचारार्थ बैठक में रखी। पीड़ित परिवार के सदस्यों को संबंधित जिला के प्रोबेशन पदाधिकारी द्वारा चिन्हिती कर उन्हें आर्थिक लाभ देने के लिए प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है। बैठक में अपराध पीड़ित परिवार के सदस्यों को निर्धारित राशि को आर्थिक लाभ के रूप में देने का निर्णय लिया गया। साथ ही निर्णय लिया गया कि चिन्हित किये गये अपराध से पीड़ित परिवार के सदस्यों की संख्या एक से अधिक हो तो उनके बीच बराबर–बराबर राशि का वितरण किया जाय। बताया गया कि पीड़ित परिवार के चिन्हित किये गये सदस्य यदि नाबालिग हो तो उनके सबसे नजदीकी सदस्य की उपस्थिति में आर्थिक लाभ दिया जाएगा। दिन्हितीकरण किये गये अपराध पीड़ित परिवार के सदस्यों को बैंक खाता, आधार कार्ड, वोटर कार्ड एवं प्रतिष्ठित संस्था द्वारा निर्गत पहचान पत्र प्रस्तुत करने पर ही आर्थिक लाभ मिलेगा।

### कार व ई रिक्शा की टक्कर, पांच जख्मी

**बक्सर।** सोमवार को एक कार व ई–रिक्शा की आमने सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में ई–रिक्शा चालक समेत कुल पांच लोग जख्मी हो गए। घटना सोमवार को पुराना भोजपुर संत जोसफ गर्ल्स हाई स्कूल के पास हुई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कार का अगला टायर अचानक फटा गया जिससे वह अनियंत्रित हो सामने से आ रही ई रिक्शा में टक्कर मार दी। घटना के बाद आनन फानन में मौके पर पहुंची पुलिस ने जख्मियों को अस्पताल पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद दो जख्मियों को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार भोजपुर जिले से डुमरांव थाना क्षेत्र के कसियां गांव में रविवार की रात्रि बारात आई थी। कार सवार लोग बारात से लौट रहे थे, लेकिन मिशन स्कूल के पास अचानक टायर ब्लास्ट होने से यह घटना हो गई। दुर्घटना में सिमरी थाना क्षेत्र के बड़कागांव निवासी ई रिक्शा चालक धर्मेन्द्र यादव सहित चार अन्य सवारियां जख्मी हो गई। जख्मी सवारियों में तिलक राय के हाता गांव निवासी राजकुमारी देवी, फुलझरिया देवी, अंकिता सिंह उम्र 9 वर्ष पिता मूंजी यादव और तुलसी देवी पति भृगुनाथ यादव शामिल है। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने सभी जख्मियों को अनुमंडल अस्पताल भिजवाया जहां से उनमें से कुछ को प्राथमिक उपचार के बाद रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों के अनुसार जख्मियों की स्थिति स्थिर है।

## शराब बेचने से मना करने पर तस्कर ने सरपंच के गर्दन पर भिड़ाया हसिया, जान मारने की दी धमकी

- डुमरांव थाना क्षेत्र के बंझू डेरा गांव का मामला
- पीड़ित सरपंच ने पुलिस को दिया आवेदन, जांच में जुटी पुलिस



**केटी न्यूज/डुमरांव**

शराबबंदी वाले बिहार में हर दिन अजीबो गरीब किस्से सुनने को मिल रहे है। कहीं तस्करों की पुलिस से मुठभेड़ की घटना सामने आ रही है तो कही शराब बेचने से मना करने पर ग्रामीणों से मारपीट की जा रही है। इसी कड़ी में अब एक शराब तस्कर ने अपने पंचायत के सरपंच के गर्दन पर हसिया भिड़ा दिया, सरपंच ने जैसे तैसे कर अपनी जान बचाई, लेकिन तस्कर ने उन्हें अगले दिन जान से मार देने की धमकी दे डाला है। जिससे परेशान सरपंच ने पुलिस से गुहार लगाई है। मामला डुमरांव थाना क्षेत्र के नंदन पंचायत अंतर्गत बंझू डेरा गांव है।

मिली जानकारी के अनुसार बंझू डेरा गांव निवासी ददन सिंह नंदन पंचायत के सरपंच है। उन्होंने डुमरांव पुलिस को दिए लिखित आवेदन में इस बात का जिक्र किया है कि उनके गांव का ही पूर्णमासी यादव शराब तस्कर है, उस पर पूर्व से भी शराब तस्करी के मामले दर्ज है तथा उसकी सांट-गाठं असमाजिक तत्वों से भी है। उन्होंने अपने आवेदन में जिक्र किया है कि वह गांव में खुलेआम शराब बेचता है। सोमवार की सुबह करीब आठ बजे मेरे सामने भी शराब बेच रहा था। मैने मना किया तो वह मेरे गर्दन पर हसिया भिड़ा दिया। मैं किसी तरह से बचकर अपनी जान बचाया। इसके बाद उसने मुझे धमकी दिया है कि आज तो तुम बच गए, अगले दिन मैं तुम्हे जान से मार दूंगा। तस्कर से इस धमकी से सरपंच काफी डरा सहमा हुआ है। वहीं, उसने बताया कि उसकी हरकतों से ग्रामीणों में भी असंतोष व भय का माहौल कायम है। गौरतलब हो कि बंझू डेरा गांव का शराब निर्माण व तस्करी का पुराना इतिहास रहा है। इस गांव में कई बार शराब निर्माण व तस्करी का उद्भेदन हो चुका है।

इस संबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष संजीत कुमार शर्मा ने बताया कि सरपंच का आवेदन मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोप सही साबित होने पर आरोपित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### किसान कल्याण संवाद में शामिल होंगे कृषि मंत्री

**बक्सर।** 22 अप्रैल को बक्सर में उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किसान कल्याण संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह संवाद कार्यक्रम राज्य सरकार द्वारा किसानों की भागीदारी बढ़ाने, उन्हें कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी देने और उनकी समस्याओं को समझकर समाधान निकालने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। वहीं, कृषक युवा कल्याण सम्मान के तहत जिले के उन युवा किसानों को सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने कृषि में नवाचार, जैविक खेती, बागवानी, फूलों की खेती, या तकनीकी उन्नयन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य किया है। यह सम्मान उन्हें प्रोत्साहित करेगा और अन्य किसानों को भी प्रेरणा देगा। साथ ही जिला कृषि टास्क फोर्स की बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें कृषि विभाग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।






## उच्च माध्यमिक विद्यालय गिरिधर बरांव में सम्मानित समारोह का आयोजन, बोले

# शिक्षा के प्रतिद्वंदिता में सरकारी विद्यालय आगे

- 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में अव्वल रहे छात्रों को बीईओ ने किया सम्मानित



**केटी न्यूज/नावानगर**

स्थानीय प्रखंड के उच्च माध्यमिक विद्यालय गिरिधर बरांव में सोमवार को सम्मानित समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में परचम लहराने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधन द्वारा प्रधानाध्यापक शिवचंद सिंह ने की। जिसका उद्घाटन बीईओ सुरेश प्रसाद एवं सोनवर्षा थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष भगवान प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद बीईओ ने 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में अव्वल आए छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया।

अपने संबोधन में बीईओ ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में सरकारी विद्यालय भी निजी विद्यालयों से प्रतिद्वंदिता में आगे है। सरकारी विद्यालय के छात्र पूरे राज्य में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रहे है। उन्होंने कहा कि 10 वीं बोर्ड में बिहार प्रदेश में 9वी रैंक हासिल करने वाली इस विद्यालय की छात्रा रौशनी यादव ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा परिस्थितियों की मोहताज नहीं होती है। बीईओ ने कहा कि रौशनी की सफलता पूरे प्रखंड के छात्रों को प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के प्रयास से ही इस बार छात्राओं का रिजल्ट बेहतर आया है।

इधर रौशनी ने अपनी सफलता के पीछे मेहनत, अभिभावक एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा समय-समय पर विद्यालय प्रबंधन के सहयोग की सराहना की। वहीं 12वीं की परीक्षा में परचम लहराने वाली छात्रा शब्बा खातून ने अपनी सफलता का मूलमंत्र विद्यालय के छात्रों के साथ शेयर किया। बाद में पूरे पंचायत में प्रथम श्रेणी से पास हुए छात्र-छात्राओं को घड़ी, डायरी, पेन व मेडल से बीएओ ने पुरस्कृत किया। पुरस्कार वितरण में विद्यालय प्रबंधन का समुचित योगदान रहा। मौके पर बीडीसी जितेंद्र कुमार, उप मुखिया पुनवासी सिंह, पूर्व मुखिया अख्तार हुसैन, धर्मेंद्र कुमार, वंदना कुमारी, शिवजी प्रसाद, राजू कुमार, सोनी कुमारी, आलोक कुमार चतुर्वेदी, संजीव कुमार, कृष्णानंद यादव, धीरज कुमार पांडेय, संतोष कुमार यादव समेत अन्य शिक्षक शिक्षिका मौजूद थे। समारोह का संचालन शिक्षक गीतांजलि राजेश मिश्र एवं मोहम्मद अख्तर अंसारी ने किया।




# सुमित्रा महिला कॉलेज में प्राणी विज्ञान की छात्राओं को दी गयी विदाई, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

♦ फेयरवेल में प्राध्यापकों ने छात्राओं को दी उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं

**केटी न्यूज/डुमरांव**



सुमित्रा महिला कॉलेज में सोमवार को प्राणी विज्ञान विभाग की सत्र 2022-25 की छात्राओं को समारोह पूर्वक विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता प्राणी विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. शंभूनाथ शिवेंद्र ने की। जबकि इसका संचालन प्रो. डॉ. सुभाष चंद्रशेखर ने किया। विदाई समारोह न केवल एक सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया गया बल्कि यादों और भावनाओं से भरपूर एक विशेष अवसर के रूप में यादगार बनाने का प्रयास किया गया। इस दौरान सीनियर छात्राओं ने मंच पर शानदार प्रस्तुतिया दीं। जिसमें नृत्य, गीत-संगीत और भाषण प्रमुख था। कई छात्राओं ने मंच से अपने तीन वर्षों की यादों को साझा की। जिससे पूरा माहौल में भावनात्मक लहर दौड़ गयी।

**हमें विश्वास है कि आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेंगी:** कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ. शोभा सिंह ने कहा कि छात्राएं अपना लक्ष्य का निर्धारण करके आगे एकाग्रता से आगे बढ़ें, तो ऐसी कोई मंजिल नहीं है, जो प्राप्त नहीं हो सकती है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि हमें विश्वास है कि आप अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेंगी और अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करेंगी। आप सभी के पास बहुत सारे अवसर हैं और हमें विश्वास है कि आप उन्हें सही तरीके से उपयोग करेंगी। उन्होंने स्नातक की पढ़ाई पूरी करने वाली छात्राओं के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी और कहा कि आप जहां भी जाएं अपने जीवन में खूब तरक्की करें तथा अपनी मेधा, कौशल, लगन व परिश्रम से अपने परिवार तथा सुमित्रा महिला कॉलेज का नाम रौशन करें। प्राचार्या ने कहा कि कॉलेज प्रबंधन का प्रयास रहता है कि छात्राओं को बेहतर शिक्षा और अनुशासन दी जाए। इस दौरान उन्होंने छात्राओं को आज की कठिन प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर करने के लिए कठिन परिश्रम करने की सलाह दी और कहा कि जबतक सफलता नहीं मिले, रूकना नहीं चाहिए।

**हमें गर्व है कि आप हमारे विभाग की छात्राएं रहीः** वहीं विभागाध्यक्ष प्रो. शंभूनाथ शिवेंद्र ने कहा कि आप सभी ने अपने विभाग में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और हमें गर्व है कि आप हमारे विभाग की छात्राएं रही हैं। आपके साथ बिताए गए समय को हम कभी नहीं भूल पाएंगे। जीवन में आगे बढ़ने के लिए बहुत सारी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन हमें विश्वास है कि आप उन सभी चुनौतियों का सामना करने में सक्षम हैं। आप सभी ने अपने अध्ययन के दौरान बहुत कुछ सीखा है और हमें विश्वास है कि आप उस ज्ञान का उपयोग करके अपने लक्ष्यों को प्राप्त करेंगी।

वहीं, छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर शिक्षकों का मन मोह लिया। इस दौरान उन्होंने अपनी सहपाठियों से गले मिलकर एक दूसरे को विदाई दी। कार्यक्रम के अंतिम चरण में सभी की आंखें नम हो गईं। मौके पर डॉ. सुनील कुमार सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. किरण सिंह, डॉ. अर्चना, प्रोफेसर सुरेश चंद्र त्रिपाठी, छात्रा चंचल कुमारी, ज्योति कुमारी, खुशी, श्वेता, प्रियांशी, काजल सहित अन्य मौजूद थे।

## भू-समाधान पोर्टल पर एंट्री नहीं करने के मामले में जिलाधिकारी ने जताई नाराजगी

# राजपुर व मुफस्सिल थानेदार को शो-कॉज जारी

♦ थानों से समन्वय बना नीलाम पत्र वाद में वारंट व कुर्की जब्ती की कार्रवाई का निर्देश

**केटी न्यूज/बक्सर**




डीएम अंशुल अग्रवाल की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति, विद्यालय परिवहन समिति, मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना की बैठक, भू-विवाद, मद्य निषेध, खनन टास्क फोर्स, लोक सेवाओं का अधिकार, लोक शिकायत निवारण अधिकार के तहत कार्य प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान भू-समाधान पोर्टल पर आवेदन की प्रविष्टि एवं निष्पादन की थानावार समीक्षा के क्रम में पाया गया कि बक्सर सदर अनुमंडल अंतर्गत मुफ्फसिल थाना, राजपुर थाना, नगर थाना बक्सर एवं अनुमंडल डुमरांव अंतर्गत कृष्णाब्रह्म थाना, बगेन गोला थाना, मुरार थाना की प्रगति असंतोषजनक है। जिलाधिकारी ने संबंधित थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया कि आवेदनों की प्रविष्टि करते हुए शत प्रतिशत निष्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे। भू-समाधान पोर्टल पर एंट्री नहीं करने के कारण जिला पदाधिकारी द्वारा थानाध्यक्ष मुफस्सिल थाना एवं राजपुर थाना से स्पष्टीकरण करने का निर्देश दिया गया।

सभी सीओ एवं थानाध्यक्ष को निर्देश दिया गया कि आपसी समन्वय स्थापित करते हुए समाधान पोर्टल पर प्रविष्टि कर भूमि विवाद के मामलों का निष्पादन करेंगे। साथ ही प्रत्येक शनिवार को अनिवार्य रूप से जनता दरबार का आयोजन करेंगे तथा इस जनता दरबार में भूमि विवाद से संबंधित अधिक से अधिक मामलों का निपटरा करने का प्रयास करेंगे।

**विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित सीओ व थानाध्यक्ष पर करें कार्रवाईः** जिलाधिकारी ने बैठक में बताया कि भू-समाधान पोर्टल के माध्यम से भूमि विवाद का निराकरण कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित कोई भी विधि-व्यवस्था की समस्या उत्पन्न होने पर संबंधित अंचलाधिकारी एवं संबंधित थानाध्यक्ष पर कठोर अनुशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बक्सर एवं डुमरांव को प्रत्येक सप्ताह में एक दिन एक थाने में उपस्थित रहकर भूमि विवाद का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

**थानों से समन्वय कर नीलाम पत्र वाद का निपटारा करें अधिकारी :** बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने सभी नीलाम पत्र पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि संबंधित थानाध्यक्ष से समन्वय स्थापित करते हुए नीलाम पत्र वादों में कुर्की जब्ती व वारंट जारी करने तथा उसका निपटरा कराने की कारवाई सुनिश्चित कराएंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि राजस्व वसूली में पिछड़ने वाले नीलाम पत्रवाद पदाधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**हिट एंड रन के सभी पीड़ित परिवार को दे मुआवजा :** वहीं, हिट एंड रन की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने जिला परिवहन पदाधिकारी को निर्देश दिया कि हिट एंड रन मुआवजा योजना में शत प्रतिशत आवेदन को जीआईसी भेजने की कारवाई करेंगे तथा नन हिट एंड रन मुआवजा योजना में आवेदकों से संपर्क कर उन्हें न्यायाधिकरण में भेजने, ऑनलाइन आवेदन कराने में सहायता प्रदान करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसा प्रयास करना है कि हिट एंड रन के सभी योग्य पीड़ित परिवार को मुआवजा की राशि मिल सकें।

मद्य निषेध के कार्यों की समीक्षा के क्रम में अधीक्षक मद्य निषेध बक्सर को शराब जब्ती के लिए गहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। वहीं, लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के तहत सेवा प्रदायगी की समीक्षा के क्रम में सभी अंचलाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि नियमित रूप से अनुश्रवण करते हुए ससमय आवेदनों को निष्पादन कराना सुनिश्चित करेंगे। साथ ही लोक सेवा केंद्र पर ऑफलाइन आवेदन भी प्राप्त कर उसका ससमय निष्पादन करेंगे।

वहीं, सदर एवं डुमरांव एसडीएम व एसडीपीओ को आगामी मुंडन, तनाव इत्यादि अवसर पर ट्रैफिक व्यवस्था, विधि व्यवस्था संधारण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही, उन्होंने निर्देश दिया कि असमाजिक तत्वों के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 126 के तहत निरोधात्मक एवं बंध पत्र की कारवाई करें।

### डीएम ने वाहन जांच नहीं करने पर जताई नाराजगी

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के क्रम में कार्यपालक अभियंता पथ प्रमंडल एवं कार्यपालक अभियंता ग्रामीण कार्य विभाग को बक्सर एवं डुमरांव को निर्देश दिया गया कि अनुरक्षण अवधि वाले पथों की सूची उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। वाहन चेकिंग अभियान की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी को यह जानकारी मिली कि मार्च महीने में हेलमेट जांच अभियान में जिले के आद्यौगिक थाना, नगर थाना, बक्सर, डुमरांव थाना, कृष्णाब्रह्म थाना, ब्रह्मपुर थाना, नया भोजपुर थाना, नैनीजोर थाना, तिलक राय का हाता थाना द्वारा शमन की गई राशि शून्य है। जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई तथा राजस्व वसूली में तेजी लाने का निर्देश दिया।

## एक नजर

### बच्चियों को बचाने में हादसे का शिकार हुए शिक्षक, पैर की तीन उंगलियों की हड्डियां टूटीं



**केसठ।** सोमवार को केसठ में विद्यालय जाते समय एक शिक्षक ने मासूम बच्चियों को बचाने के लिए खुद की जान जोखिम में डाल दी। इस दौरान हुई दुर्घटना में वे गंभीर रूप से घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार प्राथमिक विद्यालय जमुआ टोला के प्रधानाध्यापक अजय कुमार विक्रांत रोज की तरह सोमवार को विद्यालय जा रहे थे। जैसे ही वे मध्य विद्यालय केसठ के पास पहुंचे, तभी कुछ छोटी बच्चियां सड़क पार कर रही थीं। अचानक सामने आई इन बच्चियों को देखकर उन्होंने बिना देर किए बाइक को मोड़ दिया ताकि बच्चियों को कोई नुकसान न पहुंचे। इस दौरान उनकी बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और वे जोर से जमीन पर गिर पड़े। हादसे में उनके बाय पैर की तीन उंगलियों की हड्डियां बुरी तरह से टूट गईं। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत उन्हें नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने शिक्षक अजय कुमार विक्रांत की जमकर सराहना की। लोगों ने कहा कि शिक्षक ने जिस बहादुरी और मानवता का परिचय दिया, वह समाज के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। अगर उन्होंने तत्परता नहीं दिखाई होती, तो मासूम बच्चियों को बड़ा नुकसान हो सकता था। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी घटना की जानकारी ली और शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

## सरेंजा में शुरू हुआ वेलनेस सेंटर ग्रामीणों को मिलेगी स्वास्थ्य सुविधाएं

**केटी न्यूज/चौसा**

प्रखंड के सरेंजा प्रचायत के स्थानीय गांव में स्थित अतरिक्त स्वास्थ्य केंद्र में ग्रामीण स्वास्थ्य सेवा को मजबूती देने के लिए चौसा में निर्माण हो रहे 1320 मेगावाट बिजली संयंत्र परियोजना के सहायक निर्माण कम्पनी एलएनटी द्वारा सीएसआर फंड के तहत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का निर्माण कराया गया। सोमवार को चौसा सीएचसी के चिकित्सक डॉ. मणिपाल व एलएंडटी अधिकारियों ने संयुक्त रूप से नारियल फोड़ने के साथ फीता काटकर उद्घाटन किया गया।

सेंटर के उद्घाटन के मौके मुख्य अतिथि डॉ. मणिपाल ने कहा कि यह केंद्र न सिर्फ बीमारियों के इलाज का माध्यम बनेगा, बल्कि स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता भी बढ़ाएगा। एलएनटी की यह पहल ग्रामीणों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी। एलएंडटी ने तीन कमरों वाले इस आधुनिक स्वास्थ्य केंद्र की सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर इस क्षेत्र के लोगों के लिए बड़ी राहत प्रदान की है। साथ ही स्वास्थ्य केंद्र के शुरू होने से सरेंजा समेत आसपास के गांवों के लोगों को अब प्राथमिक इलाज के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। यहां टीकाकरण, प्रसव पूर्व जांच, दवा वितरण, स्वास्थ्य परामर्श और अन्य जरूरी चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

जबकि, एलएनटी कंपनी के अधिकारियों ने भी ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाएं बढ़ाने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

वहीं, दूसरी ओर उद्घाटन समारोह में पहुंचे गांव के सैकड़ों लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। ग्रामीणों ने कहा कि पहले सामान्य बीमारी के इलाज के लिए भी दूर जाना पड़ता था, अब गांव में ही सुविधा मिलने से बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में एलएनटी और स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर बीसीएम मंजू, डॉ. जैहबी फैज, नितिन राय, संजीत रजक, अजीत सिंह, एएनएम रेखा व ऊषा के अलावा बहुत सारे ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कूड़े का उठाव कर डमिंपग जोन में फेंकने का एनजीओ ने किया प्रबंध

♦ नप के आदेश के बाद किराया पर लिया कूड़ा डंप करने का स्थल

**केटी न्यूज/डुमरांव**




शहर से कूड़े का उठाव कर फिर उसे नगर के चारोतरफ फेंके जाने को लेकर काफी बदनामी हो रही थी। नप चेयरमैन सुनीता गुपता व उप चेयरमैन विकाश ठाकुर ने बहाल नये एनजीओ को डम्पिंग जोन शहर से बाहर बनाने का आदेश दिया था। उसी को लेकर बहाल एनजीओ द्वारा काफी मशक्कत के बाद स्थल का चयन किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए बताया गया कि एनजीओ द्वारा शहर से बाहर डम्पिंग जोन को किराया पर ले लिया गया है।

मालूम हो कि पूर्व के एनजीओ द्वारा शहर से कूड़े का उठाव कर उसे नहर किनारे चाट में, काव नदी में, मां डुमरेजिन मंदिर रोड में, मां काली मंदिर रोड में जंगल बाजार रोड के खिरिया ब्रह्मबाबा के पास सहित अन्य रास्तों में कूड़ा डम्प कर दिया गया था। इसको लेकर नप को नगरवासियों खरी-खोटी तो सुननी ही पड़ती थी, अखबारों की सुर्खियां भी बनी हुई थी। इस बदनामी को देखते हुए नप ने एनजीओ को शहर के कूड़ा को उठाकर शहर से बाहर जगह चिन्हित करते हुए या किराया पर लेकर कूड़ा फेंकने का आदेश दिया था। एनजीओ ने शहर से बाहर कूड़ा फेंकने के लिये किराया पर स्थल ले लिया है। अब शहर के चारो तरफ कूड़े का अंबार नजर नहीं आएगा। हालांकि कूड़ा डम्प करने का स्थल कहां पर चयन किया गया है, इसका खुलासा नहीं एनजीओ ने किया और नहीं नप ने। हालांकि शहर से बाहर इसकी व्यवस्था हो जाने से नगरवासियों में खुशी व्याप्त है।

## शराब की खेप बरामद

**ब्रह्मपुर।** जिले के नैनीजोर थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए स्थानीय गांव के प्लस टू स्कूल के पास से 35 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया है। हालांकि शराब तस्कर पुलिस को चकमा दे भागने में सफल रहा।

थानाध्यक्ष मो. फिरोज आलम ने बताया कि पुलिस वहान जांच अभियान चला रही थी। जिसे देख शराब तस्कर कुछ दूर पहले ही प्लास्टिक के बोरे में शराब की खेप को फेंक भाग निकला। उन्होंने कहा कि उसके शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

## पुराना भोजपुर में लगा हाई मास्ट लाइट, पूरी हुई मांग

**केटी न्यूज/डुमरांव**



नगर परिषद डुमरांव के विस्तारित क्षेत्र पुराना भोजपुर के बाजार में हाई मास्क लाइट लगा दिया गया है। इसको लेकर सोमवार को पुराना भोजपुर में हाई मास्ट लाइट के स्थापित करने के बाद उसका संचालन शुरू कर दिया गया है। कार्य शुरू होने से लोगों में काफी उत्साह देखा गया। लोगों का कहना है कि लाइट लग जाने से बाजार क्षेत्र में रात्रिकालीन समय में रोशनी की व्यवस्था सुधर जाएगी। लोगों को रात्रि में अंधेरे से निजात मिलेगी।

मास्ट लाइट के शुभारंभ पर स्थानीय लोगों ने नप के चेयरमैन सुनीता गुप्ता, उप चेयरमैन विकास ठाकुर व ईओ मनीष कुमार के प्रति अभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि लंबे समय से इस क्षेत्र में प्रकाश की उचित व्यवस्था नहीं थी, जिससे रात के समय आवागमन में परेशानी होती थी। लेकिन अब हाई मास्क लाइट की व्यवस्था से वातावरण पूरी तरह रोशन हो गया है। मुख्य पार्षद सुनीता गुप्ता ने इस अवसर पर कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास उनकी प्राथमिकता है। शहर में विकास की रोशनी फैले इसकी जिम्मेदारी हमारी है। अन्य वार्डों में भी जल्द ही हाई मास्क लाइट लगवाई जाएंगी, ताकि पूरे नगर परिषद क्षेत्र में समान रूप से विकास दिखाई दे सके।




### महिला संवाद में महिलाओं ने समस्याओं की लगाई झड़ी, खोली योजनाओं की पोल

# अरियांव में बोली महिलाएं... आवास के लिए 10 से 20 हजार व सर्वे के लिए लिया जा रहा दो हजार

**केटी न्यूज/डुमरांव**



डुमरांव के अरियांव बाजार स्थित कन्या मध्य विद्यालय के प्रांगण में विकास जीविका महिला ग्राम संगठन द्वारा महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सुधांशु कुमार द्वारा किया गया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि महिला संवाद का कार्यक्रम सरकार और ग्रामीण महिलाओं के बीच सीधा संवाद का एक बेहतर मंच है। महिलाओं के विकास के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही समस्त योजनाओं की जानकारी देने के लिए सरकार द्वारा ग्राम संगठनों के पास एलईडी टीवी लगा वैन भेज रही है और फिल्म के माध्यम से आप लोगों तक हरेक योजना की जानकारी पहुंचाई जा रही है। आप सभी इस फिल्म को ध्यान से देखें, समझें और योजना का लाभ उठाएं।

उद्घाटन भाषण के बाद फिल्म दिखाई गई। वहीं फिल्म समापन के उपरांत प्रखंड परियोजना प्रबंधक अखिलेश कुमार ने उपस्थित महिलाओं से कहा कोई भी व्यक्ति यदि इन योजनाओं का लाभ अथवा इसे और बेहतर बनाने के लिए अपना सुझाव या अपनी आकांक्षाएं बिहार सरकार तक पहुंचाना चाहती है तो एक-एक कर आएं और माइक पर आकर अपनी बात कहें।

इस दौरान वार्ड नंबर 12 की देवी कुमारी, वार्ड 8 एवं 5 की सोना देवी तथा बनकेशरी देवी ने बताया कि सरकार द्वारा योजना तो चलाई जा रही है, मगर इसका लाभ सही लोगों तक नहीं पहुंच पाता है। उनके वार्ड में सड़क नहीं है, सार्वजनिक शौचालय नहीं है, नली गली की हालत खराब है, नली का पानी रास्ते से बहता रहता है। पीने के पानी का कनेक्शन कई लोगों को नहीं दिया गया है। सरकार से मांग है कि ये सब बनवाए। वार्ड 13 की उगनी देवी, वार्ड 4 की गुड़िया देवी ने बताया कि पीएम ग्रामीण आवास के लिए मुखिया और आवास सहायक द्वारा दस से बीस हजार रुपए की मांग की जा रही है। आवास सर्वे के लिए दो वार्ड सदस्य और आवास सहायक ने लिया, फिर भी आवास नहीं पास हुआ। वार्ड नंबर दो की सावित्री देवी ने दिव्यांग पेंशन 400 रुपए से बढ़ाकर दो हजार रुपए करने की मांग की। वार्ड 11 की मंजू देवी एवं अनिता देवी ने कहा कि उनका राशन कार्ड था, लेकिन अब बंद कर दिया गया है।

## गड़हनी के लहपरा गांव में शहनाई की धुन मातम की चीख में बदली

# गाड़ी साइड करने को ले विवाद में हुई फायरिंग, तीन की मौत





- 24 घंटों में ही भोजपुर पुलिस ने की कार्रवाई
- हत्याकांड में संलिप्त दो अभियुक्त गिरफ्तार
- सोमवार की दोपहर घटना में जख्मी तीसरे व्यक्ति की हुई मौत

**केटी न्यूज/आरा**

शादी समारोह के दौरान हुई ताबड़तोड़ फायरिंग में तीन लोगों की मौत हो गई चार लोग घायल हो गए। घटना भोजपुर जिले के सदर अनुमंडल के गड़हनी थाना क्षेत्र लहपरा गांव में हुई है। घटना कि सूचना मिलते ही सदर अनुमंडल के प्रभारी साइबर डीएसपी अब्बू सैफी मुर्तजा, पीरो एसडीपीओ कृष्ण कुमार सिंह, भोजपुर एसपी श्री राज दलबल के साथ मौके पर पहुंचे घटना की जांच में जुट में गये। घटना में घायल पांच लोगों को इलाज के लिए परिजनों ने सदर अस्पताल आरा व प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया।

घायलों के अनुसार गाड़ी साइड करने को लेकर हुए विवाद में थार सवार ने गोलाबारी की है। वहीं मृतकों की पहचान लहरपा गांव निवासी राहुल कुमार (24) पिता संजय कुमार सिंह व लवकुश कुमार (23) पिता सुरेश सिंह के रूप में हुई है। वहीं घायलों में बिट्ठु कुमार, पंकज कुमार, अप्पू कुमार, अक्षय सिंह व लवकुश कुमार है। उग्र पीड़ित परिजनों के द्वारा सोमवार की सुबह गड़हनी-अगियांव पथ को जाम कर आगजनी की गयी। उनकी मांग थी कि आरोपी को अबिलम्ब गिरफ्तार किया जाये। जिसके बाद एसपी श्री राज ने त्वरित कार्रवाई करते हुए। दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। जिनकी पहचान रमेश सिंह व रितेश सिह के रूप में हुई है। वहीं सोमवार की दोपहर घायल अप्पु कुमार की मौत हो गयी।

**दोनों युवक थार से कहीं आ रहे थे :** ग्रामीणों ने बताया कि गांव के कमलेश सिंह की बेटी की बरात चरपोखरी थाना क्षेत्र के काउप गांव से आई थी। जिसके कारण बारात की गाड़ियां द्वार पूजा का कार्यक्रम के दौरान सड़क किनारे खड़ी हुई थी। उसी दौरान थार गाड़ी से गांव के ही दो युवक राहुल व लवकु कहीं से गांव लौटे। द्वार पूजा के दौरान सड़क पर भीड़ थी। उन लोगों ने गाड़ी साइड करने की मांग की। बरातियों ने गाड़ी साइड कर दी। इसी बीच दोनों युवकों और सराती में बहस हो गयी। गांव वालों की पहल पर मामला शांत होने पर दोनों जाने लगे। इस बीच रोड पर खड़े अन्य लोगों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी गई। जिसमें थार सवार लवकुश और राहुल की मौत हो गई। वहीं, बारात और लड़की पक्ष की ओर से आए दो बच्चे समेत पांच लोग गोली लगने से घायल हो गए। दोनों युवक गांव के ही वर्ष 2022 में ही ठेकेदार बबलू सिंह पिता रमेश सिंह को गोली मारने के मामले में राहुल और लवकुश (मृतक) जेल जा जा चुके हैं।

**जिन दो युवकों की हुई हत्या, वो मर्डर केस में जा चुके थे जेल :** पुलिस सूत्रों के अनुसार 30 सितंबर 2022 को लहरपा गांव निवासी रमेश सिंह के बेटे ठेकेदार बबलू सिंह को गोली मारने के मामले में राहुल और लवकुश (मृतक) जेल जा चुके हैं। बबलू सिंह की मां प्रेमा देवी मुखिया भी रह चुकी हैं। पंचायत में योजना के तहत काम होने के बाद गांव के कुछ लोगों ने योजना में गड़बड़ी का आरोप को लगाया था। इसी बात को लेकर कई दिनों से विवाद चल रहा था। इसी मामले को लेकर सितंबर 2022 को नवादा थाना क्षेत्र के फ्रेंड्स कॉलोनी में टहलने के दौरान बबलू सिंह को गोली मारी गई थी। इस मामले में दोनों मृतक राहुल कुमार, लवकुश कुमार और रणवीर कुमार, राजेश, मनोज कुमार, अंकित कुमार को नामजद कर जेल भेजा गया था। तब से अबतक विवाद चल रहा है।

### आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

लहरपा गांव में हत्या की घटना को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने सोमवार की सुबह अगिआंव मोड़ के समीप शव के साथ आरा-अरवल मार्ग और गड़हनी-अगिआंव पथ को जाम कर दिया। आक्रोशितों ने मुआवजा व आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग की। मौके पर पहुंचे पदाधिकारी समझाने -बुझाने में लगे हैं। सड़क जाम के कारण सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। सड़क जाम की सूचना के बाद भोजपुर एसपी मिस्टर राज घटनास्थल पर पहुंचकर परिजनों से बात कर आरोपियों की जल्द से जल्द गिरफ्तारी करने के आश्वासन देने के बाद सड़क जाम को समाप्त कराया।

### घटना के बाद बोले पुलिस अधिकारी

**बोले डीआईजी...** डीआईजी सत्य प्रकाश ने बताया कि सात नामजद आरोपियों और कुछ अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। प्रारंभिक जांच से पता चला है, घटना के पीछे का कारण 2022 के पंचायत चुनाव के बाद से दो प्रमुख वर्गों के बीच वर्चस्व की लड़ाई है। आरोपी ने जानबूझकर एक शादी समारोह में वाहन पार्किंग को लेकर विवाद शुरू किया, जिससे दोनों गुटों के बीच तीखी नोकझोंक हुई और अंधाधुंध गोलीबारी हुई। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है। एफआईआर के अनुसार, तीनों मृतक, अपने दोस्त पंकज के अलावा एक वाहन पर सवार होकर अगिआंव बाजार से गांव लौट रहे थे। गांव में घुसते ही आरोपियों ने फायरिंग शुरू कर दी।

**बोले एसपी...** भोजपुर एसपी श्री राज ने कहा कि पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जिसमें रमेश सिंह व रितेश सिंह है। उनके पास से पांच खोखा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया है। वहीं हत्याकांड के आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में स्पीडी ट्रायल चला कर जल्द से जल्द पीड़ित परिजनों को इंसाफ दिलाया जायेगा।

**बोले प्रभारी डीएसपी...** आरा सदर अनुमंडल के प्रभारी साइबर डीएसपी अब्बू सैफी मुर्तजा ने बताया कि रविवार की शाम लहरपा गांव में एक बारात के दौरान दो पक्षों के बीच गोलीबारी की घटना सामने आई है। जिसमें दो लोगों की मौत हुई है। वहीं लोग पांच घायल है, जो इलाजरत हैं। घटना के बाद भोजपुर एसपी के द्वारा एक टीम का गठन किया गया है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

### 31 मई को आरा पहुंचेगी भारत गौरव पर्यटन ट्रेन

आरा। आईआरसीटीसी देखो अपना देश के तहत भारत गौरव पर्यटन ट्रेन की शुरूआत करने जा रही है। यह ट्रेन 31 मई की सुबह धनबाद से खुलेगी और शाम में आरा पहुंचेगी। सात ज्योतिर्लिंग, द्वारकाधीश मंदिर, शिरडी साईं बाबा व शनि शिंगणापुर मंदिर का दर्शन कराती हुई 12 जून को वापस आरा में यात्रियों को उतारती हुई धनबाद लौटेगी। आईआरसीटीसी के सीनियर एग्जीक्यूटिव विश्वराज साहा ने बताया कि आरा के यात्रियों के लिए विशेष सुविधा दी गई है। ग्रुप बुकिंग में 10 लोग या उससे अधिक का एक साथ टिकट बुक करने पर प्रति यात्री 750 रुपए कम चुकाने होंगे। यह यात्रा 12 रात और 13 दिनों की है।

## भीषण सड़क हादसा: आरा–पटना हाईवे पर दो ट्रकों की टक्कर में एक ड्राइवर की दर्दनाक मौत

**केटी न्यूज/आरा**




जिले के गीधा थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह आरा-पटना नेशनल हाईवे पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इसमें बालू लदे ट्रक की एक सड़क पर खड़े ट्रक से जबरदस्त टक्कर हो गई। इस भीषण सड़क दुर्घटना में ट्रक ड्राइवर की मौत हो गई। जबकि खलासी को मामूली चोटें आई हैं। इलाज के लिए स्थानीय लोगों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया। घटना गीधा ओवरब्रिज के पास की बताई जा रही है।

हादसे में मृतक ड्राईवर की पहचान 54 वर्षीय राजाराम प्रसाद के रूप में हुई है। वे उत्तरप्रदेश के कुशीनगर जिले के रामपुर पट्टी गांव के रहने वाले थे। वहीं घायल खलासी की पहचान भी उत्तरप्रदेश के निवासी के रूप में हुई है। वे देवरिया जिले के रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के बिशनपुर गांव में रहने वाले नेजामुद्दीन सिद्दीकी के बेटे भोलू सिद्दीकी हैं।

**बालू लोड कर कुशीनगर लौट रहा था ट्रक :** घायल खलासी भोलू ने बताया की थाना क्षेत्र के खैरा गांव स्थित घाट से बालू लोड कर के वापस कुशीनगर लौट रहे थे, इसी दौरान गीधा ओवेरब्रिज के पास एक खड़ी ट्रक में उनकी गाड़ी टकरा गयी जिसमे दोनों घायल हो गए। दोनों को पास ही के सदर हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां ड्राईवर राजाराम प्रसाद की मौत हो गई। परिजनों को जैसे ही घटना की सूचना मिली वे आनन-फानन में आरा पहुंचे। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो चूका है। मृतक तीन भाई और दो बहनों में दूसरे स्थान पर था।

## आरा भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में अंबेडकर जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित

# कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहेब को अपमानित

**केटी न्यूज/आरा**

भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में अंबेडकर जयंती पखवाड़ा में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष दुर्गा राज ने की मंच संचालन जिला मंत्री ठाकुर दयाल राम द्वारा किया गया तथा धन्यवाद ज्ञापन जिला धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री संतोष चंद्रवंशी ने किया।

मुख्य अतिथि पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह सांसद अनुराग ठाकुर ने डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के चरित्र एवं उनके कार्यो पर प्रकाश डालते हुए उन्होने बताया की कांग्रेस सरकार ने 1947 से 1990 तक अम्बेडकर जी को किसी तरह का सम्मान नहीं देने का कार्य किया। जब भाजपा सरकार में शामिल हुई तो की 1990 में बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर जी को भारत रत्न प्रदान किया गया। अम्बेडकर जी मृत्यु के उपरांत दिल्ली में दाह संस्कार के लिए दो गज जमीन उपलब्ध नहीं कराया गय। कांग्रेस पार्टी ने अम्बेडकर जी के पार्थिव शरीर को उनकी पत्नी के पास मुम्बई भेज दिया गया तथा जो हवाई जहाज



का किराया लगा उस बिल को उनकी पत्नी के पास भेज दिया गया। उतना ही नहीं अंबेडकर जी को बार-बार अपमानित करने का कार्य किया गया। जब की 1952 में भीमराव अंबेडकर जी चुनाव लड़े तो उनको हारने का भी कार्य किया गया पंडित जवाहरलाल नेहरू जी के द्वारा उनको उनको हारने के लिए स्वयं प्रचार किया गया जी के विरोध में जवाहरलाल नेहरू विपक्ष में कांग्रेस का उम्मीदवार उतारने का काम किया गया।

**नरेंद्र मोदी का प्रेम कहीं छिपा नहीं:** अनुराग ठाकुर ने बताया कि बिहार के प्रति नरेंद्र मोदी का प्रेम कहीं छिपा नहीं है। उन्होंने करोड़ों रुपए की परियोजनाएं बिहार दी है। बिहार एवं बिहार की जनता के प्रति यह एनडीए सरकार की कमिटमेंट है। फिर से बिहार में भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनेगी। बिहार में विकास कार्य इनको आगे और गति दी जाएगी। बिहार की जनता ने जाना है जब से राजद की गठबंधन वाली जंगल राज की सरकार गई है तब से विकास हमारे बिहार में हुआ है। बिहार की जनता वापस कभी जंगल राज देखना नहीं चाहती है। वह विकास के लिए एनडीए के सरकार को ही चुनना चाहेगी। जिनके राज्य में जंगल राज, अपराध राज्य, भ्रष्टाचार, आज वही लोग प्रश्न उठाने का काम कर रहे हैं। इसलिए लोग उन लोगों पर हंसते हैं। नीतीश कुमार के मानसिकता एवं उम्र के सवाल पर अनुराग ने कहा कि बड़े लोगों अपमान करना यह कुछ लोगों की प्रवृत्ति में है। कुछ लोगों की संस्कृति में हैं। भ्रष्टाचार भी करेंगे और फिर शब्दों का उसके माध्यम से अपमान करने का काम भी करेंगे। मुझे यही कहना ममता अब बंगाल को नहीं जमता, ममता जी के राज्य में वहां पर हिंदू सुरक्षित नहीं है, वहां व्यापारी सुरक्षित नहीं है।






## संक्षिप्त समाचार

### डुमरी में शादी समारोह से लौट रही डीजे बंधी पिकअप वैन दुर्घटनाग्रस्त, 6 युवकों की हालत गंभीर

**डुमरी, एजेंसी।** गिरिडीह जिले के मधुवन थाना क्षेत्र के धावाटांड़ के समीप डुमरी–गिरीडीह पथ पर आज सोमवार की सुबह एक पिकअप वैन पेड़ से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हादसे में गाड़ी पर सवार 6 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में पंचगढ़ी निवासी लखन कुमार, प्रीतम भुइया, सूरज भुइया, छोटू भुइया समेत 2 अन्य युवक शामिल है।जानकारी के अनुसार सभी 6 युवक डीजे लेकर धनबाद जिले के कतरास पांचगढ़ी से देवघर किसी शादी समारोह में गये हुए थे। समारोह से वापस लौटने के क्रम में आज सोमवार की सुबह वाहन असंतुलित होकर एक पेड़ से जा टकरायी। घटना के बाद सभी घायलों को स्थानीय लोगों की सहायता से इलाज से लिए रेफरल अस्पताल डुमरी में भर्ती कराया गया।

### कोडरमा प्रो कबड्डी झारखंड का रोमांचक आगाज आज से

**जमशेदपुर, एजेंसी।** कबड्डी एसोसिएशन ऑफ झारखंड के तत्वावधान में और कोडरमा जिला कबड्डी संघ के आयोजन में कोडरमा प्रो कबड्डी झारखंड सीजन 1 की शुरुआत 22 अप्रैल से होने जा रही है। यह तीन दिवसीय प्रतियोगिता 22 से 24 अप्रैल तक कोडरमा में होगी। प्रतियोगिता में कुल 10 टीमें भाग लेंगी, जिसमें 6 पुरुष और 4 महिला टीमें शामिल हैं। खास बात यह है कि हर टीम का एक अलग मालिक होगा और सभी खिलाड़ी केवल झारखंड राज्य से ही चुने गए हैं। मार्च 2025 में हुई नीलामी में पूर्वी सिंहभूम के कुल 17 खिलाड़ियों का चयन हुआ, जिनमें 9 शहरी क्षेत्र (जमशेदपुर) और 8 ग्रामीण क्षेत्र (घाटशिला) से हैं।जमशेदपुर (शहरी क्षेत्र) के पुरुष वर्ग में राजा रणवीर, रौशन कुमार, विकास कुमार, सोनू कुमार, विनय गुप्ता और महिला वर्ग में राधिका बानरा, आकांक्षा जायसवाल, बॉबी कुमारी और निशु बेक के नाम शामिल हैं। वहीं, घाटशिला (ग्रामीण क्षेत्र) के पुरुष वर्ग में सुमन महातो, प्रेम कुमार स्वामी, तापस मंडल, रामेश्वर मांडी हैं। महिला वर्ग में मेघली पातर, लक्ष्मी मार्डी, बिनीता मुर्मू व पूजा देवी मांडी के नाम शामिल हैं।

### पूर्वी भारत में ट्रेन इंजनों में लगाया गया टॉयलेट, लोको पायलटों को मिलेगी आधुनिक टॉयलेट और एसी की सुविधा

**जमशेदपुर, एजेंसी।** टाटानगर रेलवे स्टेशन पर भारतीय रेलवे ने एक ऐतिहासिक पहल की है। पूर्वी भारत में पहली बार ट्रेन इंजनों में लोको पायलटों के लिए आधुनिक टॉयलेट और एयर कंडीशनिंग की सुविधा शुरू की गई है। शुरुआत में सात इंजनों में यह सुविधाएं दी गई हैं। अब तक 1450 ट्रेन इंजनों में एसी सिस्टम लगाया जा चुका है। आने वाले समय में चरणबद्ध तरीके से सभी इंजनों में टॉयलेट की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू की गई है। इसका उद्देश्य उन लोको पायलटों का जीवन स्तर सुधारना है, जो दिन–रात मालगाड़ियों और यात्री ट्रेनों का संचालन करते हैं। पूर्व रेलवे के जनसंपर्क अधिकारी सोपान दत्ता ने बताया कि यह पूर्वी भारत का पहला ऐसा प्रोजेक्ट है।

### दुमका में घर के आंगन-छत पर हो रहा मत्स्य बीज पालन, हर दिन 200 किलो तक उत्पादन

**रांची, एजेंसी।** झारखंड में मछली उत्पादन के ? लिए कई तरह के प्रयोग ?हो रहे हैं। इससे उत्पादन भी बढ़ रहा है। केज और बंद खदान में मछली पालन के बाद अब दुमका में लोग घर के आंगन और छत पर मत्स्य बीज पालन कर रहे हैं। पूरे दुमका में आपूर्ति भी कर रहे हैं। इससे सालाना 5 लाख तक की कमाई हो रही है। हर साल मई में बीज डाला जाता है। जून से मत्स्य बीज तैयार होने लगती है। अक्टूबर में बिक्री पीक पर होती है। एक घर से ही करीब डेढ़ से दो क्विंटल मत्स्य बीज प्रतिदिन सप्लाई की जाती है। दो बीज पालकों लक्ष्मी केवट और नीतेश केवट ने रांची आकर ट्रेनिंग भी ली है। दुमका की सरवा पंचायत के दुधानी गांव के रहने वाले लक्ष्मी केवट (50) ने बताया कि घर के आंगन में सीमेंट से बने सात हॉज हैं। इसके अलावा बरसात शुरू होते ही गड्ढा खोदकर नया तिरपाल बिछाकर पानी जमा किया जाता है। फिर कोलकाता से बीज लाकर डाला जाता है। दुमका और आसपास के जिलों में मछली पालन करने वाले लोग उनसे मत्स्य बीज खरीदते हैं।

# फिर बढ़ने लगा तापमान, कहीं बारिश तो कहीं गर्मी करेगी परेशान, यलो अलर्ट

**रांची, एजेंसी।** पिछले दिनों पश्चिमी विक्षोभ, साइक्लोनिक सर्कुलेशन और बंगाल की खाड़ी में बने निम्न दबाव के कारण राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में आंधी-तूफान के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। मौसम में बदलाव के कारण तापमान में गिरावट हुई, लेकिन दो दिनों से तेज धूप ने धीरे-धीरे तापमान बढ़ाना शुरू कर दिया है। इससे गर्मी बढ़ने के आसार भी बढ़ने लगे हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र रांची ने पूर्वानुमान जारी करते हुए बताया कि राज्य के आधे हिस्से में तेजी से तापमान में वृद्धि होगी, इसे लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया गया है।

वहीं, गढ़वा, पलामू, चतरा, लातेहार, कोडरमा, हजारीबाग, बोकारो, रामगढ़, गिरिडीह और धनबाद में तापमान में बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इन जिलों में आसमान में आंशिक बादल छाए रहेंगे।

इसके अलावा लोहरदगा, रांची, खूंटी, सिमडेगा, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम, सरायकेला खरसावां और गुमला में भी आंशिक बादल छाए रहेंगे और कुछ जगहों पर बिजली गिरने की भी संभावना है। पूर्वानुमान के अनुसार 21 से 24 अप्रैल तक राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में मौसम शुष्क बना रहेगा।

मौसम विज्ञानी अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में धीरे धीरे 4 से 5 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। इसके बाद अगले दो दिनों तक तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है।

झारखंड में पिछले 24 घंटे के दौरान लगभग सभी



जगहों पर मौसम शुष्क बना रहा। सबसे अधिक अधिकतम तापमान 38.4 डिग्री सेल्सियस डाल्टनगंज का और सबसे कम न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस धनबाद में रिकॉर्ड किया गया। वहीं, राजधानी रांची का अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 22.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम में हुए फेरबदल की बात करें तो राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में मौसम गर्म रहा। रविवार को उमस भरी गर्मी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। इस बीच रांची के अधिकतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस से ज्यादा का उछाल देखा गया। इस तरह अधिकतम तापमान 33.7 डिग्री से बढ़कर 36.8 डिग्री तक पहुंच गया।

मौसम विभाग के अनुसार राज्य में अगले चार दिन में अधिकतम तापमान चार से पांच डिग्री तक बढ़ सकता है। राजस्थान के उत्तर-पूर्वी भाग से लेकर बांग्लादेश के बीच एक ट्रफ लाइन बनी हुई है। यह उत्तर प्रदेश, झारखंड और पश्चिक बंगाल से होकर गुजर रही है। इसके अलावा भी दो अन्य सिस्टम बने हुए हैं। हालांकि इसका असर अगले चार दिन तक दिखाई नहीं देगा।

## टाटा लीज का जल्द होगा नवीकरण, जमशेदपुर की बस्तियों को मिलेगा मालिकाना हक?

**टाटानगर, एजेंसी।** टाटानगर में बसी बस्तियों को अरसे से उम्मीद है कि एक न एक दिन उनको मालिकाना हक मिलेगा। जिस जमीन पर घर बनाकर वह रह रहे हैं, वह जमीन एक दिन उनकी हो जायेगी। सरकारें भी इसकी पहल कर रहीं हैं।

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जब विधायक थे, तो उन्होंने बस्ती विकास समिति बनायी थी। इस बस्ती विकास समिति के बैनर तले 86 बस्ती के लोग मालिकाना हक मांग रहे थे। साथ ही टाटा स्टील से बिजली और पानी की सप्लाई भी मांग रहे थे। रघुवर दास की पहल पर कुछ बस्तियों में सप्लाई का पानी पहुंचने लगा।

कुछ जगहों पर बिजली की सप्लाई भी शुरू हुई, लेकिन अब तक मालिकाना हक नहीं मिला। जब भी टाटा लीज के नवीकरण का समय आता है, लोगों में उम्मीद जगती है कि मालिकाना हक पर भी सरकार कोई फैसला करेगी। वर्ष 2005 और वर्ष 2015 में भी ऐसी ही उम्मीद जगी थी। रघुवर दास के नेतृत्व में जब भाजपा की सरकार झारखंड में बनी, तो मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रति डिसमिल जमीन की कीमत तय करके मकान बनाकर रह रहे लोगों को मालिकाना हक दे दिया जाये। अब जबकि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार है, तो भू-राजस्व मंत्री दीपक बिरुवा ने भी यही बात कही। दीपक बिरुवा ने कहा है कि जमशेदपुर में करीब 100 बस्तियां बस चुकीं हैं। सरकार की शर्तों पर महज 5 लोगों ने मालिकाना हक के लिए आवेदन किया है।

सरकार उनको मालिकाना हक देने के लिए तैयार है। दूसरी तरफ, बस्ती के लोगों का कहना है कि मामूली रकम लेकर उन्हें उनकी जमीन का मालिक बना दिया जाये। बहरहाल, अगर सरकार बस्तियों में रह रहे लोगों की जमीन की बंदोबस्ती नहीं करती है, तो उसे राजस्व का नुकसान हो रहा है। लोगों को भी कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सरकार को बीच का रास्ता निकालने की जरूरत है।

## स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं करते, निशिकांत दुबे के बयान पर भड़के जेएमएम नेता, बाबूलाल मरांडी पर भी साधा निशाना

**रांची, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट के संदर्भ में गोड्डा से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के बयान को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने लोकतंत्र विरोधी करार दिया है। झामुमो के केंद्रीय समिति सदस्य और वरिष्ठ नेता विनोद पांडेय ने कहा कि असल बात यह है कि भाजपा देश में मनुस्मृति लागू करना चाहती है।

भाजपा को देश के संवैधानिक ढ़ांचे पर विश्वास ही नहीं है। चुनाव आयोग, प्रवर्तन निदेशालय, केंद्रीय जांच ब्यूरो सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली पर कब्जा किया जा चुका है। अब सुप्रीम कोर्ट के निर्णयों पर भी इन्हें आपत्ति है। आखिरकार भाजपा इस देश को कहां ले जाना चाहती है?

उन्होंने कहा कि भाजपा के नेताओं ने निशिकांत दुबे के बयान पर चुप्पी क्यों साध रखी है? बात-बात पर बयान जारी करने वाले बाबूलाल मरांडी क्यों नहीं इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं करते?

न्यायपालिका पर देश के गरीबों, दलितों, आदिवासियों, पिछड़ों, अल्पसंख्यकों और आर्थिक तौर पर पिछड़े लोगों का अटूट भरोसा है। भाजपा अब अपने नेताओं के जरिए न्यायपालिका पर हमले करा रही है।



ये(भाजपा) मनमुताबिक निर्णय नहीं होने पर न्यायपालिका पर दबाव बना रहे हैं। भाजपा के सांसद पहले भी संताल परगना को झारखंड से अलग करने की बातें कई बार कर चुके हैं। इनकी सोच विभाजनकारी है। भाजपा के नेताओं को अगर न्यायपालिका पर विश्वास है तो निशिकांत दुबे को तुरंत बर्खास्त कर देना चाहिए।

झारखंड मुक्ति मोर्चा न्यायपालिका समेत अन्य संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जे की भाजपाई मनोवृति को किसी स्तर पर बर्दाश्त नहीं करेगा। भाजपा देश में हिन्दू-मुस्लिम का आरोप लगाकर नफरत पैदा करने के प्रयास में है।

## शहर की 1.50 लाख आबादी की प्यास बुझाने वाला कांके डैम जलकुंभी से पटा, सप्लाई पानी में भी दुर्गंध

**रांची, एजेंसी।** राजधानी की करीब 50 प्रतिशत आबादी आज भी पाइपलाइन से होने वाली जलापूर्ति पर निर्भर है। लेकिन लोगों को साफ-स्वच्छ पानी समय पर नहीं मिल रहा है। क्योंकि, शहर को जिन डैमों का पानी पिलाया जा रहा है वह प्रदूषित हो गए हैं। सबसे खराब स्थिति शहर की करीब 1।50 लाख आबादी की प्यास बुझाने वाले कांके डैम की हो गई है। यह डैम पिछले एक माह से पूरी तरह जलकुंभी से पटा हुआ है। दूर से देखने से ऐसा लगता है कि यह डैम नहीं खेल का मैदान है।

लेकिन नजदीक जाने पर डैम के किनारे खड़ा रहना भी मुश्किल है। चारों ओर फैली जलकुंभी की वजह से डैम का



पानी भी दूषित हो गया है। कांके डैम से जिन घरों में जलापूर्ति होती है, उन घरों में नल से आ रहे पानी का रंग सफेद के बजाय हल्का हरा है। पानी से दुर्गंध भी आ रही है। इस वजह से अधिकतर लोग सप्लाई पानी का इस्तेमाल दैनिक कार्यों के लिए ही कर रहे हैं। कांके रोड, मोरहाबादी, अपर बाजार सहित अन्य क्षेत्र के लोगों ने पेयजल विभाग से गंदा पानी आने की शिकायत कई बार की, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद लोगों ने पीने के लिए पानी का जार खरीदना शुरू कर दिया है। कांके डैम संरक्षण समिति के अध्यक्ष अमृतेश पाठक ने डैम की सफाई के नाम पर की जा रही खानापूर्ति के खिलाफ आंदोलन की चेतावनी दी है। रविवार को समिति के सदस्यों ने करीब 2 घंटे तक श्रमदान करके डैम से जलकुंभी निकाली। पाठक ने निगम के अधिकारियों को एक सप्ताह में डैम को जलकुंभी मुक्त करने की चेतावनी दी है।

इसके बाद समिति के सदस्य पर सड़क पर उतर कर आंदोलन करेंगे। नगर निगम ने कांके डैम से जलकुंभी हटाने के लिए करोड़ों की लागत से खरीदे गए वीड हार्वेस्टिंग मशीन को डैम में उतारा है। पिछले कुछ दिनों से मशीन से जलकुंभी हटाई भी जा रही है, लेकिन जलकुंभी काटने के बाद उसे डैम में ही छोड़ दिया जा रहा है। इस वजह से डैम में चारों ओर जलकुंभी फैल गई है।

## झारखंड में 8 नक्सलियों का एनकाउंटर : बोकारो में 1 करोड़ का इनामी भी ढेर

**बोकारो, एजेंसी।** झारखंड के बोकारो में सोमवार सुबह सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में आठ नक्सली मारे गए हैं। एनकाउंटर जिले के लुगू और झुमरा पहाड़ के बीच जंगली इलाके में हुई। झारखंड पुलिस महानिदेशक के मुताबिक, मुठभेड़ में एक करोड़ रुपए का इनामी नक्सली प्रयाग मांझी उर्फ विवेक भी मारा गया। अब तक कुल 8 नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गए हैं। बाकी नक्सलियों की पहचान में जुटे हुए हैं। अभी और नक्सलियों के छिपे होने की जानकारी है। सर्च ऑपरेशन जारी है। घटनास्थल से एक एके सीरीज की राइफल, 1 एसएलआर, 3 इंसास राइफल कई हथियार भी बरामद किए गए हैं।


गुप्त सूचना के आधार पर सीआरपीएफ और जिला पुलिस के जवान सर्च ऑपरेशन चला रहे थे। इसी दौरान नक्सलियों की नजर जवानों पर पड़ी और उन्होंने फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने भी फायरिंग की। जानकारी के मुताबिक, मुठभेड़ सोमवार सुबह करीब 5।30



बजे शुरू हुई, जो करीब ढाई घंटे तक चली। इस दौरान दोनों ओर से रुक-रुककर गोलियां चलती रहीं। नक्सलियों के साथ मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने एक एके सीरीज की राइफल, 3 इंसास राइफल, एक एसएलआर, एक पिस्टल और 8 देसी राइफलें बरामद की गई हैं। सीआरपीएफ के मुताबिक, फिलहाल गोलीबारी बंद हो गई है। हालांकि, सर्च ऑपरेशन जारी है।

सीआरपीएफ की 209 कोबरा बटालियन और राज्य पुलिस इस ऑपरेशन में शामिल रही। कोबरा बटालियन जंगल युद्ध में विशेषज्ञ मानी जाती है और नक्सल प्रभावित इलाकों में लगातार सक्रिय रहती है। अधिकारियों के अनुसार, इस मुठभेड़ में कोई भी सुरक्षाकर्मी घायल नहीं हुआ है। लुगू और झुमरा पहाड़ लंबे समय से नक्सलियों के सुरक्षित ठिकानों में शुमार रहे हैं। इस कार्रवाई को सुरक्षा बलों की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। फिलहाल पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है और हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है।

## बंदगांव अंचल कार्यालय में घुसा लंबा सांप अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच दहशत का





**बंदगांव, एजेंसी।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के बंदगांव प्रखंड के अंचल कार्यालय के अंदर आज सोमवार की सुबह एक सांप देख अफरा-तफरी मच गयी। कार्यालय में सांप देखने के बाद से अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच दहशत का माहौल है। अंचल कार्यालय में इससे पहले भी कई बार सांप देखे गये हैं।

जानकारी के अनुसार आज सोमवार की सुबह कार्यालय के अंदर कुर्सी पर एक लंबा सांप देख चीख-पुकार मच गयी। कार्यालय में मौजूद अधिकारियों और कर्मचारियों ने बताया कि कार्यालय में और आसपास के परिसर में इससे पहले भी कई बार सांप देखे जा चुके हैं। अंचलाधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि कार्यालय में लगातार सांपों के आने की घटनाएं अब चिंता का विषय बन गयी है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल कार्यालय का कामकाज प्रभावित हो रहा है, बल्कि कर्मचारी भय के माहौल में काम करने को मजबूर हैं।

प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) सुश्री क्रिस्टीना रिचा इंदवार ने कहा लगातार सांपों के आने से हम सभी काफी भयभीत और परेशान है। हमारी लिए ये खतरनाक साबित हो सकते हैं। उन्होंने संबंधित विभागों से परिसर की नियमित सफाई और आवश्यक कार्रवाई की मांग की है, ताकि ऐसी घटनाएं दोबारा न हो।

## जमीन विवाद में पोते ने पहले दादा को पीटकर किया अधमरा, फिर गाड़ी चढ़ा कर ले ली जान

**कटकमसांडी, एजेंसी।** आपसी जमीनी विवाद को लेकर हुई खूनी संघर्ष में सेवा महतो नामक एक वृद्ध की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मामला शनिवार के शाम करीब सात बजे कटकमसांडी थाना क्षेत्र के होरिया गांव का है। इस मारपीट में दोनों पक्ष के पांच लोग गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं।

घायलों में परमेश्वर प्रसाद मेहता, विमली देवी, प्रमोद प्रसाद मेहता, लालजी प्रसाद मेहता, मनोज प्रसाद मेहता व परमेश्वर प्रसाद की पत्नी का नाम बताया गया है, जिन्हें शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग में भर्ती कर इलाज कराया जा रहा है।

सूचना पाकर मौका-ए-वारदात पर पहुंची कटकमसांडी पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर रविवार को पोस्टमार्टम हेतु हजारीबाग भेज दिया है। घटना के बाबत बताया गया कि मृतक सेवा महतो के तीन पुत्रों, क्रमशः विजय प्रसाद मेहता, मनोज प्रसाद मेहता और परमेश्वर प्रसाद मेहता में एक पुत्र विजय प्रसाद मेहता की मौत पूर्व मे ही कुआं में काम करने के दौरान मिट्टी धंसने से हो गई। विजय प्रसाद के दो पुत्र प्रमोद प्रसाद मेहता और राजेश प्रसाद मेहता है।

जबकि मनोज प्रसाद मेहता के पुत्रों में सुधीर प्रसाद मेहता और लालजी प्रसाद मेहता है। शनिवार के शाम को भाईयों और भतीजों में जमीनी बंटवारे मामले को लेकर विवाद उत्पन्न हो गई। देखते ही देखते गांव रणभूमि में बदल गया।

दोनों पक्षों में लाठी, कुल्हाड़ी और हरवे हथियार से शुरू हुई मारपीट को देख सेवा महतो और उनकी पत्नी विमली देवी पुत्रों और पौत्रों को बचाने-समझाने गए। मगर आक्रोशित पौत्र सुधीर प्रसाद मेहता ने दादा-दादी पर ही हमला कर उन्हें गंभीर रूप से जख्मी कर दिया और पिकअप वाहन चढ़ाकर दादा सेवा महतो का काम तमाम कर दिया।

पूरी जिदंगी नौकरी के दौरान पाई पाई बचा कर जमा करने वाले मृतक सेवा महतो बीसीसीएल में नौकरी करते थे। सेवानिवृत होने के बाद कटकमसांडी प्रखंड का सबसे बड़ा घर बनाकर अपने बेटों को दिया।

# गैंगस्टर प्रिंस व गोपी खान के गिरोह के अपराधी को पुलिस ने हथियार के साथ पकड़ा

**धनबाद, एजेंसी।** गैंगस्टर प्रिंस खान एवं गोपी खान गिरोह का एक सक्रिय सदस्य नौशाद आलम को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भूली जोनल ट्रेनिंग स्कूल, गुलजारबाग से पुलिस ने उसे चोरी की बाइक व एक देशी कट्टा व दो जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार किया। इस संबंध में सिटी एसपी अजीत कुमार ने शनिवार को समाहरणालय स्थित पुलिस कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को अपराधी के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। एसएसपी के निर्देश पर डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर के नेतृत्व में टीम गठित कर जोनल ट्रेनिंग स्कूल, गुलजारबाग मार्ग पर वाहन चेकिंग



जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने नौशाद आलम को जांच के लिए रोका। वाहन से कागजात की मांग करने पर वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाया। संदेह के आधार पर तलाशी लेने पर उसके पास से एक देसी कट्टा और दो जिंदा गोली बरामद की गयी। पूछताछ के दौरान उसने स्वीकार किया कि वह प्रिंस खान व गोपी खान गिरोह के लिए चोरी की मोटरसाइकिल और हथियार-गोली सप्लाई करने का काम करता है।

एसपी ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गये अपराधी नौशाद आलम ने बताया कि गैंगस्टर प्रिंस खान व उसके भाई गोपी खान के कहने पर वह चोरी की बाइक व हथियार सप्लाई कर दूसरे अपराधी को देने वाला था। कुछ दिन पूर्व गोपी खान ने उसे इसकी व्यवस्था करने को कहा था। हथियार व बाइक का डिलीवरी लोकेशन मिलते ही वह इसे दूसरे अपराधी को सौंपने की तैयारी में था। इससे पहले ही पुलिस ने उसे धर दबोचा। पुलिस गैंग से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी हुई है।

पकड़ा गया नौशाद गैंगस्टर फहीम खान के करीबी माने जाने वाले मंसूर का दामाद है। जानकारों की माने, तो मंसूर एक समय में फहीम खान का खासमखास हुआ करता था। फहीम खान के इशारे पर वह रेलवे का काम मैनेज करता था।

बता दें कि हाल ही में धनबाद मंडल कारा में एक छापेमारी अभियान के दौरान इस गिरोह से जुड़े तीन मोबाइल फोन जब्त किये गये थे। इस संबंध में धनबाद थाना में मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। सीमावर्ती जिलों एवं राज्यों में भी पुलिस की छापेमारी लगातार जारी है।पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था नौशाद आलम, सिंदरी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आशुतोष सत्यन, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय एक शंकर कामती, बैंकमोड़ थाना प्रभारी प्रवीण कुमार, बरवाअड्डा थाना प्रभारी सुनील कुमार रवि, भूली ओपी प्रभारी अभिनव कुमार, बैंकमोड़ थाना के पुअनि सुमन सौरभ, सअनि दिनेश कुमार, हवलदार सुभाष प्रसाद यादव, आरक्षी चितरंजन महतो, नरेन्द्र कुमार आदि।

## सुभाषितम्

हमारे अंदर अंधकार और रोशनी दोनों है, यह हमें चुनना है कि इनमें से हम किस को महत्व देते है। - जे. के. राॅलिंग

# मानव सभ्यता को बचाने के लिए पृथ्वी संरक्षण जरूरी

- ललित गर्ग



प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण, जलवायु परिवर्तन से निपटने और जैव विविधता संकट को रोकने के लिए कार्रवाई का एक क्रांतिकारी आह्वान है पृथ्वी दिवस जो पूरे विश्व में 22 अप्रैल को मनाया जाता है। पृथ्वी या सृष्टि के संरक्षण और स्थिरता के लिए जागरूकता पैदा करना इसलिये आवश्यक हो गया कि जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और वनों की कटाई के कारण प्रकृति एवं पर्यावरण पर गहरे संकट है। वर्ष 2025 में इस दिवस की थीम है ह्यहमारी शक्ति, हमारा ग्रहह्न, जो यह स्पष्ट करता है कि जलवायु परिवर्तन और हमारे पर्यावरण के दुरुपयोग से निपटने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा की तत्काल आवश्यकता है। हमारे स्वास्थ्य, हमारे परिवारों, हमारी आजीविका और हमारी धरती को एक साथ संरक्षित करने का समय आ गया है। पृथ्वी दिवस आधुनिक पर्यावरण आंदोलन की वर्षगांठ का प्रतीक है, जो पहली बार सन- 1970 में मनाया गया था। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं पृथ्वी के संरक्षण के लिये जागरूक करना है। दुनिया में पृथ्वी के विनाश, प्रकृति प्रदूषण एवं जैविक संकट को लेकर काफी चर्चा हो रही है।

190 से अधिक देशों को पृथ्वी दिवस में शामिल करते हुए एक वैश्विक आंदोलन बन गया है जो प्लास्टिक प्रदूषण, नवीकरणीय संसाधन, ग्लोबल वार्मिंग और टिकाऊ जीवन जैसी प्रमुख पर्यावरणीय चिंताओं की ओर ध्यान आकर्षित करता है। वृक्षारोपण, सफाई अभियान, शैक्षिक अभियान और वकालत वैश्विक स्तर पर सरकारों, संगठनों, स्कूलों और समुदायों द्वारा की जाने वाली गतिविधियों में से हैं। इसका उद्देश्य लोगों को पर्यावरण की दृष्टि से अधिक सही निर्णय लेने तथा पृथ्वी के अनुकूल नीतियों के पक्ष में खड़ा करता है और इस बात पर जोर देता है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो या आप कहीं भी रहते हों, आप पृथ्वी को अधिक स्वस्थ और टिकाऊ बनाने में योगदान दे सकते हैं और ऐसा करते हुए शांति की स्थापना एवं शांतिपूर्ण जीवन को सुदृढ़ बना सकते हैं। इस दिवस के माध्यम से ऐसे विचारों एवं जीवनशैली को संगठित करना है जिससे पर्यावरण नीति निर्माता सरकारों को प्रेरित करें ताकि पर्यावरणीय स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए कानूनों और प्रथाओं में बदलाव हो सके एवं वैज्ञानिक नवाचारों और हरित प्रौद्योगिकियों के विचार को बल देते हुए पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करने और भविष्य में स्थिरता बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा सके। आज विश्व भर में हर जगह प्रकृति का दोहन एवं शोषण जारी है। जिसके कारण पृथ्वी पर अक्सर उत्तरी ध्रुव की ठोस बर्फ का कई किलोमीटर तक पिघलना, सूर्य की पराबैंगनी किरणों को पृथ्वी तक आने से रोकने वाली ओजोन परत में छेद होना, भयंकर तूफान, सुनामी और भी कई प्राकृतिक आपदाओं का होना आदि ज्वलंत समस्याएं विकराल होती जा रही है, जिसके लिए मनुष्य ही जिम्मेदार हैं। ग्लोबल वार्मिंग के रूप में जो आज हमारे सामने हैं। ये आपदाएँ पृथ्वी पर ऐसे ही होती रहीं तो वह दिन दूर नहीं जब पृथ्वी से जीव-जन्तु व वनस्पति का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा। जीव-जन्तु अंधे हो जाएंगे। लोगों की त्वचा झुलसने लगेगी और कैंसर रोगियों की संख्या बढ़ जाएगी एवं अनेक नयी-नयी व्याधियां रह-रहकर जीवन संकट का कारण बनती रहेंगी। इसीलिये विश्व पृथ्वी दिवस की आज ज्यादा प्रासंगिकता एवं उपयोगिता है। यह दीर्घकालिक परिवर्तन को संभव बनाने की दिशा में काम करेगा क्योंकि यह पर्यावरण जागरूकता की संस्कृति को विकसित करता है और वर्तमान और भविष्य की पीढ़ियों को पृथ्वी का सक्रिय संरक्षक बनने के लिए सशक्त बनाता है।

जिस पृथ्वी को हम माँ का दर्जा देते हैं उसे हम खुद अपने ही हाथों दूषित करने में कैसे लगे रहते हैं? आज जलवायु परिवर्तन पृथ्वी के लिए सबसे बड़ा संकट बन गया है। अगर पृथ्वी के अस्तित्व पर ही प्रश्नचिन्ह लग जाए तो मानव जीवन कैसे सुरक्षित एवं संरक्षित रहेगा? पृथ्वी है तो सारे तत्व हैं, इसलिये पृथ्वी अनमोल तत्व है। इसी पर आकाश है, जल, अग्नि, और हवा है। इन सबके मेल से प्रकृति की संरचना सुन्दर एवं जीवनमय होती है। अपने-अपने स्वार्थ के लिए पृथ्वी पर अत्याचार रोकना होगा और कार्बन उत्सर्जन में कटौती पर ध्यान केंद्रित करना होगा। अतिशयोक्तिपूर्ण ढंग से औद्योगिक क्रांति पर नियंत्रण करना होगा, क्योंकि उन्हीं के कारण कार्बन उत्सर्जन और दूसरी तरह के प्रदूषण में बढ़ोतरी हुई है। वर्तमान परिप्रेक्ष्य में कई प्रजाति के जीव-जंतु, प्राकृतिक स्रोत एवं वनस्पति विलुप्त हो रहे हैं, जिससे पृथ्वी असंतुलित हो रही है। विलुप्त होते जीव-जंतु और वनस्पति की रक्षा के लिये विश्व-समुदाय को जागरूक करने के लिये ही इस दिवस को मनाया जाता है।

आज चिन्तन का विषय न तो रूस-यूक्रेन युद्ध है, न अमेरिका का टैरिफ वार है और न मानव अधिकार, न कोई विश्व की राजनैतिक घटना और न ही किसी देश की रक्षा का मामला है। चिन्तन एवं चिन्ता का एक ही मामला है लगातार विकराल एवं भीषण आकार ले रही गर्मी, सिकुड़ रहे जलस्रोत, विनाश की ओर धकेली जा रही पृथ्वी एवं प्रकृति के विनाश के प्रयास। बढ़ती जनसंख्या, बढ़ता प्रदूषण, नष्ट होता पर्यावरण, दूषित गैसों से छिद्रित होती ओजोन की ढाल, प्रकृति एवं पर्यावरण का अत्यधिक दोहन- ये सब पृथ्वी एवं पृथ्वीवासियों के लिए सबसे बडे.खतरे हैं और इन खतरों का अहसास करना ही विश्व पृथ्वी दिवस का ध्येय है। प्रतिवर्ष धरती का तापमान बढ़ रहा है। आबादी बढ़ रही है, जमीन छोटी पड़ रही है। हर चीज की उपलब्धता कम हो रही है। आक्सीजन की कमी हो रही है। साथ ही साथ हमारा सुविधावादी नजरिया एवं जीवनशैली पृथ्वी और उसके पर्यावरण एवं प्रकृति के लिये एक गंभीर खतरा बन कर प्रस्तुत हो रहा है।

जल, जंगल और जमीन इन तीन तत्वों से पृथ्वी और प्रकृति का निर्माण होता है। यदि यह तत्व न हों तो पृथ्वी और प्रकृति इन तीन तत्वों के बिना अधूरी है। विश्व में ज्यादातर समृद्ध देश वही माने जाते हैं जहां इन तीनों तत्वों का बाहुल्य है। आधुनिकीकरण के इस दौर में जब इन संसाधनों का अंधाधुन्ध दोहन हो रहा है तो ये तत्व भी खतरे में पड़ गए हैं। अनेक शहर पानी की कमी से परेशान हैं। कलकखानों में कटती गायों की निरीह आहें जिसे बेचैन कर देती थीं। जो वन्य पशु-पक्षियों को खदेड़कर अपनी बस्तियों बसाने का बौना स्वार्थ नहीं पालता था।

## 10000 प्रशासनिक अधिकारियों के जिम्मे नागरिकों के मौलिक अधिकार

भारत में 21 अप्रैल को सिविल सर्विस डे मनाया जाता है। भारतीय संविधान ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सुनिश्चित किया है। संविधान ने न्यायपालिका, विधायिका और कार्यपालिका के रूप में ब्रह्मा, विष्णु, महेश की तर्ज पर भारतीय संविधान की रचना की है। संविधान ने सभी की जिम्मेदारी तय की है। संविधान द्वारा न्यायपालिका विधायिका और कार्यपालिका को अधिकार और कर्तव्य दोनों ही सुनिश्चित किए गए हैं। संविधान निर्माताओं में से एक स्वतंत्र भारत के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल, ने 10 अक्टूबर 1949 को सिविल सेवा के अधिकारियों की भूमिका पर मार्गदर्शन देते हुए कहा था। मेरी सलाह है, आप पूरी स्वतंत्रता के साथ कार्य करें। यदि आप मुखिया हैं, तो अपने अधीनस्थ को स्वतंत्रता से बोलने का अवसर दें। अधिकारियों को बिना किसी डर या पक्षपात के अपने विचार रखने की आजादी है। यदि विचार रखने की स्वतंत्रता नहीं होगी, ऐसी स्थिति में भारत का नवनिर्माण नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि मेरा सचिव यदि मेरे किसी विचार से सहमत नहीं है, तो भी वह अपने विचार पूरी स्वतंत्रता के साथ लिख सकता है। प्रशासनिक सेवा के अधिकारी किसी डर और भय के कारण स्पष्ट राय नहीं देते हैं। उसे लगता है, कि मंत्री या वरिष्ठ अधिकारी नाराज हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में प्रशासनिक सेवा में रहने का कोई कारण नहीं है। पटेल ने प्रथम संबोधन में सांसदों से अपेक्षा की थी। प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों का सम्मान और उनके अच्छे कार्यों का समर्थन करें। यदि वह लापरवाही और गलत काम करते हैं। ऐसी स्थिति में शासन का ध्यान आकर्षित करें। अच्छे कार्यों की प्रशंसा करें। सरदार पटेल कठोर प्रशासक के रूप में जाने जाते है। स्वतंत्रता मिलने के पश्चात उन्होंने रियासतों को भारत में विलय करने के लिए जो कार्य किया था। उसकी प्रशंसा आज भी सारी दुनिया में होती है। उन्होंने भारतीय सेवा के अधिकारियों को सजाह देते हुए कहा था। प्रशासन को पूरी तरह से निष्पक्ष और भ्रष्टाचार मुक्त बनाएं। सिविल सेवा के अधिकारी को राजनीति में भाग नहीं लेना चाहिए। सांप्रदायिक विवादों में उसे दूर रहना चाहिए। भारतीय सेवा के अधिकारियों से उम्मीद की जाती है। वह बिना किसी डर या पक्षपात के बाहरी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना अपना कार्य करेंगे। स्वतंत्रता संग्राम से जुड़े नेताओं की पीढ़ी में भारतीय सेवा के अधिकारी बेहतर ढंग से संविधान के अनुरूप अपना कार्य कर रहे थे। भारत में जब से गठबंधन की सरकारें आना शुरू हुई हैं। उसके बाद भारतीय सेवा के अधिकारियों में भारी परिवर्तन देखने को मिल रहा है। वह सत्ता के दबाव और प्रलोभन के चलते अपनी भूमिका का सही ढंग से निर्वाह नहीं कर रहे हैं। यही नहीं कह पा रहे हैं। जिसके कारण भारत की कार्यपालिका मैं डर, भय, पक्षपात और भ्रष्टाचार अब सभी और देखने स्थिति विधायिका की हो गई है। जो अपने आप को संविधान से भी सर्वोपरि मानने लगी है। विधायिका को लगता है, चुनाव जीतने के बाद वह जो चाहे कर सकते हैं। न्यायपालिका को संविधान ने नागरिकों के मौलिक अधिकारों को सुरक्षित रखने जो अधिकार दिए हैं। जज अपने कर्तव्य का पालन नियम कानून और संविधान के अनुरूप करें। न्यायपालिका को संविधान ने सीधे अधिकार नहीं दिए हैं। विधायिका और कार्यपालिका के शासन-प्रशासन तंत्र द्वारा यदि संविधान के अनुसार कार्य नहीं किये जाने पर नियंत्रित करने के अधिकार दिये है। संविधान ने न्यायपालिका को विधायिका और कार्यपालिका के पर अंकुश बनाये रखने का दायित्व सौंपा है। सरकार का दबाव अब न्यायपालिका के ऊपर स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है। उसमें न्यायपालिका अब विफल होती हुई दिख रही है। विधायिका और कार्यपालिका ऐसा कोई कानून नहीं बना सकती है। जिससे नागरिकों के या किसी समुदाय के मौलिक अधिकारों का हनन हो। कोई ऐसा नियम भी नहीं बनाया जा सकता है। विधायिका और कार्यपालिका को नियंत्रित करने के लिये संविधान ने सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के जजों को विशेष अधिकार दिए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में राज्यपालों की भूमिका में संघीय व्यवस्था तथा वक्फ कानून को लेकर सही समय पर सही निर्णय करने से सरकार बौखला गई है। सरकार के नुमाइंदे न्यायपालिका के ऊपर तरह-तरह के आरोप लगा रहे हैं।

## चिंतन-मनन

### मृत्यु का अर्थ

मृत्यु एक शात सत्य है। यह अनुभूति प्रत्यक्ष प्रमाणित है, फिर भी इसके संबंध में कोई दर्शन नहीं है। अब तक जितने ऋषि-महर्षि या संत-महंत हुए हैं, उन्होंने जीवन दर्शन की चर्चा की है। जीवन के बारे में ऐसी अनेक दृष्टियां उपलब्ध हैं जिनसे जीवन को सही रूप में समझा जा सकता है और जिया जा सकता है। किंतु मृत्युक को एक अवश्यंभावी घटना मात्र मानकर उपेक्षित कर दिया गया। मृत्यु के पीछे भी कोई दर्शन है, इस रहस्य को अधिक लोग पकड़ ही नहीं पाए। यही कारण है कि जीवन दर्शन की भांति मृत्यु दर्शन जीवन में उपयोगी नहीं बन सका। जैन दर्शन एक ऐसा दर्शन है जिसने जीवन को जितना महत्व दिया, उतना ही महत्व मृत्यु को दिया। बशर्ते कि वह कलात्मक हो। कलात्मक जीवन जीने वाला व्यक्ति जीवन की सब विसंगतियों के मध्य जीता हुआ भी उसका सार तत्व खींच लेता है। इसी प्रकार मृत्यु की कला समझने वाला व्यक्ति भी मृत्यु से भयभीत न होकर उसे चुनौती देता है। जैन दर्शन में इसका सवार्गीण विवेचन उपलब्ध है। मृत्यु का अर्थ है- आयुष्य प्राण चुक जाने पर जीव का स्थूल शरीर से वियोग,इसके कई प्रकार हैं। उन सबका संक्षिप्त वर्गीकरण किया जाए तो मृत्यु के दो प्रकार होते हैं- बाल मरण और पंडित मरण. असंयम और असमाधिमय मरण बाल मरण है।अकाल मृत्यु, आत्महत्या, अज्ञान मरण आदि सभी प्रकार के मरण बाल मरण में अंतर्निहित है। संयम और समाधिमय मृत्यु पंडित मरण है।

# संसाधनों के अंतहीन दोहन से बढ़ रहा धरती का तापमान

-राज कुमार सिन्हा

पृथ्वी का निर्माण करीब 4.6 अरब साल पहले हुआ था। पृथ्वी पर जीवन का विकास करीब 460 करोड़ वर्ष पहले हुआ था। परन्तु धरती तो तब से संकट में है,जब से मनुष्य अपना नाम दर्ज करा कर उसका मालिक बन बैठा है। उसने यह मानने से इंकार कर दिया है कि मनुष्य के नाते वह भी प्रकृति का हिस्सा है। मनुष्य और प्रकृति एक दूसरे के पूरक हैं। दोनों का साथ और सहयोग ही पृथ्वी को हरा-भरा और खूबसूरत बना सकता है। लेकिन हम सभी इस पूरकता को भूलते जा रहे हैं। मनुष्य के सहयोग से उपभोग की बढ़ती लालसाओं का ही परिणाम है कि जल, जंगल और जमीन की समस्या आज सभी समस्याओं में केंद्रीय समस्या बनकर उभर रही है। पृथ्वी केवल मनुष्य की नहीं है बल्कि इस जगत में व्याप्त सभी प्राणियों की है। इन सभी के सहयोग व सहचर्य के कारण पृथ्वी जीवित है।आज व्यक्ति व सामाजिक हितों की टकराहट के कारण पृथ्वी में असंतुलन की स्थितियां पनप रही है। आधुनिक जीवनशैली की प्रवृत्तियों ने प्रकृति के साथ हमारे संबंधों को तनावपूर्ण बना दिया है, जिससे स्थिरता में कमी आई है। यह समस्या अब गंभीर हो चुकी है और इसका समाधान यही है कि हम प्रकृति के साथ ऐसा संबंध स्थापित करें जो उसके सम्मान, संरक्षण एवं संतुलन को बनाए रखे। हमें प्रकृति के साथ शांतिपूर्ण व्यवहार करते हुए ऐसे रहना होगा जैसा कि हम उसका एक साधारण अंश मात्र हैं।

आधुनिकता के चलते मनुष्य प्रकृति से दूर होता जा रहा है, जिससे कई समस्याएं पैदा हो रही है। वहीं, प्रकृति में रहने से रचनात्मकता बढ़ती है।भारत की बात करें तो इंग्लैंड स्थित ह्ययूटिलिटी बिडरह्न की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले तीस वर्षों में 6,68,400 हेक्टेयर जंगल देश ने खो दिया है। वर्ष 1990 से 2020 के बीच वनों की कटाई की दर में भारत दुनिया के दूसरे सबसे बडे देश के रूप में उभरा है। ह्यग्लोबल फोरेस्ट वाचह्न ने यह भी बताया है कि 2013 से 2023 तक 95 प्रतिशत वनों की कटाई प्राकृतिक वनों में हुई है।जैव-विविधता पर ह्यअंतर-सरकारी निकायह्न (आईपीबीईएस) के अनुसार, पृथ्वी की सतह का तीन-चौथाई हिस्सा पहले ही मानव जाति के लालची उपभोग के कारण काफी हद तक बदल चुका है और दो-तिहाई महासागरों का क्षरण हो चुका है। पहले के मुकाबले 10 गुना ज्यादा तेजी से पिघल रहे हैं हिमालय के ग्लेशियर, भारत में गहरा सकता है जल संकट।वेटलैंड इंटरनेशनलह्न के अनुसार भारत की करीब 30 प्रतिशत आर्द्रभूमि पिछले तीन दशकों में विलुप्त हो चुकी है। आद्रभूमि (वेटलैंड) हमारा सबसे प्रभावी पारिस्थितिकी तंत्र है। ये कार्बन डाइऑक्साइड को अवशोषित कर तापमान कम करने और प्रदूषण घटाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। बीसवीं सदी के दौरान मानव जनसंख्या में तीन गुना की वृद्धि हुई है और दुनिया का सकल घरेलू उत्पाद बीस गुना बढ़ा। ऐसे विस्तार ने इस ग्रह की पारिस्थितिकी पर उल्लेखनीय दबाव बढ़ाया।हर जगह जब हम वायुमंडल, समुद्र, जलाशय, जंगल, मिट्टी को देखते हैं तो यह स्पष्ट होता है कि पारिस्थितिकी में बहुत तेजी से गिरावट हो रही है। उन्नीसवीं सदी के जर्मन दार्शनिक शोपेनहावर ने एक बार कहा था कि एक आदमी जैसा चाहे जी सकता है। लेकिन वो जो चाहता है वह नहीं चाह सकता है। देखा जाए तो व्यक्ति खुद की आंतरिक इच्छाओं के अनुरूप कार्रवाई नहीं करता है, बल्कि उत्पादन का ट्रेडमिल उसे चलाता है,जिस पर हम सबलोग स्थापित हैं और जो पर्यावरण का मुख्य दुश्मन बन गया है।यह ट्रेडमिल उस दिशा में बढ़ती है जो इस ग्रह के बुनियादी पारिस्थितिकी चक्र से उलट है। ऐसा लगता है कि पर्यावरण के दृष्टिकोण से हमारे पास उत्पादन के ट्रेडमिल का प्रतिरोध करने के अलावा कोई विकल्प नहीं होगा।जब ग्लोबल वार्मिंग की दर को धीमा करने के लिए कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी की बात आती है तो पूंजीपति वर्ग विभाजित हो जाता है। संयुक्त राज्य अमरीका में शासक वर्ग का एक महत्वपूर्ण हिस्सा अधिक कुशल प्रौद्योगिकी पर विचार करने की बात करने लगता है। जहां तक पेट्रोलियम हितों का सवाल है,तेल की मांग को बढ़ावा देने में उनका निहित स्वार्थ स्पष्ट है। ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में बाध्यकारी कटौती वाला क्योटो प्रोटोकॉल स्पष्टतः अमरीकी पूंजी और उसकी सरकार जो चाहती थी, उससे कहीं आगे था।जब जलवायु समझौते को खारिज करने का कोई वैचारिक आधार नहीं रहा तो उसे स्वीकार करने को मजबूर होना पड़ा।अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने जलवायु परिवर्तन पर वैश्विक सहयोग के लिए किए गए पेरिस समझौते से अमेरिका को अलग कर दिया है। हमें ऐसे विकल्पों का अनुसरण करना चाहिए जो मुनाफे की हवस से नहीं बल्कि लोगों की वास्तविक जरूरतों और समाजिक - पारिस्थितिकीय टिकाऊपन की जरूरतों से संचालित हो।

माह मार्च 2025 वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे गर्म मार्च था, जिसमें धरती के सतह पर वायु का औसत तापमान 14.06 डिग्री सेल्सियस था, जो 1991-2020 के औसत से 0.65 डिग्री सेल्सियस अधिक और पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.60 डिग्री सेल्सियस अधिक था।मार्च 2025 पिछले 21 महीनों में से 20वां महीना था, जिसमें वैश्विक स्तर पर सतह का औसत वायु तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक था।पॉट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इम्पेक्ट रिसर्च द्वारा किए गए एक अध्ययन में बताया गया है कि दुनिया भर में कार्बन चक्र प्रक्रियाओं के कारण इस सहस्त्राब्दी में पिछले अनुमानों के मुकाबले गर्मी में कहीं अधिक इजाफा हो सकता है। वैश्विक तापमान वृद्धि को दो डिग्री सेल्सियस से कम पर सीमित रखने के पेरिस समझौते को हासिल करना केवल बहुत कम उत्सर्जन परिदृश्यों के तहत संभव है। एक अध्ययन से पता चला है कि वैश्विक तापमान में चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि के साथ ही सदी के अंत तक वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 40 फीसदी तक की कमी आ सकती है। शोधकताओं के अनुसार वैश्विक तापमान में होता इजाफा की तरह से अर्थव्यवस्था को नुक्सान पहुंचा रहा है। दुनिया के बढ़ते तापमान का असर रहा कि 2022 में कृषि पैदावार में करीब 20 फीसदी की कमी आई है। आईआईटी मुंबई के प्रोफेसर चेतन सोलंकी के अनुसार जैसे- जैसे तापमान बढ़ता है,हम खुद को ठंडा रखने के लिए अधिक से अधिक फ्रिज, कूलर, एसी, पंखे का इस्तेमाल करते हैं। इसमें उर्जा की खपत होती है इस उर्जा का अधिकांश हिस्सा जीवाश्म ईंधन, खासकर कोयले को जलाने से आता है जो वायुमंडल में कार्बन डाइऑक्साइड और ग्रीन गैसों का उत्सर्जन करता है। इसलिए गर्मी से बचने की हमारी कोशिशें उल्टे गर्मी को बढ़ा रहा है। पृथ्वी पर तापमान बढ़ने के पीछे मुख्य कारण मानवीय गतिविधियों से उत्सर्जित ग्रीनहाउस गैसें हैं। इन गैसों में कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, सीएफसी और नाइट्रस ऑक्साइड शामिल है। इनके बढ़ने से ग्रीनहाउस का प्रभाव बढ़ता है और पृथ्वी गर्म होती है।नेचर क्लाइमेट चेंज के मुताबिक दुनिया में रोजाना 1 करोड़ 70 लाख मेट्रिक टन कार्बन पैदा हो रही है।

# कपड़ों से पहचान वाया श्मशान-कब्रिस्तान और अब पंक्चर तक पहुंचा राजनैतिक विमर्श

- तनवीर जाफरी

भारतीय जनता पार्टी के बड़े से लेकर छोटे नेता तक जब कभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक रूप से नाम लेते हैं तो उनके नाम के साथ यशस्वी शब्द जरूर लगाते हैं। देश को इसके पहले लंबे समय तक शासन करने वाले पंडित जवाहरलाल नेहरू व इंदिरा गाँधी जैसे प्रधानमंत्री भी मिले। परन्तु उनके नाम के साथ यशस्वी शब्द कम से कम स्थाई रूप से इसतरह चिपका हुआ नहीं देखा गया। बजाये इसके वर्तमान यशस्वी प्रधानमंत्री को कांग्रेस की सरकारों विशेषकर पंडित नेहरू की विभिन्न अवसरों पर आलोचना करते हुये जरूर देखा गया। निश्चित रूप से अपने समर्थकों की नजरों में नरेंद्र मोदी यशस्वी प्रतापी,महान,हिन्दू ह्रदय सम्राट कुछ भी हो सकते हैं। परन्तु देश का निष्पक्ष नागरिक जब यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना कांग्रेस के ही उन पूर्व प्रधान मंत्रियों से करता है जिसकी मोदी आलोचना करते हैं तो निश्चित रूप से वह पंडित नेहरू व इंदिरा गाँधी के सार्वजनिक भाषणों की भी तुलना यशस्वी प्रधानमंत्री के भाषणों व उसके मुख्य मुख्य अंशों से जरूर करना चाहता है। और यह भी जानना चाहता है कि मात्र बहुसंख्य वोट हासिल करने के लिये क्या कभी इन पूर्व प्रधानमंत्रियों द्वारा भी ऐसी शब्दावलियों का प्रयोग किया गया जैसी कि हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री द्वारा बार बार की जाती है ? क्या इसतरह के भाषण और इस स्तर की भाषा ही हमारे प्रधानमंत्री को यशस्वी प्रधानमंत्री बनाती है ?

पिछले दिनों देश के यही यशस्वी प्रधानमंत्री हरियाणा के हिसार पधारे। यहाँ एक जनसभा में वक़्फ़ कानून का ज़िक्र करते करते कुछ ऐसे शब्द उनके मुंह से निकले जिससे उनका यश रातोंरात चौगुना हो गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए यहाँ भी अपनी प्रिय पंच लाइन तो दोहराई ही कि कांग्रेस पार्टी वक़्फ़ को लेकर तुष्टीकरण की राजनीति कर रही है। साथ ही उन्होंने यह भी कह डाला कि- वक़्फ़ की संपत्ति का अगर ईमानदारी से उपयोग हुआ होता तो मुसलमान नौजवानों को साइकिल का पंक्चर बनाकर ज़िंदगी नहीं गुजारनी पड़ती। इत्तेफाक से जिसदिन प्रधानमंत्री अपने इस बेशकीमती वचनों के द्वारा समुदाय विशेष के युवाओं को पंक्चर बनाने वाला युवा बता रहे थे उसी दिन संविधान निमार्ता बाबासाहेब की जयंती भी थी। इस बेशकीमती वाक्य के उनके मुंह से निकलते ही यशस्वी प्रधानमंत्री को लोगों ने खासकर विपक्ष ने आईना दिखाना शुरू कर दिया। जो प्रधानमंत्री देश के युवाओं को पकौड़ा बेचने की सलाह देते थे वही पंक्चर जैसे व्यवसाय का मजाक उड़ाते दिखाई दिये? यहाँ यह याद दिलाना जरूरी है कि आज की मंहगाई के समय में पंक्चर बनाने का व्यवसाय शुरू करना भी आसान नहीं है। लाखों रुपए,उपयुक्त स्थान, बिजली, एयर कम्प्रेसर, भरपूर मेहनत और भी बहुत कुछ कुछ चाहिये पंक्चर का व्यवसाय शुरू करने के लिये। वैसे भी यह रोजगार भीख मांगने या खंजरी बजाने से तो कहीं बेहतर और इज्जत वाला कारोबार है साथ ही यह वाहन चालकों को बड़ी राहत पहुँचाने वाला व्यवसाय है। याद कीजिये राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता इंद्रेश कुमार ने कुछ वर्ष पूर्व इंदौर में एक कार्यक्रम में कहा था कि भीख मांगना भी देश के 20 करोड़ लोगों का रोजगार है, जिन्हें किसी ने रोजगार नहीं दिया उन लोगों को धर्म में रोजगार मिलता है।

## आज का राशिफल

**मेष** आज का दिन बहुत अच्छा है। आपके अच्छे कार्यों से आपका और आपके परिवार का मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला** आज दिन शुभ नहीं है और आपको सोच-समझकर काम करने की सलाह दी जाती है।

**वृषभ** आपको संतान की तरफ से अच्छी खबर मिलेगी। उनकी सफलता से आपको खुशी होगी।

**वृश्चिक** भाग्य का साथ मिल रहा है। आपको किसी बहुमूल्य वस्तु के प्राप्त होने की संभावना है।

**मिथुन** करियर के मामले में अधिक अनुकूल नहीं है। कोई नया काम आरंभ न करने की सलाह है।

**धनु** आज लाभ का दिन है और आपके सुख में वृद्धि होगी। आपको आध्यात्म से ज्ञान की प्राप्ति होगी।

**कर्क** आज दिन बहुत शुभ है। अगर आपकी पदोन्नति रुकी हुई है, तो वह जरूर हो जाएगी।

**मकर** आज लाभ का दिन है और आपके अंदर शारीरिक शक्ति और उत्साह अधिक रहेगा।

**सिंह** आज दिन व्यापार में नए बदलाव लेकर आएगा। नौकरी करने वालों के अधिकार बढ़ेंगे।

**कुंभ** आज दिन सामान्य रहेगा और आपको धैर्य से काम लेने की सलाह दी जाती है।

**कन्या** आज लाभ होगा और आपका दिन शुभ होगा। साथ ही जिम्मेदारियां भी बढ़ेंगी।

**मीन** आज दिन सफलता से भरा होगा। अगर आप किसी वित्तीय संस्था या व्यक्ति से लोन लेना चाहते हैं।

## विशेष

# विवादों के घेरे में आखिर क्यों देश के सर्वोच्च पद !

देश में राष्ट्रपति, राज्यपाल के पद सर्वोच्च एवं सम्मानीय है, जिन्हें सर्वप्रथम नागरिक का दर्जा मिला हुआ है। जिनकी आलोचना करना, कार्यशैली पर प्रश्न उठाना न्याय संगत देशहित में कदापि नहीं। इस पद पर आसीन व्यक्ति को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उसकी कार्यशैली विवादास्पद एवं पक्षपात पूर्ण नहीं हो। पर जब से इन पदों पर राजनीतिक समर्थक व्यक्ति का चयन किया जाने लगा, ये पद विवादास्पद होते गये। देश में राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति पद पर आने की चुनाव प्रक्रिया तो है पर जिस तरीके से यहां चुनाव होता है, उसमें सत्ता धारी राजनीतिक दल का प्रभाव समाहित होता है। इसी तरह राज्यपाल एवं उपराज्यपाल के पद पर मनोनयन की प्रक्रिया जारी है जहां केंद्र सत्ताधारी राजनीतिक दल का प्रभाव पूर्ण रूप से हावी रहता है। देश की सत्ता बदलती रही पर राष्ट्रपति , उपराष्ट्रपति के चयन एवं राज्यपाल, उपराज्यपाल के पद पर मनोनयन की प्रक्रिया नहीं बदली। इन पदों पर केंद्रित सत्ताधारी राजनीतिक दल का राजनीतिक प्रेरित व्यक्ति का मनोनयन आज तक होता रहा है। जहां प्रदेश में केंद्र की सत्ता से हटकर अलग राजनीतिक दल की सरकार होती है, राज्यपाल, उपराज्यपाल के पद विवादित होते रहे है। इस प्रक्रिया में आगे भी होते रहेंगे। अब तो लोकतंत्र का स्तंभ न्यायालय की आवाज भी इस दिशा में गूंजने लगी है, इस पर विचार होना चाहिए। जब तक इन सर्वोच्च सम्मानीय पदों पर आगमन राजनीतिक प्रेरित होता रहेगा, इन पदों पर आसीन व्यक्ति विवादित होते ही रहेंगे।

## कार्टून कोना





### आज का इतिहास

1529 स्पेन और पुर्तगाल ने प्रशांत में अपने हितों को रक्षा के लिए एक समझौता किया. 1724 जर्मन दार्शनिक इमैनुएल कांट का जन्म हुआ. 1796 फ्रांस के नेपोलियन बोनापार्ट ने पाइमों सेना को पराजित किया. 1979 प्रथम विश्व युद्ध में जर्मन सेना ने पश्चिमी मोर्चे पर पहली बार जहरीली गैस का प्रयोग किया 1924 नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने आईसीएस से इस्तीफा दिया. 1926 फ्रांस, तुर्की और अफगानिस्तान में आपसी सुरक्षा संधि हुई. 1934 मिस्त्र और इराक में मैत्री संधि हुई. 1946 चीन ने अपने अधीन तिब्बत को क्षेत्रीय स्वायत्तता देने के लिए दलाई लामा की अध्यक्षता में समिति गठित की. 1958 नौ सेना के प्रथम भारतीय प्रमुख आर. डी. कटारी ने पदभार संभाला. 1969 ब्रिटेन के राबिन नाक्स जान्सन ने समुद्री मार्ग से दुनिया की यात्रा अकेले पूरी की.

## दैनिक पंचांग

22 अप्रैल 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



मंगलवार 2025 वर्ष का 112 वा दिन
दिशाशूल उत्तर ऋतु ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2082 शक संवत् 1946 मास वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) पक्ष कृष्ण तिथि नवमी 18.13 बजे को समाप्त। नक्षत्र श्रवण 12.44 बजे को समाप्त। योग शुभ 21.13 बजे को समाप्त। करण तैतिल 06.42 बजे तदनन्तर गर 18.13 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 23.6 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 12° 13'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872322
जूलियन दिन 2460787.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2551
हिजरी सन् 1446
महीना सव्वाल
तारीख 23
विशेष पृथ्वी दिवस।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 06.52 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मिथुन | 08.50 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 11.04 बजे से |
| बुध | मीन में | सिंह | 13.20 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 15.32 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 17.43 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 19.57 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 22.13 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 00.19 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कुंभ | 02.05 बजे से |
| | | मीन | 03.38 बजे से |
| | | मेष | 05.08 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभस्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore



# गार्डन को करने जा रही हैं डेकोरेट तो इन टिप्स को करें फॉलो

**हम कई तरह के सामानों से घर के कोने-कोने को सजाते हैं, लेकिन जब गार्डन को सजाने की बात आती है तो इसे डेकोरेट करने में थोड़ी अधिक मेहनत लग जाती है।**

घर को सजाने के लिए आप कई चीजों का यूज करती होंगी लेकिन गार्डन को डेकोरेट करने में अगर आपको अधिक समय लगता है और यह समझ नहीं आता है कि गार्डन कैसे डेकोरेट करें तो हम आपको बताएंगे कुछ ऐसे तरीके जिससे आप गार्डन को आसानी से डेकोरेट कर सकती हैं।

## गमलों से ऐसे सजाएं गार्डन

गार्डन को सजाने के लिए सबसे पहले गमलों पर सीशेल लगाकर चिपका दें या फिर गमलों पर पेंट करके उसे कई सारे सीशेल से कवर कर दें। ऐसा करने से गमले अधिक सुंदर लगते हैं। आप गार्डन को सुंदर बनाने के लिए छोटे-छोटे गमलों को एक साथ रखें। इसके बाद बड़े गमलों को एक साथ रखें। इससे गार्डन दिखने में बड़ा और यूनिक लगेगा।

## गार्डन के अंदर ऐसे करें डेकोरेट

अपने बगीचे की सजावट करने के लिए आपको उन पौधों का चुनाव करना चाहिए जिनमें अधिक फूल खिलते हैं। इन पौधों को आप गार्डन के अंदर वाले भाग की लाइन में लगा सकती हैं। इससे गार्डन का बीच वाला भाग खाली रहेगा तो आप कोई चेयर या चेबल भी गार्डन में रख सकती हैं। इसके अलावा आप गार्डन की बाउंड्री पर हैंगिंग प्लांट्स भी लगा सकती हैं।

## छोटे-छोटे फाउंटेन से सजाएं गार्डन

आप गार्डन में छोटे-छोटे फाउंटेन लगाकर भी गार्डन को डेकोरेट कर सकती हैं। इसके अलावा आप कुछ ऐसे गार्डन डेकोरेटिव आइटम्स भी रख सकती हैं जो आपके गार्डन की खूबसूरती को अधिक बढ़ा दें। ऐप मार्केट या ऑनलाइन इन डेकोरेटिव आइटम्स को खरीद सकती हैं।  अगर आप गार्डन को न्यू लुक देना चाहती हैं तो यूनिक एनिमल शेप्ड प्लांटर भी खरीद सकती हैं। ये दिखने में बेहद सुंदर लगते हैं और गमले की तरह ही आप इसमें कोई भी पौधा लगा सकती हैं।

## प्लांट स्टैंड से सजाएं गार्डन

बड़ी जगह पर एक साथ कई पौधों को रखने के लिए आप प्लांट स्टैंड का इस्तेमाल कर सकती हैं। प्लांट स्टैंड आपको आसानी से नर्सरी या फिर ऑनलाइन मिल जाएगा। इसे आप कार्नर स्पेस में रख सकती हैं और फिर एक साथ छोड़े-बड़े गमले रख सकती हैं। ऐसा करने से गमलों के कारण गार्डन में गंदगी जमीन पर नहीं जमती है और गार्डन यूनिक भी लगता है।



बच्चों में सोशल मीडिया के यूज को कंट्रोल करना इस समय बहुत जरूरी हो गया है। सही दिशा-निर्देश और समर्थन के साथ, बच्चे सोशल मीडिया का सुरक्षित और संतुलित तरीके से उपयोग कर सकते हैं।

# सोशल मीडिया बर्बाद कर रहा है आपके बच्चे का दिमाग, आज नहीं जागे तो जिंदगी भर होगा पछतावा

आज के समय में सोशल मीडिया ने हर किसी को अपना दीवाना बना रखा है। सुबह उठते ही हम अपना सोशल मीडिया अकाउंट चेक करते हैं और रात को सोने से पहले भी देखते हैं। सोशल मीडिया का कहर इतना ज्यादा है कि बड़े ही नहीं बल्कि बच्चे भी इसकी चपेट में आ रहे हैं। बच्चों को भी अब सोशल मीडिया की गंभीर लत लग गई है। सोशल मीडिया के युग में, बच्चों और किशोरों के मानसिक स्वास्थ्य पर इंस्टाग्राम की वजह से खतरा मंडरा रहा है। अध्ययन और डेटा एक चिंताजनक प्रवृत्ति की ओर इशारा करते हैं, जिसमें इन प्लेटफार्मों के लगातार उपयोग से चिंता और अवसाद बढ़ रहे हैं। हाल ही में, 33 अमेरिकी राज्यों जिनमें कैलिफोर्निया और न्यूयॉर्क भी शामिल हैं, ने मेटा प्लेटफार्म्स के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की और यह आरोप लगाया कि इंस्टाग्राम ने अपने प्लेटफार्म पर लत को बढ़ावा देकर युवाओं में मानसिक स्वास्थ्य संकट को पैदा कर दिया है।

## पूरी दुनिया पर है खतरा

यह चिंता केवल अमेरिकियों तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी माता-पिता और विशेषज्ञ इस विषय पर चिंतित हैं। इंस्टाग्राम जैसी सोशल मीडिया साइट्स के कारण बच्चों और किशोरों में आत्म-सम्मान की कमी, सामाजिक तुलना और साइबरबुलिंग जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।



## सोशल मीडिया की निगरानी

बच्चों के सोशल मीडिया के उपयोग पर निगरानी रखना आवश्यक है। देखें कि वे सुरक्षित और स्वस्थ तरीके से इन प्लेटफार्मों का उपयोग कर रहे हैं या नहीं। इसके अलावा स्क्रीन टाइम को सीमित करें और बच्चों के लिए समय सीमा निर्धारित करें ताकि वे अन्य एक्टिविटीज भी करें।

## खुलकर बातचीत करें

बच्चों के साथ खुलकर बातचीत करें और सोशल मीडिया के संभावित खतरों और लाभों पर चर्चा करें। उन्हें सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के बारे में शिक्षित करें। माता-पिता के रूप में, अपने बच्चों के लिए एक अच्छा उदाहरण बनें। अगर आप भी सोशल मीडिया का जिम्मेदारी से उपयोग करेंगे, तो आपके बच्चे भी इसका पालन करेंगे।

## नियम और दिशा निर्देश बनाएं

सोशल मीडिया उपयोग के लिए घर पर कुछ नियम और दिशानिर्देश बनाएं। जैसे कि भोजन के समय, होमवर्क के दौरान या सोने के समय सोशल मीडिया का उपयोग न करने का नियम बनाएं। सोशल मीडिया प्लेटफार्मों के प्राइवेसी सेटिंग्स और कंट्रोल्स का उपयोग करें ताकि बच्चे गलत चीजों तक न पहुंच सके। उनकी प्रोफाइल को निजी रखें और इस बात का ध्यान रखें कि वे अजनबियों से संपर्क न करें।

## एप्स और कंटेंट की निगरानी करें

बच्चों द्वारा उपयोग किए जाने वाले एप्स और देखे जाने वाले कंटेंट की निगरानी करें। यह जानना महत्वपूर्ण है कि वे किस प्रकार के वीडियो, पोस्ट और चैट्स में शामिल हैं। समय-समय पर परिवार के साथ डिजिटल डिटॉक्स करें, जिसमें सभी लोग कुछ समय के लिए डिजिटल डिवाइसेज से दूर रहें। यह मानसिक शांति और परिवार के साथ क्वालिटी टाइम बिताने का एक अच्छा तरीका है।



# कहां गलती कर रहे हैं इंडियन पेरेंट्स

बच्चा जब पैदा होता है, तो उसके साथ उसके पीछे कुछ नहीं आता है। बच्चा बस अपने साथ प्यार लेकर आता है और वो दूसरों से भी प्यार की ही अपेक्षा करता है। ऐसे में क्या आपने कभी सोचा है कि अचानक से बच्चे में गुस्सा कहां से आ जाता है। बच्चे में गुस्सा आता है अपने आसपास के माहौल से और उसका माहौल उसके मां-बाप ही बनाते हैं। गलत माहौल में पलने पर बच्चे के अंदर भी नकारात्मक चीजें ही आएंगी।

## रिएक्शन देना

जब बच्चा कोई गलती करता है, तो हम तुरंत उस पर रिएक्ट कर देते हैं या उस पर चिल्लाते हैं या गुस्सा करने लगते हैं। ऐसा करने के बजाय पेरेंट्स को एक सेकंड के लिए पॉज करना चाहिए। इस दौरान आप एक से तीन तक गलती करें। आप देखेंगे कि आपका रिएक्शन काफी बदल गया है और अब आप ज्यादा समझदारी से बर्ताव या रिएक्ट कर रहे हैं।

## बच्चे को कमांड देना


अक्सर मां-बाप अपने बच्चे को निर्देश देते हैं कि उसे क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए। अगर आपको भी लगता है कि आपके बोलने भर से ही बच्चा सीख जाएगा, तो आप गलत हैं। बच्चा आपके बोलने से नहीं बल्कि आपको देखकर सीखता है। आप जो भी करेंगे, बच्चा भी उसे देखकर ही सीखेगा।

## बच्चे मां-बाप को देखते हैं

बच्चे अपने माता-पिता के व्यवहार को देखकर सीखते हैं। यदि माता-पिता सम्मानपूर्वक बातचीत करते हैं, स्वस्थ आदतें अपनाते हैं और सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हैं, तो उनके बच्चे उनका अनुकरण करने की अधिक संभावना रखते हैं।

## अनुशासन और प्रेम का संतुलन

बच्चों के लिए बाउंड्री बनाएं और नियमों को लागू करने के लिए अनुशासन की आवश्यकता होती है। हालांकि, यह भी महत्वपूर्ण है कि माता-पिता अपने बच्चों को बिना शर्त के प्यार और स्नेह दें। आप बच्चे के लिए अनुशासन तो बनाएं लेकिन उसके साथ ही उसे खूब प्यार और सपोर्ट भी दें। इससे आपका अपने बच्चे के साथ रिश्ता भी मजबूत होगा।



# गार्डनिंग के इन चार कामों को आसान बनाती है चीनी

जिन लोगों के स्वीट टूथ होते हैं, वे अक्सर तरह-तरह की मिठाइयां या डेजर्ट खाना पसंद करते हैं। यूं तो डेजर्ट में स्वीटनिंग एजेंट के रूप में कई चीजों का इस्तेमाल किया जा सकता है। लेकिन अधिकतर लोग इनमें चीनी का सेवन करना पसंद करते हैं। इतना ही नहीं, दूध, चाय व शेक्स आदि को तैयार करते हुए भी चीनी का इस्तेमाल किया जाता है। शायद ही कोई व्यक्ति ऐसा हो, जिसकी किचन में चीनी का इस्तेमाल ना किया जाता हो। लेकिन क्या आपने कभी अपनी किचन से बाहर चीनी का इस्तेमाल करने पर विचार किया है। चीनी एक मल्टीपर्पस इंग्रीडिएंट है, जो आपके बेहद काम आ सकती है। आप इसे अपने खाने में ही नहीं, बल्कि स्किन केयर यहां तक कि गार्डनिंग के दौरान भी इस्तेमाल कर सकती हैं। जी हां, सुनने में आपको शायद अजीब लगे, लेकिन गार्डनिंग के दौरान चीनी कई अलग-अलग तरीकों से काम आ सकती है।

## मिट्टी की गुणवत्ता में करे सुधार

गार्डनिंग करते हुए पौधों की बेहतर ग्रोथ के लिए यह जरूरी होता है कि मिट्टी की गुणवत्ता अच्छी हो। ऐसे में चीनी का इस्तेमाल करना अच्छा विचार हो सकता है। चीनी मिट्टी के लिए लाभकारी सूक्ष्मजीवों को फीड करते हैं, जिससे वह अधिक बेहतर बनती है। ये माइक्रोब्स कार्बनिक पदार्थों को डिकंपोज करने और पोषक तत्वों को रिलीज करने में मदद करते हैं। इस माइक्रोबायल एक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए आप पौधों के आस-पास की मिट्टी में 1-2 चम्मच चीनी मिलाएं।

## कंपोस्ट एक्टिवेटर की तरह करती है काम

आपको शायद पता ना हो, लेकिन चीनी एक कंपोस्ट एक्टिवेटर की तरह भी काम करती है। जब आप इसे अपने खाद के ढेर में मिलाते हैं, तो उनका डिकम्पोजिशन तेजी से होने लगता है। चीनी माइक्रोब्स के लिए तत्काल भोजन स्रोत प्रदान करती है। आप कंपोस्ट मैटीरियल में एक नई लेयर शामिल करते समय उसमें मुट्ठी भर चीनी छिड़कें ताकि यह तेज़ी से विघटित हो सके।

## रूटिंग हार्मोन के विकल्प के रूप में करें इस्तेमाल

अगर आप चाहें तो चीनी को रूटिंग हार्मोन के विकल्प के रूप में भी इस्तेमाल कर सकती है। चीनी कटिंग को जड़ें विकसित करने में मदद कर सकती है। इसे इस्तेमाल करने के लिए आप सबसे पहले 1 कप पानी में 1 बड़ा चम्मच चीनी डालकर मिक्स करें। अब मिट्टी में पौधे की कटिंग लगाने से पहले उसके कटे हुए सिरे को चीनी के घोल में डुबोएं। चीनी जड़ों तेजी से बढ़ने में मदद करती है।

## बीजों के अंकुरण में मददगार

बहुत कम लोगों को इस बात की जानकारी है कि चीनी बीज अंकुरण में सहायता कर सकती है। इसके लिए आप बीज बोने से पहले उन्हें कुछ घंटों के लिए चीनी के घोल में भिगोएं। चीनी का घोल बनाने के लिए एक कप पानी में एक चम्मच चीनी मिक्स करें। इससे बीजों को एनर्जी मिलेगी, जिससे अंकुरण जल्द और अधिक बेहतर तरीके से होगा।





# गमले में चाहिए एक दम परफेक्ट गुलाब, तो जान लीजिए राज

**कई लोगों के लिए सुंदरता का मतलब गुलाब की खुशबू होती है। इसलिए लोग सीखना चाहते हैं कि गुलाब कैसे उगाएं और अपने बगीचों को रोमांटिक फूलों से कैसे भरें। इसके लिए हम आपको 5 सीक्रेट बता रहे हैं इन पर ध्यान देने से आपको बिल्कुल परफेक्ट गुलाब मिलेंगे।**

गुलाब हर किसी को पसंद होता है गार्डनिंग का शौक रखने वाले तो जरूर चाहते हैं कि उनके बचीगा गुलाब के फूलों से भर जाए। लेकिन कई बार लोगों को इस फूल को उगाने का सही तरीका नहीं पता होता है, जिसकी वजह से वो पौधा तो लगा लेते हैं लेकिन उसमें परफेक्ट गुलाब खिलते ही नहीं है। गमले में गुलाब को लगाने के लिए किस्म का भी ध्यान रखना चाहिए। एक्टसर्ट की माने तो छायादार बगीचे के लिए बैरेलिना गुलाब की किस्स अच्छी होती है। जो गमले में भी बहुत बढ़िया बढ़ती है।

## समय ही सब कुछ

गुलाब को कब लगाना चाहिए ये जानना सबसे जरूरी बातों में से एक है। वैसे को गुलाब तो पूरे साल लगाया जा सकता है लेकिन जब जमीन जमी हो या पानी भरा हो, या सूखे की स्थिति के दौरान हमेशा गुलाब के पौधे लगाने से बचना चाहिए। ताकी गुलाबों को फलने-फूलने का सबसे अच्छा मौका मिले।

## सही लोकेशन का सिलेक्शन

जब खूबसूरत गुलाब उगाने की बात आती है तो स्थान ही सब कुछ होता है। क्योंकि गुलाब 6 से 8 घंटे की सीधी धूप में पनपते हैं। इसलिए अपने खिलते सनसीकर के लिए एक गर्म स्थान ढूंढना सुनिश्चित करें। साथ ही ध्यान दें कि जगह बहुत ज्यादा खुली और हवादार ना हो। नहीं तो आपके पौधे के बर्बाद होने के चांस बढ़ जाएंगे।

## अल्फाल्फा का इस्तेमाल करें

आपने सुना होगा कि आलू में गुलाब की कलमें उगाने का अच्छा तरीका है। लेकिन एक्सपर्ट का मानना है कि फूलों के लिए एक बेहतर साथी अल्फाल्फा है। प्राकृतिक गुणों की वजह से बागवानी में इसका बहुत ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है। इसलिए गुलाब लगाने के बाद बेस के चारों ओर एक कप अल्फाल्फा भोजन या अमेजन से अल्फाल्फा छर्रों को छिड़कने चाहिए। जिसके बाद आपको अच्छी तरह से पानी भी डालना है।

## सिंचाई का रखें ध्यान

अक्सर लोग गुलाब उगाना सीखते समय सबसे बड़ी गलती कर सकते हैं वह है पर्याप्त मात्रा में पानी का उपयोग न करना। इन्हें लगातार पानी देना और खिलाना जरूरी है, क्योंकि गुलाब कम रखरखाव वाले पौधे नहीं हैं। गुलाबों की सुंदरता सुनिश्चित करने के लिए शुरुआती एक या दो सप्ताह के दौरान उन्हें स्थानीय तापमान के आधार पर रोजाना कम से कम एक गैलन पानी देना चाहिए।

## इस गलती से बचें

अगर सुंदर और खिलते हुए गुलाब चाहते हैं तो आपको गुलाबों में फूल आने के बाद उनके मुरझाए फूलों को हटाने को एक आदत बनाने की जरूरत होगी। इसे डेडहेडिंग भी कहा जाता है, इसकी मदद से पौधे में अधिक फूल खिल पाते हैं। डेडहेडिंग के दौरान गुलाब को पौष्टिक जैविक चारा नये फूल लगना भी शुरू हो जाते हैं।



# 8300 करोड़ रुपये से ज्यादा के लोन नहीं चुका पाई एमटीएनएल

## शेयर में आ गई गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक सरकारी कंपनी 8300 करोड़ रुपये से ज्यादा के लोन नहीं चुका पाई है। यह लोल अलग-अलग बैंकों से लिया हुआ है। इस कंपनी ने शनिवार को यह जानकारी दी थी। अब इसके बाद आज सोमवार को इसके शेयर में गिरावट आ गई। इस कंपनी का नाम महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड है। एमटीएनएल पर कुल कर्ज 33,568 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

एमटीएनएल ने शेयर बाजार को बताया कि वो कई बैंकों का कर्ज चुकाने में नाकाम रही है। इन बैंकों में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक और इंडियन ओवरसीज बैंक शामिल हैं। कंपनी ने एक्सचेंज फाइलिंग में यह जानकारी दी।

## कितना गिरा शेयर?




एमटीएनएल के शेयर में सोमवार को मार्केट खुलने के एक घंटे के भीतर ही दो फीसदी से ज्यादा की गिरावट आ गई। गुरुवार को इसका शेयर 43.85 रुपये पर बंद हुआ था। सोमवार को यह दो फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 42.76 रुपये पर खुला। इसके बाद इसमें और गिरावट आ गई। मार्केट खुलने के एक घंटे के भीतर यह शेयर 5.63 फीसदी की गिरावट के साथ 41.38 रुपये पर आ गया था। हालांकि बाद में इसमें कुछ तेजी नजर आई, लेकिन गुरुवार का आंकड़ा पार नहीं हो पाया। यानी यह शेयर सुबह 10:30 बजे तक लाल निशान पर ही कारोबार कर रहा था। सुबह 10:30 बजे यह शेयर 2.23 फीसदी की गिरावट के साथ 42.87 रुपये पर था।

## कितना कर्ज है कंपनी पर?

एमटीएनएल पर कुल 33,568 करोड़ रुपये का कर्ज है। इसमें बैंकों का 8,346 करोड़ रुपये, राज्य सरकार बॉन्ड का 24,071 करोड़ रुपये और स्त्र बॉन्ड के ब्याज के लिए दूरसंचार विभाग को दिए जाने वाले 1,151 करोड़ रुपये शामिल हैं। बार-बार कर्ज न चुका पाने से पता चलता है कि टेलीकॉम कंपनी के पास पैसों की बहुत कमी है। एमटीएनएल ने पहले भी कई बार शेयर बाजार को चिट्ठी लिखकर बताया था कि वो कर्ज नहीं चुका पा रही है। कंपनी ने पहले भी स्टॉक एक्सचेंज को ऐसी जानकारी दी थी। इससे पता चलता है कि कंपनी की हालत ठीक नहीं है।




## टाटा के शेयर को खरीदने की लूट, इसके बावजूद एक्सपर्ट हैं निराश, प्रॉफिट में आई गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा समूह की कंपनी टाटा एलेक्सी के शेयर लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर आज 6 प्रतिशत से अधिक चढ़कर 5208 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। इसका पिछला बंद प्राइस 4899.75 रुपये था। शेयरों में यह तेजी निराशाजनक मार्च तिमाही के नतीजों के बाद देखी जा रही है। इधर, ब्रोकरेज हाउसों के एनालिस्ट को अपने टारगेट प्राइस को कम करना पड़ा और अधिक सतर्क रुख अपनाना पड़ा।

**क्या है टारगेट प्राइस:** ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली ने टाटा एलेक्सी पर अपनी अंडरवेट रेटिंग बरकरार रखी है और पहले से मामूली उम्मीदों के बावजूद चौथी तिमाही में विफलता का हवाला देते हुए इसका टारगेट प्राइस घटाकर 4,660 रुपये कर दिया है। ब्रोकरेज ने अपने नोट में लिखा है कि ऑटोमोटिव सेगमेंट में डील में कुछ तेजी देखने को मिल सकती है। कमजोर एग्जिट रेवेन्यू के साथ मॉर्गन स्टेनली ने चेतावनी दी कि आय में गिरावट का चक्र जारी रह सकता है और मौजूदा ऊंचे वैल्यूएशन पर स्टॉक एक अंडरपरफ़ॉर्मर बना रह सकता है। जेपी मॉर्गन ने भी अपनी अंडरवेट रेटिंग दोहराई और अपने टारगेट प्राइस को घटाकर 4400 कर दिया।

**मार्च तिमाही के नतीजे:** टाटा एलेक्सी ने चौथी तिमाही में नेट प्रॉफिट में 12.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 196.9 करोड़ से घटकर 172.4 करोड़ रह गया। समीक्षाधीन अवधि के लिए परिचालन से राजस्व 0.3 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) बढ़कर 908.3 करोड़ हो गया। ब्याज, कर, मूल्यह्रास और परिशोधन से पहले की आय (ईबिट्डा) चौथी तिमाही में 20.5 प्रतिशत घटकर 207.7 करोड़ रह गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 261.2 करोड़ थी। क्यू4एनऊवाय25 में ईबिट्डा मार्जिन क्यू4एनऊवाय24 के 28.8 प्रतिशत की तुलना में 22.9 प्रतिशत रहा। बेंचमार्क निफ्टी 50 में 1.5 प्रतिशत की बढ़त की तुलना में इस साल शेयर में 24 प्रतिशत की गिरावट आई है। टाटा एलेक्सी का कुल मार्केट कैप 32,169.44 करोड़ है। ब्रोकरेज ने कहा कि टाटा एलेक्सी लगातार तीसरी तिमाही में रेवेन्यू और मार्जिन दोनों के अनुमानों से चूक गई।

# एक बार निवेश कर हर साल बना सकते हैं 100000 से ज्यादा, पोस्ट ऑफिस की स्कीम में सालाना 7.4 प्रतिशत ब्याज




**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगर आप कपल हैं और नियमित कमाई के लिए अच्छी योजना की तलाश में हैं, तो पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम के बारे में विचार कर सकते हैं। सालाना 7.4 फीसदी की आकर्षक ब्याज दर वाली इस योजना में एक बार निवेश कर नियमित आय का लाभ उठा सकते हैं। कपल इस योजना में ज्वाइंट अकाउंट खुलवाकर हर साल 1.11 लाख और सिंगल अकाउंट के जरिये 66,660 रुपये की कमाई कर सकते हैं। इसमें अकाउंट खोलने के लिए कम-से-कम 1000 रुपये का निवेश जरूरी है। इसके बाद 1,000 रुपये के गुणक में जमा कर सकते हैं। ज्वाइंट अकाउंट में अधिकतम 15 लाख और सिंगल अकाउंट में 9 लाख रुपये जमा कर सकते हैं।

## ऐसे समझें सालाना कमाई का गणित

ज्वाइंट अकाउंट के तहत अगर आप इस योजना में अधिकतम 15 लाख रुपये का निवेश करते हैं, तो सालाना 7.4 फीसदी की दर से हर महीने आपको 9,250 रुपये का ब्याज मिलेगा। इस तरह, आप सालाना 1.10 लाख रुपये की कमाई कर सकते हैं।

सिंगल अकाउंट के मामले में आप योजना में अधिकतम 9 लाख रुपये का निवेश कर सकते हैं। इस पर सालाना 7.4 फीसदी की दर से हर महीने आपको 5,550 रुपये का ब्याज मिलेगा। इस तरह, आप हर साल 66,660 रुपये की कमाई ब्याज के रूप में कर सकते हैं।

## सुरक्षा की 100 फीसदी गारंटी

पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम में आपके पैसों की सुरक्षा की 100 फीसदी गारंटी होती है, क्योंकि यह सरकार समर्थित है। इस लघु बचत योजना में गारंटीड रिटर्न मिलता है।

खास बात है कि ज्वाइंट अकाउंट में हर खाताधारक का निवेश में बराबर हिस्सा होता है। इस योजना की मैच्योरिटी अवधि पांच साल है, लेकिन इसके बाद भी नई ब्याज दर के हिसाब से इसे आगे बढ़ा सकते हैं। पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम स्कीम के तहत अकाउंट एक डाकघर से दूसरे डाकघर में निशुल्क स्थानांतरित किया जा सकता है। हर डाकघर जमा के लिए निवेशक कईअकाउंट खोल सकते हैं। इसमें कोई टीडीएस नहीं लगता है, लेकिन अर्जित ब्याज करयोग्य है।

# गाड़ी पर दो से अधिक चालान तो भरना होगा ज्यादा प्रीमियम, 20 फीसदी तक हो सकती है बढ़त

**नई दिल्ली, एजेंसी।** नया वित्त वर्ष शुरू हो गया है। लोग सोच रहे हैं कि क्या इस बार उन्हें अधिक मोटर बीमा प्रीमियम का भुगतान करना होगा, यदि उनके पास पिछले वित्त वर्ष के दो से अधिक लंबित, भुगतान न किए गए चालान हैं। हालांकि, वर्तमान प्रस्ताव अभी तक लागू नहीं हुआ है और यह मसौदा चरण में है। पॉलिसी जारी होने के बाद चालान की स्थिति को ट्रैक करना व्यावहारिक और प्रणालीगत चुनौतियों का सामना करना होगा है। ऐसे में सड़क परिवहन मंत्रालय, राज्य यातायात विभाग और बीमा कंपनियों के बीच एक सुरक्षित और निरंतर डाटा को साझा करने वाले तंत्र की जरूरत है। हालांकि, इसे लागू करना आसान नहीं होगा, क्योंकि इसके लिए डिजिटल व्यक्तिगत डाटा संरक्षण अधिनियम के तहत कई गोपनीयता और अनुपालन चिंताओं को सुलझाना होगा।

प्रस्तावित नियम में ऐसा मॉडल है, जहां एक वित्त वर्ष में दो लंबित चालान पर बीमा प्रीमियम में 10 से 20 फीसदी तक की बढ़त हो सकती है। बीमा कंपनियां पॉइंट आधारित प्रणाली अपना सकती हैं, जो प्रीमियम दर निर्धारित करती है। प्रीमियम का मूल्य निर्धारण मुख्य रूप से टेलीमैटिक्स आधारित मूल्य निर्धारण तंत्र के जरिये किया जाएगा। अगर बीमा प्रीमियम में बढ़ोतरी का प्रस्ताव कई लंबित चालानों के कारण होता है, तो प्रीमियम की गणना गलतियों को ठीक करने के बाद समायोजित की जाएगी, लेकिन इसे संभालने का तरीका अभी भी स्पष्ट नहीं है। इसमें गलत शुल्कों का सबूत देना या बीमा प्रीमियम को अंतिम रूप दिए जाने से पहले रिकॉर्ड को सही करने के लिए अधिकारियों को अपील प्रस्तुत करना शामिल हो सकता है।



**राज्यस्तरीय डाटा बेस जुटाना प्रमुख समस्या:** प्राथमिक बाधा राज्यस्तरीय डाटाबेस को एकीकृत करना है। भारत के डाटा संरक्षण अधिनियम के कारण यह और भी चुनौतीपूर्ण बन जाता है। बीमा कंपनियों के लिए इसे लागू करने में सरकारी ई-चालान प्रणालियों तक प्रत्यक्ष और वास्तविक समय में पहुंच चाहिए। इस प्रस्ताव में यह भी है कि तीन महीने के भीतर ट्रैफिक ई-चालान का भुगतान न करने पर ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिया जाए। यह प्रस्ताव भी अभी तक लागू नहीं हो पाया है।

## रॉकेट बने जस्ट डायल के शेयर, कंपनी को हुआ है 157 करोड़ रुपये से ज्यादा का मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** लोकल सर्च इंजन कंपनी जस्ट डायल के शेयरों में तूफानी तेजी आई है। कंपनी के शेयर सोमवार को करीब 13 पर्सेंट चढ़कर 1039.85 रुपये पर पहुंच गए हैं। मार्च 2025 तिमाही के जबरदस्त नतीजों के बाद जस्ट डायल के शेयरों में यह तेज उछाल आया है। जनवरी-मार्च 2025 तिमाही में जस्ट डायल का नेट प्रॉफिट सालाना आधार पर 36.2 पर्सेंट बढ़कर 157.6 करोड़ रुपये रहा है। एक साल पहले की समान अवधि में कंपनी को 115.7 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ था। जस्ट डायल का रेवेन्यू सालाना आधार पर 7 पर्सेंट बढ़कर 289.2 करोड़ रुपये रहा है। जस्ट डायल को वित्त वर्ष 2025 में 584.2 करोड़ रुपये का प्रॉफिट हुआ है। कंपनी का मुनाफा सालाना आधार पर 61 पर्सेंट बढ़ा है। वित्त वर्ष 2025 में कंपनी का रेवेन्यू 1141.9 करोड़ रुपये रहा है। वित्त वर्ष 24 के मुकाबले कंपनी का रेवेन्यू 61 पर्सेंट बढ़ा है। मार्च 2025 तिमाही में कंपनी प्लेटफॉर्म पर क्वॉर्टरली यूनीक विजिटर्स 191.3 मिलियन पहुंच गए, सालाना आधार पर इसमें 11.8 पर्सेंट की ग्रोथ दर्ज की गई। वहीं, वित्त वर्ष 2025 में टोटल बिजनेस लिस्टिंग्स 48.8 मिलियन रही है।

**कोटक ने कंपनी के शेयरों को खरीदने की दी है सलाह:** घरेलू ब्रोकरेज फर्म कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज ने अपने रेवेन्यू ग्रोथ और इबिट्डा मार्जिन एस्टिमेट्स को बनाए रखा है। हालांकि, ब्रोकरेज फर्म ने ईपीएस एस्टिमेट्स में 3-5 पर्सेंट की कटौती की है।

## 35 प्रतिशत से ज्यादा चढ़ सकते हैं एचडीएफसी बैंक के शेयर, 17616 करोड़ रुपये का हुआ है मुनाफा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** एचडीएफसी बैंक के शेयर सोमवार को उछलकर 1950 रुपये पर पहुंच गए हैं और बैंक के शेयरों ने 52 हफ्ते का अपना नया हाई बनाया है। कई एनालिस्ट एचडीएफसी बैंक के शेयरों पर बुलिश हैं। एक्सपर्ट्स के मुताबिक, निजी क्षेत्र के इस बैंक के शेयर 35 पर्सेंट से ज्यादा उछल सकते हैं। ब्रोकरेज हाउस बीएनपी पारिबा ने एचडीएफसी बैंक के शेयरों के लिए 2660 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। यानी, मौजूदा लेवल से बैंक के शेयर 35 पर्सेंट से अधिक चढ़ सकते हैं।

**UBS, जेफरीज और नुवामा ने भी दी बाय रेटिंग:** ब्रोकरेज हाउस यूबीएस जेफरीज और नुवामा ने भी एचडीएफसी बैंक के शेयरों को खरीदने की सलाह दी है। इन ब्रोकरेज हाउसेज ने बैंक के शेयरों को बाय रेटिंग दी है। गुरुवार के क्लोजिंग लेवल 1906.55 रुपये से बैंक के शेयरों में 23 पर्सेंट तक का उछाल आ सकता है। यूबीएस, जेफरीज और नुवामा ने एचडीएफसी बैंक के शेयरों के लिए क्रमशः 2250 रुपये, 2340 रुपये और 2190 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। ब्रोकरेज हाउस सीएलएसए और मैक्वेरी ने एचडीएफसी बैंक के शेयरों के लिए आउटपरफॉर्म रेटिंग दी है। सीएलएसए ने बैंक के शेयरों के लिए 2200 रुपये का टारगेट प्राइस दिया है। वहीं, मैक्वेरी ने एचडीएफसी बैंक के शेयरों के लिए 2300 रुपये का टारगेट दिया है। यह बात सीएनबीसी-टीवी 18 की एक रिपोर्ट में कही गई है।

### बैंक को हुआ है 17616 करोड़ का मुनाफा

देश के सबसे बड़े प्राइवेट सेक्टर बैंक, एचडीएफसी बैंक को मार्च 2025 तिमाही में 17,616 करोड़ रुपये का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट हुआ है। सालाना आधार पर बैंक का मुनाफा 6.7 पर्सेंट बढ़ा है। मार्च 2025 तिमाही में बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम सालाना आधार पर 10 पर्सेंट बढ़ी है। बैंक की नेट इंटरेस्ट इनकम 32,070 करोड़ रुपये रही है। एचडीएफसी बैंक ने वित्त वर्ष 2025 के लिए हर शेयर पर 22 रुपये का डिविडेंड रिकमंड किया है। बैंक ने डिविडेंड की रिकॉर्ड डेट 27 जून 2025 फिक्स की है।

## 63 प्रतिशत बढ़ गया यस बैंक का मुनाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में यस बैंक के शेयर आज सोमवार को कारोबार के दौरान फोकस में हैं। चौथी तिमाही के शानदार नतीजों के बाद यस बैंक के शेयर की कीमत में 7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। बैंक के शेयर आज 19.37 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। इसका पिछला बंद प्राइस 18.09 रुपये है। बता दें कि बैंक ने वीकेंड पर अपने मार्च तिमाही के नतीजे घोषित किए। यस बैंक का नेट प्रॉफिट साल-दर-साल 63.3 प्रतिशत बढ़ गया है।

### यस बैंक के क्यू4 रिजल्ट

यस बैंक की रेगुलेटरी फाइलिंग के अनुसार, 31 मार्च, 2025 को समाप्त चौथी तिमाही के लिए इसका नेट प्रॉफिट 738.1 करोड़ रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही के 451.9 करोड़ से 63.3 प्रतिशत अधिक है। यस बैंक की शुद्ध ब्याज आय या एनआईआई वित्त वर्ष 2024 की इसी तिमाही में 2,153 करोड़ से 5.7 प्रतिशत बढ़कर 2,276.3 करोड़ हो गई। बैंक द्वारा लोन पर अर्जित ब्याज और जमाकर्ताओं को दिए जाने वाले ब्याज के बीच के अंतर को शुद्ध ब्याज आय (एनआईआई) के रूप में जाना जाता है।

### एनालिस्ट की राय

स्टॉक में उछाल के बावजूद लेंडर पर कवरेज रखने वाले अधिकांश विश्लेषकों ने स्टॉक पर बेचने की रेटिंग दी है। स्टॉक को कवर करने वाले 12 एनालिस्ट में से 10 ने बेचने की रेटिंग दी है, जबकि दो अन्य ने होल्ड की सिफारिश की है। सभी 12 एनालिस्ट के टारगेट प्राइस 15 से 17 के बीच हैं। यह शेयर अपने सभी टारगेट प्राइस से ऊपर कारोबार कर रहा है, लेकिन 2025 में अब तक 4 प्रतिशत नीचे है। यस बैंक शेयर की कीमत - क्या आपको इसे खरीदना चाहिए, बेचना चाहिए या होल्ड करना चाहिए लक्ष्मीश्री इन्वेस्टमेंट एंड सिक्योरिटीज के अंशुल जैन का मानना है कि 18.2 से ऊपर लगातार ब्रेकआउट से नई गति मिल सकती है, जिसका तत्काल लक्ष्य 21 हो सकता है। तब तक रेंज ट्रेडर 16-18 बैंड खेल सकते हैं।

# गौतम अडानी, अनिल अग्रवाल, बाबा रामदेव... जयप्रकाश एसोसिएट्स को खरीदने के लिए लाइन में खड़े हैं कई दिग्गज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कर्ज में डूबी जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी इंडिया लिमिटेड को बोली को खारिज कर दिया गया है। पिछले साल के अंत में 26 कंपनियों ने इसके लिए बोली लगाई थी।ऋष्ठुरु की बोली रिजेक्ट होने के बाद अब 25 कंपनियों इसे खरीदने की होड़ में रह गई हैं। इनमें अडानी एंटरप्राइजेज, डालमिया भारत, वेदांता, पतंजलि आयुर्वेद और जिंदल पावर शामिल हैं। इसके अलावा जीएमआर ग्रुप, कोटक ऑल्टरनेट एसेट मैनजर्स, ओबेरॉय रियल्टी, टॉरंट पावर, जेपी इन्फ्राटेक और ऑथम इनवेस्टमेंट ने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई है।

हिंदू बिजनसलाइन की एक रिपोर्ट के मुताबिक में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि जयप्रकाश एसोसिएट्स लिमिटेड के लिए एसेट ऋष्ठुरु को बोली को खारिज कर दिया गया है। जयप्रकाश एसोसिएट्स देश की सबसे बड़ी कॉरपोरेट इनसॉल्वेंसी प्रॉसीडिंग्स में से एक है। इस कंपनी का बिजनस इन्फ्रास्ट्रक्चर, रियल एस्टेट, हॉस्पिटैलिटी और नॉन-ऑपरेशनल सीमेंट तक फैला है। कंपनी पर भारी कर्ज है और उसके प्रोजेक्ट देरी से चल रहे हैं।

### कंपनी पर कर्ज

कंपनी पर 57,000 करोड़ से अधिक का कर्ज है। अंतरिम समाधान पेशेवर के दाखिल दस्तावेजों से पता चलता है कि जयप्रकाश एसोसिएट्स पर एसबीआई का सबसे ज्यादा 15,000 करोड़ रुपये का बकाया है। आईसीआईसीआई बैंक 9,204 करोड़ रुपये के साथ दूसरे स्थान पर है। कंपनी के आगरा, नोएडा, दिल्ली और मसूरी में होटल, चुर्कट, रेवत, साधवा खुर्द और चुनार में सीमेंट प्लांट तथा नोएडा के करीब यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट एरिया में जमीन है। बैंक उम्मीद कर रहे हैं कि इन्हें बेचकर कुछ बकाया वसूल किया जा सकता है। आईसीआईसीआई बैंक ने 2018 में कंपनी के खिलाफ याचिका दायर की थी।

# अमेरिका-पेरू की 11 दिवसीय यात्रा पर वित्त मंत्री, प्रबंधन फर्मों के सीईए से करेंगी मुलाकात

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण रविवार से अमेरिका और पेरू की 11 दिवसीय यात्रा पर हैं। इस दौरान वह प्रमुख फंड प्रबंधन फर्मों के सीईओ के साथ बातचीत करेंगी और भारतीय प्रवासियों के कार्यक्रम में भाग लेंगी। वित्त मंत्री 20 से 25 अप्रैल तक सान फ्रांसिस्को और वाशिंगटन डीसी का दौरा करेंगी।

सान फ्रांसिस्को की दो दिवसीय यात्रा के दौरान स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के हूवर इंस्टीट्यूशन में विकसित भारत 2047 की नींव रखने पर एक भाषण देंगी। इसके बाद फायरसाइड चैट सत्र यानी अनौपचारिक वार्तालाप होगा। यहां सीतारमण निवेशकों के साथ एक गोलमेज बैठक के दौरान प्रमुख फंड प्रबंधन फर्मों के शीर्ष सीईओ के साथ बातचीत करेंगी और शीर्ष सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) फर्मों के सीईओ के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी। सान फ्रांसिस्को के भारतीय प्रवासियों के एक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत करेंगी।



**आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठकों में करेंगी शिरकत:** इसके बाद 22 से 25 अप्रैल तक वाशिंगटन डीसी की यात्रा में वह अतंरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की विकासशील देशों में लोगों के जीवन में सुधार लाने वाली सेमिनार, गोलमेज सम्मेलन, प्रेस ब्रीफिंग और आधिकारिक बैठकें वाली स्प्रिंग मीटिंग्स, जी-20 वित्त मंत्रियों और केंद्रीय बैंक गवर्नर (एफएमसीबीजी) की दूसरी बैठक, विकास समिति प्लेनरी, आईएमएफसी प्लेनरी और वैश्विक संप्रभु ऋण गोलमेज (जीएसडीआर) बैठक में भी शिरकत करेंगी। यहां स्प्रिंग मीटिंग्स के दौरान सीतारमण अर्जेंटीना, बहरीन, जर्मनी, फ्रांस, लक्जमबर्ग, सऊदी अरब, यूनाइटेड किंगडम और यूएसए सहित कई देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगी। वह यूरोपीय संघ के वित्तीय सेवाओं के आयुक्त, एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अध्यक्ष, एशियाई अवसंरचना निवेश बैंक (एआईआईबी) के अध्यक्ष, वित्तीय स्वास्थ्य के लिए संयुक्त राष्ट्र महासचिव के विशेष अधिवक्ता (यूएनएसजीएसए) और आईएमएफ के प्रथम उप प्रबंध निदेशक के साथ भी बैठकें करेंगी।

## पेरू में खनन क्षेत्र में अधिक सहयोग के अवसरों की करेंगी तलाश

इसके बाद 26 से 30 अप्रैल तक पेरू की अपनी पहली यात्रा के दौरान वित्त मंत्री वित्त मंत्रालय के अधिकारियों और व्यापार जगत के नेताओं के एक भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगी। लीमा से अपनी यात्रा की शुरुआत करते हुए सीतारमण के पेरू के राष्ट्रपति दीना बोलुआर्ट और प्रधानमंत्री गुस्तावो एड्रियनजेन से मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा वह पेरू के वित्त और अर्थव्यवस्था, रक्षा, ऊर्जा और खान मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगी और दोनों देशों के बीच मजबूत होते द्विपक्षीय आर्थिक और व्यापार संबंधों पर बात होगी। वित्त मंत्री भारत-पेरू व्यापार मंच की अध्यक्षता करेंगी। इसमें दोनों देशों के प्रमुख व्यापार प्रतिनिधि शामिल होंगे। सीतारमण पेरू में काम कर रहे भारतीय निवेशकों और व्यवसायियों के साथ भी बातचीत करेंगी। महत्वपूर्ण खनिजों और कीमती धातुओं की वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में पेरू की अहमियत को देखते हुए बातचीत के दौरान खनन क्षेत्र में अधिक सहयोग के अवसरों की खोज करने की भी उम्मीद है। वित्त मंत्री लीमा में एक सामुदायिक कार्यक्रम में पेरू में रह रहे भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत करेंगी।

# बीसीसीआई ने केंद्रीय अनुबंध की घोषणा की, अय्यर और ईशान की वापसी, पंत को किया प्रोमोट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) केंद्रीय अनुबंध 2024-25 की घोषणा कर दी है। रोहित शर्मा, विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और रविंद्र जडेजा ए+ ग्रेड में बने हुए हैं जबकि श्रेयस अय्यर और ईशान किशन की केंद्रीय अनुबंध में वापसी हुई है। अय्यर को ग्रेड बी और ईशान को ग्रेड सी में रखा गया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत को ग्रेड ए में प्रोमोट किया गया है।

### खिलाड़ी अनुबंध के लिए कैसे योग्य होते हैं?

किसी भी खिलाड़ी के बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध में योग्य होने के लिए एक साल में कम से कम 3 टेस्ट, 8 वनडे या 10 टी20 मैच खेलना जरूरी है। इसके बाद ही खिलाड़ी को केंद्रीय अनुबंध प्राप्त होता है। इसके अलावा बीसीसीआई किसी खिलाड़ी को अनुबंध से बाहर भी रख सकता है।





**ग्रेड ए+**

रोहित शर्मा
विराट कोहली
जसप्रीत बुमराह
रविंद्र जडेजा

**ग्रेड ए**

मोहम्मद सिराज
केएल राहुल
शुभमन गिल
हार्दिक पंड्या
मोहम्मद शमी
ऋषभ पंत

**ग्रेड बी**

सूर्यकुमार यादव
कुलदीप यादव
अक्षर पटेल
यशस्वी जयसवाल
श्रेयस अय्यर

**ग्रेड सी**

रिंकू सिंह
तिलक वर्मा
ऋतुराज गायकवाड़
शिवम दुबे
रवि बिश्नोई
वॉशिंगटन सुंदर
मुकेश कुमार
संजू सैमसन
अर्शदीप सिंह
प्रसीद कृष्ण
रजत पाटीदार
ध्रुव जुरेल
सरफराज खान
नितीश कुमार रेड्डी
इशान किशन
अभिषेक शर्मा
आकाश दीप
वरुण चक्रवर्ती
हर्षित राणा

**वेतन**

ग्रेड ए+ - 7 करोड़ रुपए
ग्रेड ए - 5 करोड़ रुपए
ग्रेड बी - 3 करोड़ रुपए
ग्रेड सी - एक करोड़ रुपए



# आईपीएल 2025 के बाद भी संन्यास नहीं लेंगे धोनी!

**एमआई के खिलाफ हार के बाद दिया बड़ा बयान**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस ने इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के 38वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर जीत की हैट्रिक लगाई. इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस 8 मैचों में 4 जीत और 4 हार के साथ पॉइंट टेबल में छठे स्थान पर है. जबकि चेन्नई सुपर किंग्स इतने ही मैचों में केवल 2 जीत के साथ टेबल में सबसे नीचे है. चेन्नई के खिलाफ जीत के हीरो मुंबई इंडियंस के सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा थे, जिन्होंने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली. उनका बखूबी साथ सूर्यकुमार यादव ने दिया. मैच के चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कुछ चौंकाने वाली बातें कहीं, जिसे सुनकर सभी लोग चौंक गए.

### अगले सीजन में मजबूती से करेंगे वापसी

मैच के बाद सीएसके के कप्तान ने कहा कि हमारी टीम का प्रदर्शन काफी औसत दर्जे का था. उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि मैच के दूसरे हाफ थोड़ा ड्यू आएगा. जसप्रीत बुमराह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ डेथ बॉलर्स में से एक हैं और मुंबई इंडियंस ने अपनी डेथ बॉलिंग जल्दी शुरू कर दी, जिससे हम ज्यादा रन नहीं बना सकें. धोनी ने कहा कि आयुष म्हात्रे ने अच्छी बल्लेबाजी की और अपने शॉट्स का चयन अच्छी तरह से किया. हमें पता था कि पिच पर रन बनाना आसान नहीं होगा. अगर आप शुरुआती ओवरों में ज्यादा रन दे देते हैं तो मुश्किल हो जाती है.

सीएसके के कप्तान ने कहा कि हमें यह समझने की जरूरत है कि हम अच्छी क्रिकेट खेलने के कारण ही सफल होते हैं. हमें बहुत ज्यादा भावुक नहीं होना चाहिए. हमें एक समय में एक मैच पर ध्यान देना होगा और अगर हमें प्लेऑफ में जगह नहीं मिलती है तो अगले सीजन के लिए अपनी रणनीति पर विचार करना होगा. धोनी ने अगले सीजन की बात कहकर यह संकेत दे दिया है कि वह आईपीएल 2026 में खेल सकते हैं.

### धोनी ने अपने बल्लेबाजों को लताड़ा

मैच के बाद धोनी ने कहा कि हमने औसत स्कोर से थोड़े कम रन बनाए. मुंबई ने अपनी डेथ गेंदबाजी जल्दी शुरू कर दी थी. हमें भी जल्द ही स्लॉग शॉट्स खेलने चाहिए थे. उन्होंने स्पिन गेंदबाजी को अच्छे से खेला और हमने कभी भी लड़ने लायक टोटल नहीं बनाया. अगर आप पहले छह ओवर में काफी ज्यादा रन खर्च कर देंगे तो ये मतलब नहीं है कि गेंद अच्छे से बल्ले पर आ रही है. इस हार के साथ सीएसके की प्लेऑफ में पहुंचने की उम्मीद काफी कम हो गई है.

## बेंगलुरु की टॉप चार में वापसी, मुंबई को भी एक स्थान की बढ़त



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस ने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मैच में 9 विकेट से बड़ी जीत दर्ज करते हुए अंक तालिका में छठे स्थान पर आ गई है। वहीं रविवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में जीत दर्ज कर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने तीसरे स्थान पर जगह बनाई है। आरसीबी ने पंजाब किंग्स के खिलाफ 7 विकेट से जीत दर्ज की थी। मुंबई इंडियंस ने लगातार तीसरी जीत दर्ज करते हुए 8 मैचों में 4 जीत के साथ 8 अंक हासिल किए हैं और टीम छठे स्थान पर आ गई है। वहीं चेन्नई की स्थिति अब और खराब हो गई है जो 8 में से 2 ही मैच जीत पाई है और 4 अंक के साथ प्वाइंट टेबल में सबसे नीचे 10वें स्थान पर है।आरसीबी की बात करें तो रविवार को मैच से पहले टीम पांचवें स्थान पर थी लेकिन उन्होंने वापसी की और पंजाब को हराया। बेंगलुरु के 8 मैचों में 5 जीत के साथ 10 अंक हैं और तीसरे स्थान पर पहुंच गई है। पंजाब और लखनऊ सुपर जाइंट्स के भी 8 मैचों में 5 जीत के साथ 10 अंक हैं लेकिन नेट रन रेट के कारण पंजाब चौथे जबकि लखनऊ पांचवें स्थान पर है। गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के भी 10-10 अंक हैं लेकिन उन्होंने 7 में से पांच मैच जीते हैं। गुजरात नेट रन रेट की वजह से पहले स्थान और दिल्ली दूसरे स्थान पर है।
नोटः यह आंकड़े 20 अप्रैल-2025 तक के है।

## आईपीएल लीडिंग रन स्कोरर में रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर धवन का रिकॉर्ड टूटा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली 8326 रनों के साथ पहले स्थान पर काबिज हैं। लेकिन दूसरे नंबर पर मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा ने बाजी मार ली है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ वानखेड़े के मैदान पर खेले गए रोमांचक मुकाबले के दौरान रोहित ने 73 रन बनाकर अपने आईपीएल स्कोर को 6786 रनों पर ला खड़ा किया। इसी के साथ उन्होंने शिखर धवन (6769 रन) को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर 6565 रनों के साथ चौथे और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व खिलाड़ी सुरेश रैना 5528 रनों के साथ पांचवें स्थान पर हैं। कोहली की निरंतरता और रन बनाने की क्षमता ने उन्हें आईपीएल इतिहास में सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक बनाया है।

### 20 प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड मिले

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स 25 अवॉर्ड्स के साथ पहले स्थान पर हैं। उनके बाद वेस्टइंडीज के विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल 22 अवॉर्ड्स के साथ दूसरे स्थान पर हैं। अब इस लिस्ट में तीसरे नंबर पर मुंबई इंडियंस के रोहित शर्मा (20 अवॉर्ड्स) आ गए हैं। रोहित के बाद रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के स्टार विराट कोहली 19 अवॉर्ड्स के साथ चौथे, जबकि ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर और चेन्नई सुपर किंग्स के पूर्व कप्तान एमएस धोनी 18-18 अवॉर्ड्स के साथ संयुक्त रूप से पांचवें स्थान पर हैं।

## नेपाल की यह 24 साल की महिला क्रिकेटर अपनी खूबसूरती से बनीं इंटरनेट सेंसेशन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** नेपाल महिला क्रिकेट टीम की प्लेयर अश्मिना कर्माचार्य खेल के आलावा अपनी सुंदरता के लिए सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. उन्होंने अपने करियर में 23 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले हैं.2022 में अंतर्राष्ट्रीय डेब्यू करने वाली अश्मिना कर्माचार्य ने नेपाल क्रिकेट टीम के लिए कुल 23 मैच खेले हैं, जिसमें उन्होंने 18 विकेट लिए हैं. अश्मिना कर्माचार्य का जन्म 28 अप्रैल, 2000 को हुआ था. वह अगले हफ्ते अपना 25वां जन्मदिन मनाएंगी. इंस्टाग्राम पर भी एक्टिव रहने वाली अश्मिना कर्माचार्य सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. वह क्रिकेट पिक्चर के साथ अपने पारंपरिक पोशाक में भी फोटो शेयर करती रहती हैं.इंस्टाग्राम पर भी एक्टिव रहने वाली अश्मिना कर्माचार्य सोशल मीडिया पर छाई रहती हैं. वह क्रिकेट पिक्चर के साथ अपने पारंपरिक पोशाक में भी फोटो शेयर करती रहती हैं. यूगांडा के खिलाफ 2022 में डेब्यू करने वाली अश्मिना कर्माचार्य ने अपना आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच 14 फरवरी 2024 को कुवैत महिला टीम के साथ खेला था. वह इंस्टाग्राम पर अपने स्टाइलिश लुक के फोटोज भी शेयर करती हैं, जो फैंस को भी पसंद आती है. फैंस कमेंट के माध्यम से उनकी सुंदरता की तारीफ करते हैं. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के आलावा अश्मिना कई टी20 लीग भी खेल चुकी हैं. वह नेपाल में खेली जाने वाली पोखर्रा प्रीमियर लीग में बिराटनगर टाइटंस के लिए खेलती थी. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट के आलावा अश्मिना कई टी20 लीग भी खेल चुकी हैं. वह नेपाल में खेली जाने वाली पोखर्रा प्रीमियर लीग में बिराटनगर टाइटंस के लिए खेलती थी.

# बाबुता के बाद रूद्रांक्ष-आर्या की जोड़ी का दिखा जलवा, पेरू शूटिंग विश्व कप में जीता रजत पदक

**लीमा (पेरू), एजेंसी।** रूद्रांक्ष और आर्या की जोड़ी को फाइनल में नार्वे के जोन हरमान हेग और जीनेटे हेग ड्यूस्टैड से 11-17 से हार मिली। रूद्रांक्ष पाटिल और आर्या बोरसे की 10 मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता जबकि पेरिस ओलंपिक में भाग ले चुके भारतीय निशानेबाज अर्जुन बाबुता यहां आईएसएसएफ विश्व कप में पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा में मामूली अंतर से स्वर्ण पदक से चूक गए जिससे उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।






### फाइनल में हारे रुद्रांक्ष और आर्या

रूद्रांक्ष और आर्या की जोड़ी को फाइनल में नार्वे के जोन हरमान हेग और जीनेटे हेग ड्यूस्टैड से 11-17 से हार मिली। इससे पहले पिछले साल पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे बाबुता (252.3) रोमांचक फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन चीन के शेंग लिहाओ (252.4) से सिर्फ 0.1 अंक से हार गए। विश्व कप में 40 से अधिक पदक जीत चुके हंगरी के निशानेबाज इस्तवान पेनी ने 229.8 के कुल स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता।

### तकनीकी खराबी से पाटिल चूके

फाइनल में कई स्टार निशानेबाज पहुंचे थे जिनमें मौजूदा विश्व चैंपियन और पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन, नॉर्वे के जॉन-हरमन हेग और भारत के पूर्व विश्व चैंपियन रुद्रांक्ष पाटिल शामिल थे। भारत के पास दो पदक जीतने का मौका था, लेकिन दुर्भाग्य से तकनीकी खराबी के कारण पाटिल को जूरी ने अपना 11वां शॉट नहीं लेने दिया। इस तरह से यह भारतीय निशानेबाज पहले एलिमिनेशन चरण में हारकर आठवें स्थान पर रहा।

### फाइनल में क्या हुआ था

फाइनल में बाबुता और पाटिल दोनों ने समान 10.1 के साथ मजबूत शुरुआत की। पाटिल ने पिछले सप्ताह ब्यूनस आयर्स में विश्व कप में स्वर्ण पदक जीता था, लेकिन इस बार भाग्य उनके साथ नहीं था और उन्हें फाइनल के शुरू बाहर होना पड़ा। पाटिल के बाहर हो जाने के बावजूद बाबुता शांत रहे और उन्होंने 14वें शॉट के बाद पहली बार बढ़त ले ली। शेंग ने इसके बाद अच्छी वापसी की।

## भारतीय महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया रवाना, कप्तान सलीमा टेटे ने कहा- प्रो लीग की तैयारी के लिए अहम दौरा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भारतीय महिला हॉकी टीम रविवार रात बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से पांच मैचों की फ्रेंडली सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया के पर्थ शहर के लिए रवाना हुई। टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने कहा कि यह दौरा यूरोप में होने वाली प्रो लीग प्रतियोगिता की तैयारी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इस दौरे की शुरुआत 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए टीम के खिलाफ दो मैचों से होगी। इसके बाद 1, 3 और 4 मई को ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम (जो दुनिया में पांचवें स्थान पर है) के साथ तीन ज़रूरी मैच खेले जाएंगे। ये सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में होंगे। 26 खिलाड़ियों की टीम का नेतृत्व मिडफिल्डर सलीमा टेटे कर रही हैं और अनुभवी फॉरवर्ड नवनीत कौर उप-कप्तान हैं। यह दौरा जून से शुरू हो रही एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी के लिए काफी अहम माना जा रहा है। रवाना होने से पहले सलीमा ने कहा, मेरे लिए यह गर्व की बात है कि मैं इस दौरे पर टीम की कप्तानी कर रही हूं। हमने बेंगलुरु के राष्ट्रीय कैंप में बहुत मेहनत की है और सभी खिलाड़ी इस चुनौती के लिए उत्साहित हैं। ऑस्ट्रेलिया ए और सीनियर टीम के खिलाफ खेलकर हम अपनी रणनीतियों को परख सकेंगे और एक बेहतर टीम बन पाएंगे। यह दौरा प्रो लीग से पहले हमारी तैयारी को मजबूत करेगा। उप-कप्तान नवनीत कौर ने कहा, टीम में आत्मविश्वास और एकजुटता है। हमने हाल ही में प्रो लीग में अच्छा प्रदर्शन किया और इससे हमें काफी हौसला मिला है। यह दौरा हमें खासकर फिनिशिंग और खेल में बदलाव के पहलुओं पर सुधार करने का मौका देगा। इससे हम अपने साल भर के बड़े लक्ष्यों की ओर आगे बढ़ पाएंगे। भारतीय टीम हाल ही में भुवनेश्वर में खेली गई एफआईएच प्रो लीग में विश्व की नंबर 1 टीम नीदरलैंड को 2-2 से बराबरी पर रोक चुकी है और पेनल्टी शूटआउट में एक बोनस अंक भी हासिल किया था। टीम इसी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेगी। इस दौरे पर कई युवा खिलाड़ियों को पहली बार सीनियर टीम में जगह मिली है।



# मालविका मोहनन ने खोले साउथ इंडस्ट्री के राज

**मालविका मोहनन ने साउथ और बॉलीवुड इंडस्ट्री के बीच के अंतर को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने महिलाओं को लेकर इंडस्ट्री के दर्शकों की सोच के बारे में भी खुलासा किया। जानिए एक्ट्रेस ने क्या कुछ बताया।**

अभिनेत्री मालविका मोहनन साउथ के साथ-साथ बॉलीवुड में भी लगातार काम कर रही हैं और वो दोनों ही इंडस्ट्री में संतुलन बनाए हुए हैं। इसलिए उन्होंने दोनों इंडस्ट्री के बारे में बात की और बताया कि दोनों इंडस्ट्री कितनी वास्तविक हैं और दर्शक महिलाओं को किस तरह से देखते हैं। उन्होंने बॉडी रिवीलिंग और जूम करके शरीर के अंगों को दिखाए जाने पर भी बात की। साथ ही उन्होंने एक अभिनेत्री के तौर पर दोनों इंडस्ट्री में उनसे क्या उम्मीद की जाती है, इस बारे में भी खुलकर बात की।

## अभिनेत्री ने बताया साउथ और बॉलीवुड में अंतर

हाल ही में हॉटरफ्लाई के साथ बातचीत के दौरान मालविका मोहनन ने बॉलीवुड और साउथ इंडस्ट्री में अंतर और दोनों जगह महिलाओं व अभिनेत्रियों को लेकर लोगों की सोच के बारे में बात की। अभिनेत्री ने कहा, हर इंडस्ट्री में महिलाओं के शरीर को लेकर अलग-अलग विचार हैं। अगर मैं थोड़ा वजन बढ़ा लेती हूं और काम के लिए मुंबई आती हूं, तो मेरा मैनेजर कहता है, 'तुमने थोड़ा वजन बढ़ा लिया है? तुमने एक्सरसाइज करना बंद कर दिया है?' वहीं अगर मैं फिट हूं और मेरे एब्स बने हों, फिर मैं चेन्नई में हूँ, तो वे कहेंगे, ओह, तुमने अपना मोटापा कम कर लिया है, जब तुम्हारा मोटापा था तब तुम और भी सुंदर दिखती थी। महिलाओं के शरीर पर इतनी बार टिप्पणी की जाती है कि एक समय पर मैं भ्रमित हो जाती थी, क्या मुझे फिट होना चाहिए, क्या मुझे सुडौल होना चाहिए? हालांकि, अब मैं उस मुकाम पर पहुंच गई हूं जहां मैं कहती हूं, स्वस्थ रहो, फिट रहो।

# जाट की सफलता से गदगद सनी देओल, बोले- वादा करता हूं, पार्ट 2 और बेहतर होगी

अभिनेता सनी देओल की हालिया रिलीज 'जाट' का बॉक्स ऑफिस पर जादू जारी है। फिल्म 65 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर चुकी है। अभिनेता ने अपनी सफलता का श्रेय प्रशंसकों को देते हुए कहा कि उनके प्यार और भावनाओं ने ही 'जाट' को सफल बनाया है। इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर करते हुए सनी देओल ने प्रशंसकों का आभार जताते हुए लिखा, आपका प्यार ही मेरी ताकत है और आप सबका जोश ही मेरी सफलता है। सनी देओल ने आगे लिखा, 'जाट' को प्यार करते रहिए।



मैं 'जाट' और सिनेमा का जश्न मनाते हुए आप सभी के वीडियो देखकर अभिभूत हूं! उन्हें मेरे साथ शेयर करते रहिए, आपके प्यार और भावनाओं ने ही 'जाट' को सफल बनाया है। शेयर किए गए वीडियो में सनी देओल ने वादा किया कि 'जाट 2' और भी बड़ी और बेहतर होगी। खूबसूरत वादियों में टहलते नजर आए अभिनेता ने कहा, आपने मेरी फिल्म 'जाट' को इतना प्यार दिया है, मैं वादा करता हूं कि 'जाट 2' और भी बेहतर होगी। मैं अक्सर पहाड़ों पर आ जाता हूं, क्योंकि मुझे प्रकृति के बीच अच्छा लगता है। मैं कुछ दिनों में 'बॉर्डर 2' की शूटिंग के लिए निकल जाऊंगा। लव यू।


सनी देओल ने हाल ही में प्रशंसकों को बताया कि ''जाट 2' नए मिशन के साथ आ रही है। अपकमिंग एक्शन फिल्म का निर्देशन भी गोपीचंद मलिनेनी करेंगे। वहीं, पोस्टर में निर्माता नवीन यरनेनी, रविशंकर वाई और टीजी विश्व प्रसाद के नाम भी उजागर किए गए। 'जाट 2' का निर्माण भी मैत्री मूवी मेकर्स प्रोडक्शन हाउस करेगा। फिल्म के सीक्वल में सनी देओल की पुष्टि हुई है। हालांकि, अन्य कलाकारों के बारे में निर्माताओं ने जानकारी नहीं दी है। जाट का निर्देशन गोपीचंद मलिनेनी ने किया है। सनी देओल के साथ फिल्म में रणदीप हुड्डा, विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म में अभिनेता रणदीप हुड्डा खतरनाक खलनायक रणतुंगा के किरदार में हैं।

# तय समय पर रिलीज नहीं होगी विजय देवरकोंडा की किंगडम?

विजय देवरकोंडा की किंगडम मई में रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं, लेकिन अब खबर है कि पोस्ट-प्रोडक्शन के काम में देरी के कारण फिल्म की रिलीज डेट को आगे बढ़ा दिया गया है। विजय देवरकोंडा इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित एक्शन थ्रिलर फिल्म किंगडम को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का पहला टीजर जारी किया था, जिसके बाद से फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर और उत्साह बढ़ गया। हालांकि, अब लगता है कि फिल्म की रिलीज पर संकट आ गया।

**फिल्म की रिलीज में हो सकती है देरी:** विजय देवरकोंडा ने जर्सी के निर्देशक गौतम तिन्नानुरी के साथ किंगडम के लिए हाथ मिलाया। यह फिल्म एक साल से अधिक समय से बन रही है और 30 मई, 2025 को स्क्रीन पर आने के लिए पूरी तरह तैयार है, लेकिन ताजा चर्चा के अनुसार, किंगडम की रिलीज को टाला जा सकता है। इसके कई कारण हैं, लेकिन फिल्म के साथ सबसे बड़ी समस्या संगीत है।

**इस वजह से फिल्म में हो रही देरी:** अनिरुद्ध किंगडम के लिए संगीत तैयार कर रहे हैं और उन्हें अभी बैकग्राउंड स्कोर तैयार करना है। उन्हें अभी बहुत सारा काम पूरा करना है, और चूंकि वे कई प्रोजेक्ट्स में व्यस्त हैं, इसलिए उन्हें विजय की फिल्म के लिए समय नहीं मिल पा रहा है। ओटीटी प्ले के अनुसार, निर्माता थोड़े चिंतित हैं, क्योंकि उन्होंने किंगडम के लिए भारत भर में व्यापक प्रचार की योजना बनाई है और यदि वे तारीख से चूक जाते हैं तो उन्हें अगस्त 2025 की ओर देखना होगा, क्योंकि मई और जून में अन्य तेलुगु बड़ी फिल्में रिलीज होंगी।





# रामायण की शूटिंग शुरू करने जा रहे यश, नितेश तिवारी की फिल्म पर आया ये बड़ा अपडेट

नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही फिल्म रामायण को लेकर एक बड़ा अपडेट आया है। एक रिपोर्ट के अनुसार यश इस फिल्म की शूटिंग जल्द ही शुरू करने जा रहे हैं।

भारतीय सिनेमा की सबसे चर्चित फिल्म 'रामायण' काफी समय से चर्चा में है। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही इस फिल्म में यश, रणबीर कपूर, सनी देओल और साई पल्लवी जैसे सितारे नजर आएंगे। ताजा अपडेट के मुताबिक यश इस हफ्ते मुंबई में रावण के किरदार के लिए शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। वह इस फिल्म के सह-निर्माता भी हैं। 'रामायण' को दो भाग में दर्शकों के सामने पेश किया जाएगा, जिसका पहला भाग दीवाली 2026 और दूसरा दीवाली 2027 में रिलीज होगा।

## कब शुरू होगी शूटिंग?

रिपोर्ट के अनुसार यश ने अपनी दूसरी फिल्म 'टॉक्सिक' का एक बड़ा शेड्यूल पूरा कर लिया है और अब वह 'रामायण' की शूटिंग इस हफ्ते से शुरू करने के लिए तैयार हैं। अपनी हर नई फिल्म की शुरुआत मंदिर दर्शन से करने की परंपरा को निभाते हुए यश उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन करेंगे। मुंबई में होने वाली इस शूटिंग में यश अपने सोलो सीन पर काम करेंगे। निर्माताओं ने पैन-इंडिया स्टार यश के स्वागत के लिए खास सेट तैयार किया है। यह शेड्यूल अप्रैल के अंत से शुरू होकर करीब एक महीने तक चलेगा, जिसके बाद यश 'टॉक्सिक' की शूटिंग में वापस लौटेंगे।

# पंजाबी हीरोइनों को गलत रास्ता दिखाने वाले पर आगबबूला हुईं हिमांशी

पंजाबी अभिनेत्री हिमांशी खुराना ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक स्टोरी साझा करते हुए एक शख्स को जमकर लताड़ लगाई। हिमांशी ने उस पर अभिनेत्रियों को नई लड़कियों को गुमराह करने का आरोप लगाया। अभिनेत्री और बिग बॉस 13 फेम हिमांशी खुराना ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्टज में उन्होंने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े एक शख्स पर निशाना साधा और उस पर उनके नाम का इस्तेमाल करते हुए युवा लड़कियों और महत्वाकांक्षी अभिनेत्रियों को गुमराह करने का आरोप लगाया। हालांकि, उन्होंने उस व्यक्ति का नाम नहीं लिया। अभिनेत्री ने उस व्यक्ति को मूर्ख सहित कई कड़े शब्द कहे।



## हिमांशी खुराना ने क्या लिखा?

हिमांशी खुराना ने रविवार रात को अपने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर पंजाबी में लिखा, 'पंजाबी इंडस्ट्री में एक मूर्ख है, वह बेहद घिनौना, बेशर्म और बेकार इंसान है जो हमारे सभी कलाकारों के बीच घूमता रहता है दावा करता है कि वह उन्हें गानों और फिल्मों में काम दिलवाएगा। वह उनकी निजी जानकारी का दुरुपयोग करता है। मुझे पता चला कि वह लंबे समय से मेरे बारे में बात कर रहा है और नई लड़कियों को यह कहकर गुमराह कर रहा है कि सभी जाने-माने पंजाबी कलाकार उसके नियंत्रण में हैं।'

धोखाधड़ी मामले में बेगूसराय कोर्ट ने भेजा समन

# अभिनेत्री अक्षरा सिंह की मुश्किलें बढ़ीं



**भोजपुरी** फिल्मों की अभिनेत्री अक्षरा सिंह का विवादों से पुराना नाता रहा है। एक्टिंग और अपने गीतों से दर्शकों के दिलों पर जादू चलाने वाली अक्षरा अब नई मुश्किल में फंस चुकी हैं। धोखाधड़ी के एक मामले में बेगूसराय कोर्ट ने उन्हें समन भेजा है। दरअसल, अक्षरा सिंह भोजपुरी इंडस्ट्री की उन कलाकारों में से हैं जो चंद घंटों के शो के लिए लाखों रुपए की फीस लेती हैं। साल 2023 में बिहार के समस्तीपुर में दुर्गा पूजा समारोह में उन्हें परफॉर्म करने के लिए बुलाया गया था। आयोजकों ने उन्हें पांच लाख रुपए भी दिए थे। उन्हें तीन घंटे की प्रस्तुति देनी थी, लेकिन वह आधे घंटे बाद ही कार्यक्रम छोड़कर चली गईं। अभिनेत्री इस बात से नाराज थीं कि दर्शकों ने उन पर पैसे फेंके। हालांकि, आयोजकों ने उन्हें समझाने की पूरी कोशिश की, लेकिन अभिनेत्री ने आयोजकों की एक न सुनी और कार्यक्रम स्थल से चली गईं। इसके बाद जब आयोजकों द्वारा अभिनेत्री से पैसे वापस लेने की बात की गई तो उन्होंने बकाया लौटाने से मना कर दिया। अधिवक्ता प्रमोद कुमार ने समाचार एजेंसी से कहा कि बेगूसराय के लोक गायक शिवेश मिश्रा ने 2023 में बेगूसराय कोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर अदालत ने संज्ञान लेते हुए अभिनेत्री अक्षरा सिंह और उनके पिता को समन जारी किया है। वकील ने बताया कि शिवेश मिश्रा ने समस्तीपुर में साल 2023 में दुर्गा पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें अक्षरा को बुलाया गया था।

अक्षरा तीन घंटे की प्रस्तुति देने की बजाय कार्यक्रम स्थल से आधे घंटे में ही चली गईं। उन्होंने बताया कि अभिनेत्री के अचानक जाने से आयोजकों को काफी नुकसान हुआ। उन्होंने नुकसान की भरपाई करने के लिए अक्षरा सिंह से संपर्क साधा। लेकिन, अभिनेत्री ने पैसे लौटाने से मना कर दिया। अब अदालत ने उन्हें समन भेजा है। वकील के अनुसार, अभिनेत्री पर सीधे तौर पर धोखाधड़ी का मामला बना है।

# रजनीकांत स्टारर कुली के लिए श्रुति हासन ने शुरू की डबिंग

**रजनीकांत** स्टारर अपकमिंग फिल्म कुली की शूटिंग पूरी करने के बाद अभिनेत्री श्रुति हासन फिल्म की डबिंग के लिए जुट चुकी हैं। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर श्रुति ने हेडफोन पहने हुए स्टूडियो से एक तस्वीर शेयर की, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, डबिंग टाइम। लोकेश कनगराज के निर्देशन में बनी इस ड्रामा के लिए पोस्ट-प्रोडक्शन का काम जोरों पर है। हाल ही में, कन्नड़ अभिनेता उपेंद्र ने पहली बार पुष्टि की कि कुली में उनके और रजनीकांत के साथ कॉम्बिनेशन सीन हैं। निर्देशक लोकेश कनकराज की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'कुली' की रिलीज डेट का निर्माताओं ने हाल ही में ऐलान किया। सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर कर निर्माताओं ने बताया कि फिल्म इस साल 14 अगस्त को दुनियाभर में रिलीज होगी। फिल्म का निर्माण करने वाले प्रोडक्शन हाउस सन पिक्चर्स ने एक्स के जरिए यह घोषणा की। इसमें लिखा, कुली 14 अगस्त से दुनियाभर में रिलीज होगी। कुली एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें रजनीकांत, श्रुति हासन के साथ तेलुगू स्टार नागार्जुन, कन्नड़ स्टार उपेंद्र, सोबिन शाहिर और सत्यराज जैसे बड़े कलाकार नजर आएंगे। बॉलीवुड स्टार आमिर खान भी इस फिल्म में कैमियो करते नजर आएंगे। हालांकि, निर्माताओं ने अभी तक इस अटकल की पुष्टि नहीं की है।



फिल्म में रेबा मोनिका जॉन और जूनियर एमजीआर भी प्रमुख भूमिका में हैं। इसके साथ ही हाल ही में अभिनेत्री पूजा हेगड़े की भी एंट्री हुई है। सन पिक्चर्स ने फिल्म का निर्माण किया है। कुली का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर ने तैयार किया है। इस फिल्म ने कई कारणों से लोगों की दिलचस्पी जगाई है। उनमें से एक यह है कि इस फिल्म में अभिनेता सत्यराज और रजनीकांत लगभग 38 साल बाद एक साथ काम करते हुए नजर आएंगे। दोनों आखिरी बार सुपरहिट तमिल फिल्म मिस्टर भारत में साथ नजर आए थे। यह फिल्म 1986 में रिलीज हुई थी।

# अभिनव को धमकी देने वालों को रुबीना दिलैक की चेतावनी

टीवी अभिनेता अभिनव शुक्ला को कथित तौर पर एक सोशल मीडिया यूजर ने जान से मारने की धमकी दी है। यूजर ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह का हिस्सा होने का दावा किया।

टीवी अभिनेता अभिनव शुक्ला को कथित तौर पर एक सोशल मीडिया यूजर ने जान से मारने की धमकी दी है। यूजर ने खुद को गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गिरोह का हिस्सा होने का दावा किया। यह धमकी उनकी पत्नी रुबीना दिलैक और आसिम रियाज के बीच हुए झगड़े के बाद मिली है। अब अभिनेत्री ने इस धमकी पर प्रतिक्रिया दी और धमकी देने वालों को चेतावनी देते हुए उनके व्यवहार की आलोचना की है।

## रुबीना दिलैक ने दी चेतावनी

अभिनेत्री रुबीना दिलैक ने उनके पति अभिनव को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद इस मामले पर अपना रिएक्शन दिया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक मैसेज का सक्रीनशॉट शेयर किया है। कथित तौर पर यूजर आसिम रियाज का प्रशंसक है। उन्होंने उसके व्यवहार की आलोचना करते हुए गुस्से में लिखा, 'मेरी खामोशी मेरी कमजोरी नहीं है! मेरे धैर्य की परीक्षा मत लो।' अभिनव ने भी एक



ऐसे ही मैसेज का स्क्रीनशॉट शेयर करते हुए लिखा, 'यह सब एक शो में असहमति के लिए है।'

## अभिनव को मिली जान से मारने की धमकी

एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक शो 'बैटलग्राउंड' में अभिनव की पत्नी रुबीना और रैपर आसिम के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद कथित तौर पर उनके पति अभिनत को जान से मारने की धमकी दी गई। आसिम और रुबिना के इस एपिसोड के सामने आने के बाद अभिनव को सोशल मीडिया पर निशाना बनाया गया। उन्हें सलमान खान के घर पर हाल ही में हुई गोलीबारी की घटना का हवाला देते हुए धमकी दी गई। अभिनव ने अपने एक्स अकाउंट पर एक स्क्रीनशॉट और वीडियो की एक सीरीज शेयर की, जिसमें यह दिखाई दे रहा था कि यह धमकी भरा संदेश अंकुश गुप्ता नाम के एक यूजर द्वारा इंस्टाग्राम पर भेजा गया था।

## कैसे शुरू हुआ विवाद?

रुबीना और आसिम के बीच तनाव बैटलग्राउंड शो के दौरान शुरू हुआ। इस शो में दोनों पैनलिस्ट के तौर पर मौजूद थे। शो में दोनों के बीच कई बार बहस हुई। आसिम ने बार-बार रुबीना के अधिकार पर सवाल उठाए और एक मौके पर कथित तौर पर ऑन-कैमरा उन्हें अपमानित भी किया। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'इंजेक्शन से भरे शरीर, दिमाग की कमी और खराब रवैया फिटनेस की निशानी नहीं है।' रिपोर्ट्स के मुताबिक शो में एक और पैनलिस्ट अभिषेक मल्हान (फुकरा इंसान) के साथ भी आसिम की तीखी बहस हुई, जिसके बाद असीम को शो से हटा दिया गया।

साभार एजेंसी